CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-02-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRFP User: cci Time: 02-23-2026 22:46 Color:

नई दिल्ली > मंगलवार, 24 फरवरी 2026 > फाल्गुन 5, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ल अष्टमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 47 > पेज 16* > फरीदाबाद > मूल्य ₹3.50 या ₹8.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



पीएम तारिक ने बांग्लादेश की सेना में किया बड़ा फेरबदल

▸p12



अवॉर्ड जीता

मणिपुरी फिल्म को बेस्ट चिल्ड्रंस एंड फैमिली अवॉर्ड

# 'बाफ्टा' में 'मणि' बनकर चमकी 'बूंग'



फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के बैनर तले बनी फिल्म बूंग। डायरेक्टर है लक्ष्मीप्रिया देवी।

Upma.Singh@timesofindia.com

■ मुंबई: मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉर्ड्स 2026 जीत लिया है। बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटिगरी में पुरस्कार मिला है। इस कैटिगरी में जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म है। अवॉर्ड जीतने पर फिल्म डायरेक्टर लक्ष्मीप्रिया देवी ने कहा, यहां तक पहुंचने की राह मेरे लिए पहाड़ की चोटी पर पहुंचने वाले उन आखिरी कदमों की तरह थी, जिस पर चढ़ाई का अहसास भी नहीं था। ये फिल्म ऐसी जगह से है, जो बहुत अस्थिर, उपेक्षित और अनदेखी रही है, मेरा घर मणिपुर। इस मौके पर प्रार्थना करती हूं कि मणिपुर में शांति लौट आए। वहां के ये सभी विस्थापित बच्चे, हमारी फिल्म के बाल कलाकारों सहित अपनी खुशियों, मासूमियत और सपनों को वापस जी सकें। हमारे लिए यह सिर्फ अवॉर्ड नहीं है, अपनी उम्मीद को जिंदा रखने का मंच भी है। उनकी ये स्पीच सभी को भावुक कर गई। फिल्म स्कूली बच्चे बूंग के बहाने न सिर्फ मणिपुर में हिंसा, विस्थापन और अधूरे परिवारों का दर्द दिखाती है, बल्कि प्यार, भाईचारे और इंसानियत की यह सीख देती है।

## इंसानियत सिखाती मासूमियत

बूंग, शरारती स्कूली बच्चे बृजेंद्रो उर्फ बूंग (गुगुन किपगेन) की कहानी है, जो मणिपुर की सीमा पर राजनीतिक अस्थिरता और नस्लीय तनाव के बीच अपनी सिंगल मां मंदाकिनी (बाला हिजाम) के साथ रहता है। पिता एल जॉय कुमार कुछ साल पहले काम के सिलसिले में दोनों को छोड़कर चले गए थे। बूंग पिता को ढूंढकर मां को सबसे बड़ी खुशी देना चाहता है। पिता के ना होने से बूंग और उसकी मां को लोगों के ताने सुनने पड़ते है। फिल्म मणिपुर में हिंदी फिल्मों के बैन जैसे मुद्दों पर भी टिप्पणी करती है। बूंग की चंचलता और मासूमियत इतना सबकुछ करती है कि उससे प्यार हो जाना लाजमी है।

यह वास्तव में खुशी का क्षण है, खासकर मणिपुर के लिए। ये देश की रचनात्मक प्रतिभा को भी उजागर करती है।
- नरेन्द्र मोदी, पीएम

बूंग का प्रीमियर टोरंटो इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 के डिस्कवरी सेक्शन में हुआ था।

मुकद्दस रमज़ान
इफ्तार मंगलवार
सुन्नी 6:17 PM
शिया 6:29 PM
सहरी बुधवार
सुन्नी 5:33 AM
शिया 5:22 AM

आज का मैच 20 20

इंग्लैंड Vs पाकिस्तान

कैंडी, श्रीलंका, शाम 7 बजे से

टेलिकास्ट : स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 9 और 10

## फटाफट खबरें

### गुड़गांव में रोडरेज, रि. कर्नल को पीटा

सेक्टर-50 में नशे में धुत युवकों ने रिटायर्ड कर्नल से मारपीट की और कार के शीशे तोड़ दिए। भीड़ जुटती देख आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ▸▸ फरीदाबाद टाइम्स

### पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का निधन

कभी टीएमसी के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले और पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का रविवार देर रात यहां निजी अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे और बीमार चल रहे थे।

## हैपी मॉर्निंग

चिंटू : भाई, मैंने आज से जिम जाना शुरू कर दिया है।
गप्पू : अरे वाह! पहले दिन क्या किया?
चप्पू : बस 2 घंटे 'मिरर सेल्फी' ली और वर्कआउट वाले गानों की प्लेलिस्ट बनाई। एक्सरसाइज तो अगले महीने से करूंगा, अभी 'वाइब' सेट कर रहा हूं।

## युवराज को इंसाफ का इंतजार



38 दिन बाद भी SIT रिपोर्ट नहीं

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,294.66 (+479.96) |
| निफ्टी | 25,713 (+141.75) |
| रुपया/US डॉलर | 90.7461 (-0.2057) |
| रुपया/यूरो | 107.3042 (+0.3982) |

स्रोत : रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

## सराफा

| | |
|---|---|
| सोना प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹ 1,62,800 (+3,300) |
| चांदी प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹ 2,64,000 (+8,000) |

## मौसम

अधिकतम तापमान 30.5°

11.8° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त मंगलवार 6:17 | सूर्योदय बुधवार 6:53

आज अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम 13 डिग्री रह सकता है।

# आतंक पर देश की पहली नीति 'प्रहार'


**आतंक से** निपटने को गृह मंत्रालय ने जारी की एंटी-टेरर पॉलिसी | **सीमापार खतरों** और इंटरनेट पर कट्टरपंथियों पर कसेगी शिकंजा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**केंद्रीय गृह** मंत्रालय ने सोमवार को 'प्रहार' (PRAHAAR) नाम से देश की पहली एंटी-टेरर पॉलिसी जारी की। PRAHAAR सीमा पार से बढ़ते आतंकी खतरों, ड्रोन हमलों और साइबर आतंकवाद जैसी नई चुनौतियों के बीच सुरक्षा रणनीति को और मजबूत करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को भारत की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी नीति जारी की। आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया है। प्रहार का उद्देश्य देश में खुफिया जानकारी के आधार पर चरमपंथी हिंसा की रोकथाम और इसे निष्क्रिय करने पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य आतंकियों, उनके विश्लेषकों और समर्थकों को धन, हथियार और सुरक्षित ठिकानों तक पहुंच से वंचित करना है।

**जिहाद के महिमामंडन को रोकने की रहेगी कोशिश**

PRAHAAR के बारे में लिखा है कि कुछ पड़ोसी देशों ने आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति के एक औजार के रूप में इस्तेमाल किया है। फिर भी भारत आतंकवाद को किसी खास धर्म, जाति, देश या सभ्यता से जोड़कर नहीं देखता। नीति में कहा गया है कि आतंकी इंटरनेट का इस्तेमाल आपस में संपर्क, संगठन में भर्ती और जिहाद के महिमामंडन के लिए करते हैं। सरकार ने नीति में भारत की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई है।



### क्या है PRAHAAR

- **P** प्रिवेंशन: भारतीय नागरिकों और हितों की रक्षा के लिए आतंकी हमलों की रोकथाम
- **R** रिस्पॉन्स: खतरे के अनुरूप और तुरंत रिएक्शन देना
- **A** एग्रीगेशन ऑफ कैपेसिटीज: सरकारी दृष्टिकोण में तालमेल हो, आंतरिक क्षमताओं का एकीकरण
- **H** ह्यूमन राइट्स एंड रुल ऑफ लॉ: खतरे कम करने को मानवाधिकार और 'रुल ऑफ लॉ' पर केंद्रत प्रक्रियाएं
- **A** अटेन्यूएटिंग रेडिकलाइजेशन: आतंक को बढ़ावा देने वालों पर कंट्रोल, कट्टरपंथ भी शामिल है।
- **A** अलाइनिंग इंटरनैशनल एफर्ट्स: आतंक के खिलाफ इंटरनैशनल कोशिशों का नेतृत्व और समन्वय।
- **R** रिकवरी एंड रेसिलिएंस: सामूहिक सामाजिक मजबूती के साथ हमले से रिकवरी और सहनशीलता।

### 3 ढेर, 90 आतंकियों की तलाश जारी

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में रविवार को सेना के 326 दिनों तक चले एक खास ऑपरेशन में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकियों को मार गिराया गया। सूत्रों का कहना है कि अभी भी जम्मू-कश्मीर में करीब 90 पाकिस्तानी आतंकी छिपे हुए हैं। CRPF, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस अभियान चला रही है।

## भारतीय नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने की सलाह

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ईरान और अमेरिका में बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत सरकार ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों के लिए फिर से अडवाइजरी जारी की है। सलाह दी गई है कि वो कमर्शल फ्लाइट समेत मौजूदा उपलब्ध साधनों का इस्तेमाल कर ईरान छोड़ दें। इनमें छात्रों, तीर्थयात्रियों, व्यापारियों और टूरिस्ट समेत सभी भारतीयों को ईरान छोड़ने के लिए कहा गया है। इमरजेंसी कॉन्टैक्ट हेल्पलाइन के लिए मोबाइल नंबर +989128109115, +989128109109 दिए गए हैं।



## मेक्सिको में हिंसा भड़की, भारत का अलर्ट जारी



मेक्सिको का सबसे बड़ा ड्रग माफिया 'एल मेंचो' मारा गया

पूरी खबर पढ़ें पेज- 12

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: मेक्सिको के सबसे बड़े ड्रग माफिया एल मेंचो को मेक्सिकन सिक्योरिटी फोर्स ने मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद कई राज्यों में हिंसक विरोध प्रदर्शन देखने को मिले। इन सबके बीच मेक्सिको में भारतीय दूतावास ने वहां रह रहे भारतीय लोगों के लिए अलर्ट जारी किया है कि अपने आस-पास का ध्यान रखें। घर से बाहर न निकलें।

# आज से टैरिफ पर रोक, ट्रंप ने फिर दी चेतावनी

■ एपी, वॉशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप ने टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद एक बार फिर सख्त रुख दिखाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जो देश अमेरिका के साथ 'खेल खेलने' की कोशिश करेंगे, उन पर पहले से भी ज्यादा भारी टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'जिन देशों ने वर्षों तक अमेरिका का फायदा उठाया है, उन्हें अब और कड़े टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। जो भी देश सुप्रीम कोर्ट के फैसले के साथ खेल खेलने की कोशिश करेंगे, उन्हें हाल ही में तय शुल्क से भी ज्यादा टैरिफ चुकाना होगा। खरीदार सावधान रहें।'

**कहा- अमेरिका के साथ 'खेला' तो पर और भारी टैरिफ**



CBP बोला- US के ट्रेडिंग पार्टनर्स पर लगे सभी टैरिफ आज से खत्म

ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उनके कई टैरिफ को अवैध बताया था। उधर, यूनाइटेड स्टेट्स कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (CBP) ने सोमवार को कहा, 'US के ट्रेडिंग पार्टनर्स पर लगाए गए सभी तरह के टैरिफ 24 फरवरी से खत्म हो जाएंगे। इसमें रूस से तेल खरीदने पर भारत जैसे देशों पर लगने वाली ड्यूटी भी शामिल है।

## लुटियंस की जगह राजाजी की प्रतिमा



PTI

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में भारत के पहले भारतीय गवर्नर-जनरल सी. राजगोपालाचारी की मूर्ति का अनावरण किया। यह मूर्ति एडविन लुटियंस की जगह लगाई गई।

## समिट में प्रदर्शन शिक्षाविद भड़के

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: इंडिया AI इंपैक्ट समिट के दौरान युवा कांग्रेस के नेताओं के प्रदर्शन पर देश के 160 शिक्षाविदों ने कड़ी आपत्ति जताई है। संयुक्त बयान जारी कर कहा कि आयोजन में प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख को ठेस पहुंची है। वहीं, इस मामले में दिल्ली पुलिस ने ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से 3 और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



3 और अरेस्ट


## उत्तराखंड के 'मोहम्मद दीपक' से मिले राहुल



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: उत्तराखंड के कोटद्वार के जिम संचालक दीपक कुमार से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली में मुलाकात की। दीपक बुजुर्ग मुस्लिम दुकानदार का साथ देकर चर्चा में आए थे। राहुल ने फोटो शेयर कर लिखा, 'देश के हर युवा में एकता और साहस की भावना होनी चाहिए।'

## गड्ढे और तालाब में डूबे 2 मासूम, मौत

■ NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा: एनसीआर में तालाब और गड्ढे दो मासूमों के लिए जानलेवा बन गए। ग्रेटर नोएडा के चिपयाना गांव में छह दिन से लापता ईशु (5) का शव सोमवार को कुएं वाले मंदिर के सामने तालाब से बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक, बच्चा खेलते समय वहां पहुंचा था। वहीं, बुलंदशहर के नसीना के मड़कऊ गांव में सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में डूबकर मासूम की मौत हो गई। 2 साल का गगन मां के साथ ननिहाल आया था।



ईशु

# PF एक हज़ार से कम तो होगा रिफंड

## पहले चरण में 7.11 लाख निष्क्रिय खाते चुने

Akhilesh.singh1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : एम्प्लॉयीज प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) करीब 32 लाख निष्क्रिय खातों में जमा पैसा उनके सब्सक्राइबर्स को लौटाएगा। पहले चरण में 7.11 लाख खाते चुने गए हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पहले चरण में ऐसे इन-ऑपरेटिव अकाउंट्स चुने गए हैं, जिनमें एक हजार से कम रकम है। इन अकाउंट्स में 30 करोड़ 52 लाख रुपये हैं, जिनको बैंक खातों में भेजा जाएगा। यह प्रक्रिया अगले हफ्ते सोमवार से शुरू होगी। सब्सक्राइबर्स को इसके लिए क्लेम फाइल नहीं करना होगा। अधिकारी ने बताया कि पहले चरण के 7.11 लाख खातों में से ऐसे सब्सक्राइबर्स के बैंक खातों में पैसा ऑटोमैटिक चला जाएगा, जिनका आधार कार्ड लिंक है। जिनका आधार लिंक नहीं है, EPFO उन सब्सक्राइबर्स का पता लगाकर लिंक कराएगा। अगर सब्सक्राइबर का निधन हो चुका हो, तो वैध नॉमिनी या वारिस को नियमों के अनुसार यह पैसा दिया जाएगा।



## काम की खबरें

### कॉन्स्टेबल के 20% पद अग्निवीर के लिए रिजर्व

अग्निवीर के लिए दिल्ली पुलिस में पुरुष कॉन्स्टेबल के 20 फीसदी पद रिजर्व किए गए हैं। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंजूरी दे दी है।

### दिल्ली में भी लागू हो गई 'राह-वीर' योजना



दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार की राह-वीर योजना को राजधानी में भी लागू करने का निर्णय लिया है।

**T20 वर्ल्ड कप** सुपर-8 मुकाबले में साउथ अफ्रीका के हाथों बड़ी हार बनी चिंता का विषय

# टीम इंडिया की एक हार से उठे कई सवाल

■ NBT रिपोर्ट, अहमदाबाद

**टी20 वर्ल्ड** कप से पहले जो भारतीय टीम अजेय नजर आ रही थी वो एक हार के बाद अचानक से साधारण दिखने लगी है। टीम इंडिया की सुपर-8 मुकाबले में साउथ अफ्रीका के हाथों बड़ी हार के बाद भारतीय रणनीति पर कई सवाल उठ रहे हैं। भारतीय टीम के फैंस, एक्सपर्ट, पूर्व क्रिकेटर सभी चिंतित हैं। चाहते हैं कि टीम इंडिया अगले मैच से पहले अपनी खामियों को सुधार ले। वो क्या सवाल हैं, जिनके जवाब टीम इंडिया को जिंबाब्वे के खिलाफ अगले मैच से पहले तलाशने होंगे, एक नजर।



1. दुनिया के नंबर वन टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अभी तक पूरी तरह से फ्लॉप रहे हैं। सभी इस सवाल का जवाब ढूंढ रहे हैं कि क्या अब उनकी जगह संजू सैमसन को लाना चाहिए।
2. अक्षर पटेल को बाहर रखने पर बड़ी बहस हो रही है। विपक्षी टीम में लेफ्टी बैटर्स को देखकर सुंदर को चुना गया जबकि आंकड़े बताते हैं कि अक्षर ने 49 बार लेफ्ट हैंड बैटर्स को आउट किया है।
3. भारतीय टीम में शामिल आठ बैटर्स में से छह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। लेफ्ट हैंडर्स की भरमार शायद टीम इंडिया को नुकसान पहुंचाने लगी है।
4. हमारे स्पिनर्स के खिलाफ साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों ने जमकर रन बनाए, वहीं उनके स्पिनर्स के सामने हमारे बैटर्स के पैर कांप गए। यह भी चिंता का विषय है।
5. रिंकू सिंह जिस नंबर पर उतरते हैं, वहां करने को कुछ नहीं बचता। यह उनके टैलंट के साथ न्याय न होने के साथ टीम कॉम्बिनेशन भी कमजोर करता है।




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP10 User: cci Time: 02-23-2026 22:21 Color:



20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच

"हम अलग-अलग तरह के स्पिनर है। जैक्सी (विल जैक्स) को बहुत ज्यादा ओवरस्पिन और उछाल मिलती है। डिली (आदिल राशिद) के पास अपनी अलग तरह की विविधताएं है।- लियम डॉसन, ऑलराउंडर, इंग्लैंड

कुल मैच 43 | टोटल रन 13088 | विकेट गिरे 546 | 1082 4 6 530 बाउंड्री मीटर | प्लेयर 110 (युवराज सामरा, कनाडा) | हाईएस्ट स्कोर टीम 235/5 (अफगानिस्तान Vs ओमान) | बैटर नंबर-1 220 एस फरहान (पाकिस्तान) | बोलर नंबर-1 13 शैडली वान (यूएसए) | *आंकड़े सोमवार को साउथ अफ्रीका Vs भारत मैच तक

**3** प्लेयर्स ने सेंचुरी बनाई है टी20 वर्ल्ड कप में लक्ष्य का पीछा करते हुए। इस सूची में एलेक्स हेल्स (116* रन), क्रिस गेल (100*) और शायुन निस्सेंका (100*) शामिल हैं

# અક્ષર પટેલને કેમ ન રમાડ્યો?

## (अक्षर पटेल को क्यों नही खिलाया?)

**अहमदाबाद से लाइव**
Sanjeev.Kumar1@timesofindia.com



भारत vs सा. अफ्रीका
मैच रिव्यू

"विपक्षी टीमों के बैटर्स के हिसाब से रणनीति बनाना IPL में तो ठीक है, जहां 14 मैच खेलने होते है, लेकिन ICC टूर्नामेंट में इलेवन को ज्यादा स्थिर रखना चाहिए। अक्षर पटेल तो टी20 क्रिकेट में आपके MVP यानी मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर है। उन्होंने टीम के लिए जो किया है,उसे नही भूलना चाहिए।
–रविचंद्रन अश्विन, पूर्व क्रिकेटर, भारतीय टीम



**49** बार लेफ्ट हैंड बैटर्स को आउट किया है अक्षर पटेल ने इंटरनैशनल क्रिकेट में

**11** भारतीय बैटर जीरो पर आउट हुए है इस वर्ल्ड कप में जो सर्वाधिक है। इतने भारतीय बैटर वर्ल्ड कप के किसी एक एडिशन में जीरो पर आउट नही हुए थे। पुराना रेकॉर्ड छह जीरो (2024 में) का था


टी20 वर्ल्ड कप 2026

■ **वर्ल्ड चैंपियन** भारत का टी20 वर्ल्ड कप में 12 मैचों का विजय अभियान दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में सबसे बड़े अंतर की हार से टूट चुका था। हर तरफ उदास चेहरे थे और सुलगते सवाल थे। बड़ा सवाल तो सबका एक ही था। यह सवाल एक्सपर्ट, पत्रकार और यहां तक कि हमारे ऑटो ड्राइवर की जुबान पर था। मैच के बाद देर रात नरेंद्र मोदी स्टेडियम से वापसी के समय कमलभाई ने बगैर यह जाने कि मैं कहां से हूं, सवाल दागा-' ?' (अक्षर पटेलने केम ना रमाड्यो?) हालांकि, इस सवाल के मर्म को समझने के लिए गुजराती जानना आवश्यक नहीं था। हम सबकी तरह कमलभाई भी यही जानना चाहते थे कि भारतीय टीम ने अक्षर पटेल को क्यों नहीं खिलाया। हार के बाद इस तरह के सवाल उठते रहते है कि फलां प्लेयर को होना चाहिए था या फिर अमुक प्लेयर की इलेवन में जगह नहीं बनती थी। मगर, इस बार यह सवाल बिल्कुल मौजूं है कि अक्षर को इलेवन में नहीं खिलाकर क्या भारतीय 'थिंक टैंक' ने रणनीतिक भूल की।

**बात सिर्फ 'लोकल बॉय' की नहीं:** अक्षर का होम स्टेट और होम ग्राउंड अहमदाबाद ही है। वह यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है। मगर यहां बात सिर्फ 'लोकल बॉय' की नहीं है। टीम के वाइस कैप्टन अक्षर को सिर्फ इसलिए बाहर रखा गया क्योंकि वॉशिंगटन सुंदर को खिलाना था। सुंदर इसलिए क्योंकि वह ऑफ स्पिनर हैं और साउथ अफ्रीका के बैटिंग लाइन-अप में चार लेफ्टहैंड बैटर हैं, इनमें से एक क्लासिनो रखा है। मतलब तीन स्पेशलिस्ट लेफ्टी बैटर्स (क्विंटन डीकॉक, रयान रिकेल्टन और डेविड मिलर) को काबू में करने के लिए 'स्पेशलिस्ट ऑफ स्पिनर' सुंदर को रखा गया। सुंदर न तो बॉल से प्रभावित कर सके और ना ही बैट से। इसके उलट अगर इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अक्षर का रेकॉर्ड देखें तो पिछले पांच मैचों में उन्होंने छह विकेट लिए हैं। इकॉनमी रही है 5.91। बीते दिसंबर में ही तो उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ कटक में हुए टी20I में सात रन देकर दो विकेट झटके थे। पिछले टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में अक्षर ने बैट से जो कमाल किया था उसे भी याद करें। इसी प्रतिद्वंद्वी के विरुद्ध अक्षर उस वक्त क्रीज पर आए थे जब भारतीय टीम 34 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी। रन आउट होने से पहले इस ऑलराउंडर ने 31 बॉल पर 47 रन बनाए, जिससे भारत सात विकेट पर 176 रन के मैच विनिंग स्कोर तक पहुंच पाया। इसके बाद अक्षर ने उन ट्रिस्टन स्टब्स को भी बोल्ड किया जो 31 रन बनाकर खतरनाक रुख अख्तियार कर चुके थे। इतने सबके बावजूद अक्षर को बेंच पर बिठाना किसी को हजम नहीं हो रहा।

**टीम की यह थी सोच:** क्या टीम मैनेजमेंट को अक्षर पर भरोसा कम है? टीम के बैटिंग कोच सितांशु कोटक कहते हैं, 'ऐसा नहीं है। अक्षर तो इतना खेले हुए हैं तो उनमें भरोसे की कमी क्यों होगी?' मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई सवाल अक्षर और सुंदर के इर्द-गिर्द थे। टीम के असिस्टेंट कोच रयान टेन डेसकाटा से जब पूछा गया कि वॉशिंगटन को खिलाने के पीछे क्या सोच थी, तो उनका जवाब था, 'हमें सबसे बड़ा खतरा क्विंटन, रिकल्टन और मिलर से लग रहा था। जब आपको दो खिलाड़ियों में से किसी एक को चुनना हो, तो हमने ऐसे खिलाड़ी के बारे में सोचा जो पावरप्ले में बॉलिंग कर सके। हमें लगता है कि वॉशिंगटन पावरप्ले में असरदार साबित होते हैं। माना कि आज उन्होंने पावरप्ले में बॉलिंग नहीं की, जिससे ऐसा लग सकता है कि हमने केवल यह देखकर चुनाव किया कि बीच के ओवर्स में कौन बॉलिंग करेगा, लेकिन हमारी रणनीति इसी सोच पर आधारित थी। मुझे लगता है कि इस तरह के टूर्नामेंट में आप उम्मीद करते है कि सभी खिलाड़ी इस बात को समझें कि टीम चुनने के पीछे नेक इरादा यही होता है कि हम मैच जीतने के लिए सबसे अच्छी इलेवन मैदान पर उतारें। मुझे उम्मीद है कि अक्षर भी इसे इसी सकारात्मक सोच के साथ लेंगे।' वैसे हमेशा मुस्कराते दिखने वाले अक्षर को इससे फैसले से फर्क पड़े ना पड़े, इस बड़ी हार के बाद टीम इंडिया अगर अगले दो मैचों में नहीं संभली, तो उसे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

## हेटमायर का पावरगेम



वेस्टइंडीज vs जिंबाब्वे

शिमरॉन ने 19 बॉल में जमाई फिफ्टी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** शिमरॉन हेटमायर की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने सोमवार को टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 के मुकाबले में जिंबाब्वे की गेंदबाजी की धज्जियां उड़ा दीं। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने हेटमायर के अलावा मिडल ऑर्डर बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल (59 रन, 35 बॉल, 4 चौके, 4 सिक्स) के योगदान की बदौलत 20 ओवर्स में 6 विकेट पर 254 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी टीम का दूसरा सबसे बड़ा टोटल है। इसी के साथ मौजूदा टूर्नामेंट में पहली बार किसी टीम ने 250+ रन का स्कोर बोर्ड पर टांगा।

वेस्टइंडीज ने अपनी पारी के दौरान 19 सिक्स जमाए, जो टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी एक पारी में जड़े गए संयुक्त सर्वाधिक सिक्स भी है। नीदरलैंड्स ने आयरलैंड के खिलाफ 2014 टी20 वर्ल्ड कप में 19 सिक्स जमाए थे। तीसरे नंबर पर बैटिंग करने उतरे हेटमायर ने अपनी पारी में 34 बॉल पर 85 रन बनाए। उनकी पारी में 7 चौके और 7 सिक्स शामिल रहे। उन्होंने केवल 19 बॉल पर फिफ्टी जड़ी, जो टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में वेस्टइंडीज के किसी प्लेयर की सबसे तेज फिफ्टी भी है।

**वापसी पर लिया विकेट:** पिछले मैच में बाहर बैठे रिचर्ड एंगरावा ने शानदार वापसी की। उन्होंने अपने दूसरे और मैच के तीसरे ओवर में ब्रैंडन किंग को 9 रन (12 बॉल) पर चलता किया। कप्तान शाई होप (14 रन) भी ज्यादा समय क्रीज पर टिक नहीं पाए। इसके बाद हेटमायर और रोवमन पॉवेल ने मैच की दिशा ही पलट दी। हेटमायर ने इनिंग्स में अपना खाता ही चौके के साथ खोला और इसके बाद उनका बल्ला शांत नहीं रहा।

लगातार अटैक करने वाले हेटमायर ने सातवें ओवर में अपना रौद्र रूप दिखाया, जब उन्होंने क्रीमर की अंतिम दो गेंद पर लगातार सिक्स लगाए। अगले ओवर में विपक्षी कप्तान मोहम्मद रजा उन्हें आउट करने के इरादे से आए, लेकिन पासा उलटा पड़ गया। आठवें ओवर की दूसरी गेंद पर हेटमायर ने रजा की गेंद को बाउंड्री पार पहुंचा दिया। अगली बॉल डॉट रही, लेकिन उसके बाद लगातार दो गेंद सिक्स जमाते हुए हेटमायर ने केवल 19 गेंद पर फिफ्टी जमाई।

**एक टी20 वर्ल्ड कप एडिशन में सर्वाधिक सिक्स**

| प्लेयर | सिक्स | एडिशन |
|---|---|---|
| शिमरॉन हेटमायर | 17* | 2026 |
| निकोलस पूरन | 17 | 2024 |
| क्रिस गेल | 16 | 2012 |
| रहमनुल्लाह गुरबाज | 16 | 2024 |

**मुसेकिवा के 'बटर फिंगर्स' से निकली कैच**

वेस्टइंडीज के बड़े स्कोर के पीछे कई हद तक जिंबाब्वे के ताशिंगा मुसेकिवा की 'बटर फिंगर्स' रही। मुसेकिवा ने हेटमायर का कैच एक बार नहीं, दो-दो बार टपकाया। मैच के चौथे ओवर में हेटमायर ने ब्लेसिंग मुजरबानी की गेंद पर डीप बैकवर्ड की दिशा में शॉट खेला, जहां मुसेकिवा खड़े थे। उन्होंने अपने बाएं तरफ स्लाइड करते हुए कैच लेने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके हाथों से निकल गई। तब हेटमायर सिर्फ 9 रन बनाकर खेल रहे थे। मुसेकिवा के पास 12वें ओवर की दूसरी गेंद पर हेटमायर की इनिंग्स समाप्त करने का एक और मौका था, लेकिन एक बार फिर उनके हाथ में गेंद नहीं चिपकी। इस बार हेटमायर को 70 रन पर जिवनदान मिला।

**ब्रीफ स्कोर**

**वेस्टइंडीज:** 20 ओवर्स में छह विकेट पर 254 रन (शिमरॉन हेटमायर 85, रोवमन पॉवेल 59, ब्लेसिंग मुजरबानी 2/42 रिचर्ड एनगरावा 2/47)

**वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ**

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. सुपर-8 में साउथ अफ्रीका से हारने से पहले भारत ने टी20 वर्ल्ड कप में कितने लगातार मैच जीते थे?
A) 10 B) 12 C) 9 D) 16
2. टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में कितने प्लेयर्स ने चेज करते हुए सेंचुरी लगाई है?
A) 2 B) 3 C) 1 D) 10

**कल के जवाब**
1. C) मुंबई 2. D) विल जैक्स

**लकी WINNERS**



1 गीता, संगम विहार, दिल्ली



2 बीपी त्यागी, वैशाली, यूपी



3 रेखारानी जैन, मुंबई

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

# भारत को अहं त्याग कर खेलना चाहिए: सनी

■ **एजेंसियां, अहमदाबाद:** दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावसकर का मानना है कि भारत को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के मैच से सबक लेकर अपने अहं का त्याग करना चाहिए और परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए। गावसकर ने कहा, 'भारतीय बल्लेबाजों को ब्रेविस और मिलर की साझेदारी से सीख लेकर इस तरह का दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत थी। भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसा नहीं किया। वे अति आत्मविश्वास के साथ उतरे, हर गेंद पर बल्ला चलाया और विकेट गंवा दिए। साउथ अफ्रीका हर विभाग में अव्वल साबित हुआ।'

एक्सपर्ट की राय



दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावसकर

गावसकर ने आगे कहा, 'भारत ने साउथ अफ्रीका से कोई सबक नहीं लिया। भारतीय बल्लेबाज क्रीज पर उतर कर हर गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे। टी20 क्रिकेट ऐसे नहीं खेला जाता। आपको विपक्षी टीम से सीख लेनी चाहिए थी।'

**साउथ अफ्रीका ने अच्छी से लागू की योजना: सकलैन**

**नई दिल्ली:** भारत की हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर सकलैन मुश्ताक ने कहा है कि साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ अपनी सारी योजना अच्छी तरह लागू की। सकलैन मुश्ताक ने कहा, 'साउथ अफ्रीका के सारे प्लान काम कर गए। भारत के खिलाफ उसने जोरदार जीत दर्ज की। भारतीय टीम चाहे जिस भी मुकाम पर हो, साउथ अफ्रीका ने उन्हें एक-दो पायदान नीचे ला दिया है। साउथ अफ्रीका की बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों शानदार रही।'

**अक्षर की जगह सुंदर को मौका देना समझ से परे: रहाणे**

**अहमदाबाद:** दिग्गज बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने भारतीय मैनेजमेंट के अक्षर पटेल को इलेवन से बाहर रखने के निर्णय पर हैरानी जताई है। रहाणे ने कहा, "मैं सच में हैरान हूं कि अक्षर नहीं खेले। मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या हो रहा है। सुंदर एक अच्छा खिलाड़ी है। अक्षर अलग-अलग स्थिति में अच्छा कर रहे हैं। कभी-कभी जब आप चयन के मामले में स्मार्ट हो जाते हैं तो यह आपको नुकसान पहुंचा सकता है। आप सुंदर को इसलिए लाए क्योंकि साउथ अफ्रीका की बल्लेबाजी क्रम में कई बाएं हाथ के खिलाड़ी हैं।'

## बदलाव पर हो रहा विचार: कोटक

■ **पीटीआई, अहमदाबाद:** साउथ अफ्रीका से बुरी शिकस्त के बाद भारतीय टीम प्रबंधन खराब फॉर्म में चल रहे तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज को बाहर कर सकता है, जबकि टॉप ऑर्डर में बाएं हाथ के कई बल्लेबाजों को उतारने की अपनी रणनीति की भी समीक्षा करेगा। हेड कोच गौतम गंभीर के सहयोगी रयान टेन डेसकाटा और सितांशु कोटक ने यह संकेत दिए। अब भारत को अगले दोनों मैच जीतने होंगे लिहाजा टीम प्रबंधन को अभिषेक शर्मा (चार मैचों में 15 रन) और तिलक वर्मा (पांच मैचों में 107 रन) के प्रदर्शन पर विचार करना होगा।

हार ने बढ़ाई मुश्किलें

**फटाफट खबरें**

**कोचिंग स्टाफ बर्खास्त**

■ **लाहौर:** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (PHF) के अंतरिम अध्यक्ष ने राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और कोचिंग स्टाफ को बर्खास्त कर नई समिति बनाई है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान हुई भारी अव्यवस्था के बाद यह फैसला लिया गया। ख्वाजुद्दीन सिद्दीकी और हसन सरदार समिति की अगुआई करेंगे। पूर्व ओलिंपियन ख्वाजा जुनैद को अंतरिम हेड कोच नियुक्त किया गया।

**बिंद्रा का टर्म खत्म**

■ **नई दिल्ली:** ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा का इंटरनैशनल ओलिंपिक कमिटी के खिलाड़ी आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में आठ साल का कार्यकाल समाप्त हो गया। बिंद्रा ने इसे अपने खेल जीवन का सबसे सार्थक अध्याय बताया। उनकी जगह केन्या के हम्फ्री कायागे को शामिल किया गया। बिंद्रा ने कहा कि खिलाड़ियों की आवाज को केंद्र में रखना उनकी प्राथमिकता रही।

**रोहित को मिला टिकट**

■ **अहमदाबाद:** गुजरात के जूडो खिलाड़ी रोहित मजगुल (66 किग्रा) ने नई दिल्ली में हुए चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन कर कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स के लिए क्वॉलिफाई किया। बेस्ट ऑफ थ्री फाइनल में उन्होंने हरियाणा के मोहित को हराया। आदिवासी पृष्ठभूमि से आने वाले रोहित ने कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत और कोच पर भरोसे का नतीजा है।

**24 से नैशनल कबड्डी**

■ **बड़ोदरा:** 72वीं सीनियर नैशनल मेंस कबड्डी चैंपियनशिप 24 से 27 फरवरी तक समा इंडोर परिसर में आयोजित होगी। 31 टीमें और करीब 400 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रो कबड्डी लीग के सितारे असलम इनामदार, देवांक दलाल और भरत हुड्डा आकर्षण होंगे। आशु मलिक रेलवे और अर्जुन देशवाल उत्तर प्रदेश की अगुआई करेंगे।

**शुभंकर 48वें स्थान पर**

■ **नैरोबी:** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने मैजिकल केन्या ओपन में संयुक्त 48वां स्थान हासिल किया। अंतिम दौर में उन्होंने तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया। वीर अहलावत संयुक्त 53वें स्थान पर रहे। साउथ अफ्रीका के केसी जार्विस ने पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता।

# लय में लौटे इंग्लैंड के सामने 'पाकिस्तानी टर्न' की चुनौती

इंग्लैंड vs पाकिस्तान

■ **एजेंसियां, पल्लेकेले:** धीमी और टर्न लेने वाली पिच पर मंगलवार को होने वाले टी20 वर्ल्ड कप सुपर-8 मुकाबले में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच टक्कर में फोकस पूरी तरह स्पिन गेंदबाजों पर रहेगा। हालात को बेहतर तरीके से पढ़ने और स्पिन का प्रभावी इस्तेमाल करने वाली टीम को बढ़त मिलने की पूरी संभावना है।

**लय में लौटी इंग्लैंड?:** दो बार की चैंपियन इंग्लैंड टीम भले ही अब तक टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई हो, लेकिन सुपर-8 के पहले मैच में मेजबान श्रीलंका को 51 रन से हराकर उसने लय पकड़ ली है। इस जीत से टीम का नेट रनरेट बेहतर हुआ। कम स्कोर का बचाव करते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार शानदार अनुशासन दिखाया। लेग स्पिनर आदिल राशिद और बाएं हाथ के स्पिनर लियम डॉसन ने अहम विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने भी असरदार गेंदबाजी की। ऑलराउंडर विल जैक्स ने ऑफ स्पिन के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर उपयोगी बल्लेबाजी कर टीम को संतुलन दिया। बल्लेबाजी में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की फॉर्म में वापसी इंग्लैंड के लिए राहत की खबर है। हालांकि, जोस बटलर और कप्तान हैरी ब्रूक की फॉर्म चिंता का विषय है। ब्रूक ने स्वीकार किया कि इंग्लैंड की बल्लेबाजी अभी परफेक्ट नहीं रही।

**बल्लेबाजी है कमजोरी:** दूसरी ओर, पाकिस्तान का सुपर-8 में सफर मुश्किल होता दिख रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ उसका पहला मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे अब उसे आगे के दोनों मैच जीतने होंगे। स्पिन विभाग में उस्मान तारिक, सईम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे विकल्प मौजूद हैं। हालांकि बल्लेबाजी, खासकर गुणवत्तापूर्ण स्पिन के खिलाफ उसकी सबसे बड़ी कमजोरी साबित हो सकती है।



पाक के स्पिनर उस्मान तारिक

**आमना-सामना**

इंग्लैंड 21 | पाकिस्तान 9 | कुल मैच 31 | नो रिजल्ट 1

**संभावित प्लेइंग XI**

**इंग्लैंड:** फिल सॉल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक (कप्तान), सैम करन, विल जैक्स, लियम डॉसन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद

**पाकिस्तान:** साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान आगा (कप्तान), बाबर आजम, फखर जमां, उस्मान खान (विकेटकीपर), शादाब खान, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, सलमान मिर्जा, उस्मान तारिक

**टेलिकास्ट:** शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

**660** रन बनाए है बाबर आजम ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20I में। वह इंग्लैंड के खिलाफ सर्वाधिक टी20I रन बनाने वाले प्लेयर है

**22** विकेट लिए है आदिल राशिद ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20I में। वह पाकिस्तान के खिलाफ सर्वाधिक टी20I विकेट लेने वाले इंग्लिश बोलर है

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

**दिलचस्प हुई ग्रुप-2 में लड़ाई**

**पाकिस्तान का** सुपर-8 का पहला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ धुल गया था, जिसके बाद दोनों टीमों के 1-1 अंक के साथ संतोष करना पड़ा। इस नतीजे ने सुपर-8 के इस ग्रुप को रोमांचक बना दिया है। पाकिस्तान अब इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ बचे दो मैच जीतकर अधिकतम पांच अंक तक पहुंच सकता है। वहीं, न्यूजीलैंड भी इंग्लैंड और श्रीलंका पर जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर सकती है। लेकिन अगर इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान को हराती है तो उसे अगले दौर में पहुंचने के लिए ग्रुप के अन्य नतीजों पर निर्भर होना पड़ेगा। अगर पाकिस्तान आज का मैच हारता है तो वह उम्मीद करेगा कि न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड और श्रीलंका से हार जाए। जबकि पाकिस्तान श्रीलंका को हराकर तीन अंक के साथ सेमीफाइनल में क्वॉलिफाई कर जाए। वहीं, इंग्लैंड के लिए आज की जीत सेमीफाइनल का टिकट साबित हो सकती है।

# मिलर ने बताया, कैसे किया वरुण की गेंदों को बेअसर

■ **एजेंसियां, अहमदाबाद:** भारत के खिलाफ सुपर-8 मैच में स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को बेअसर साबित करने वाली साउथ अफ्रीका टीम की रणनीति के बारे में आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा कि इसके लिए बस शांत दिमाग, सीमित मूवमेंट और मजबूत इरादे की जरूरत थी। फॉर्म में चल रहे चक्रवर्ती भारत के 'ट्रंपकार्ड' माने जा रहे थे लेकिन उन्होंने चार ओवरों में 47 रन दिए। मिलर और डेवाल्ड ब्रेविस ने उनकी गेंदों की जमकर धुनाई की। मिलर ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि यह पक्का करने के बारे में है कि अगर वह खराब गेंद डालते है तो हम उसे दूर खेल सकें। गेंद ज्यादा स्पिन भी नहीं हो रही थी तो यह सही रणनीति थी। एक बार फिर हमें लगा कि वरुण पर दबाव बनाना जरूरी है क्योंकि वह हर टीम के लिए खतरा साबित होते हैं।' अपनी पारी के बारे में मिलर ने कहा कि उन्होंने 'बेसिक्स' पर अमल किया। वहीं, इस जीत के बारे में उन्होंने कहा, 'भारत को हराया जा सकता है। भारतीय टीम बेहतरीन है लेकिन हम इस तरह के टूर्नामेंट में सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सरल चीजों पर ध्यान दें और लक्ष्य से भटकें नहीं।'

मैच रिऐक्शंस



डेविड मिलर

**बल्लेबाजी पर सूर्यकुमार की झलकी निराशा**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की शिकस्त के बाद कहा, 'हमने बहुत अच्छी बॉलिंग की लेकिन हम और बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे। कभी-कभी आपको सोचना पड़ता है कि आप पावरप्ले में मैच नहीं जीत सकते लेकिन आप मैच हार सकते हैं। हमें जिन साझेदारी की जरूरत थी वे नहीं हुई।'

# बढ़े हौसले के साथ उतरेगा भारत

**भारत Vs ऑस्ट्रेलिया**
विमिंस ODI सीरीज, पहला मैच

■ **एजेंसियां, ब्रिसबेन:** टी20 इंटरनैशनल सीरीज जीत चुकी मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी तो उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी।

यह सीरीज इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की महानतम खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली इसके बाद वनडे फॉर्मेट से विदा लेने जा रही हैं। तीन मैचों की टी20 सीरीज से बाहर रहने के बाद हीली की वापसी हुई है। भारत ने सीरीज 2-1 से जीती जो पिछले एक दशक में ऑस्ट्रेलिया में इस फॉर्मेट में सीरीज में उसकी पहली जीत थी। (टेलिकास्ट: सुबह 9:20 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर)



सोफी मोलिनो के साथ हरमनप्रीत कौर

FILE

# कर्नाटक की स्टार पावर के आगे J&K का जोश



J&K के कप्तान पारस डोगरा (बाएं) व पेसर आकिब नबी

■ **एजेंसियां, हुबली:** रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट का फाइनल आज से कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर के बीच खेला जाएगा। जम्मू-कश्मीर इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहली बार पहुंची है, जबकि कर्नाटक आठ बार की चैंपियन है। कर्नाटक अपने अनुभव, गहराई और बड़े मैचों की समझ के दम पर खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। कर्नाटक टीम में केएल राहुल, करुण नायर, देवदत्त पडिक्कल और रविचंद्रन स्मरण जैसे स्टार प्लेयर्स शामिल हैं। राहुल ने तीन मैचों में 457 रन, करुण ने 699, पडिक्कल ने 532 और स्मरण ने आठ मैचों में 960 रन बनाकर टीम को फाइनल तक पहुंचाया। वहीं, जम्मू-कश्मीर ने बंगाल और मध्यप्रदेश जैसी मजबूत टीमों को हराकर इतिहास रचा है। तेज गेंदबाज आकिब नबी के 55 विकेट उसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। कप्तान पारस डोगरा के अनुभव और निडर सोच के सहारे जम्मू-कश्मीर बिना दबाव खेलेगा, लेकिन कर्नाटक की चुनौती पार करना उसके लिए सबसे बड़ी परीक्षा होगी।

रणजी ट्रॉफी फाइनल मैच

**टेलिकास्ट** सुबह 9:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

# श्रीकांत, तन्वी करेंगे भारत के लिए अगुआई

■ **एजेंसियां, मुलहेम आन डेर रुर:** अनुभवी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा आज से शुरू हो रहे जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत वर्ल्ड रैंकिंग में फिलहाल 32वें स्थान पर है। विमिंस सिंगल्स वर्ल्ड रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज 16 साल की तन्वी पहले दौर में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी।

जर्मन ओपन बैडमिंटन



शटलर तन्वी शर्मा

# भारत चाहेगा स्पेन के खिलाफ वापसी करना

■ **एजेंसियां, होबार्ट:** FIH प्रो-लीग में लंबे समय से खराब दौर से गुजर रही भारतीय मेंस हॉकी टीम मंगलवार को स्पेन के खिलाफ रिवर्स मुकाबले में हालात बदलने की कोशिश करेगी। राउरकेला व होबार्ट चरण मिलाकर भारत अब तक 5 मैच हार चुका है और एक ड्रॉ खेला है, जिससे कोच क्रेग फुल्टन पर दबाव बढ़ा है। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह की गैरमौजूदगी में हार्दिक सिंह कप्तानी कर रहे हैं।

हॉकी FIH प्रो-लीग



कप्तान हार्दिक सिंह

FILE

## फटाफट खबरें

### 'AI वाशिंग' पर सेबी मेंबर ने चेताया

■ पीटीआई, मुंबई : सेबी (Sebi) के होल-टाइम मेंबर अमरजीत सिंह ने सोमवार को आर्टिफिशियल वाशिंग (AI Washing) को लेकर चेतावनी दी है। 'आर्टिफिशियल वाशिंग' मार्केटिंग का वह तरीका है जिसमें AI के इस्तेमाल को लेकर बढ़ा-चढ़ाकर दावे किए जाते हैं। सिंह ने आगाह किया कि ऐसी चीजें बाजार में आम लोगों का भरोसा तोड़ सकती हैं। सिंह ने कहा, हमने ऐसे कई मामले देखे हैं जहां बाजार से जुड़े लोग यह बढ़ा-चढ़ाकर दावा करते हैं कि वे AI का इस्तेमाल करके जबरदस्त मुनाफा दे रहे हैं।

### लग्जरी घरों की बिक्री में पछाड़ा

■ पीटीआई, नई दिल्ली : 10 करोड़ रुपये और उससे ज्यादा कीमत वाले लग्जरी घरों की बिक्री में गुरुग्राम ने साल 2025 में मुंबई को पछाड़ दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुग्राम में बिक्री 80% बढ़कर 24,120 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। इसकी मुख्य वजह घरों की ज्यादा बिक्री और उनकी कीमतों में आई बढ़ोतरी है। ISIR और सीआरई मैट्रिक्स ने रिपोर्ट जारी की।

### NBCC को मिल सकता है प्रोजेक्ट



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सरकारी कंपनी NBCC को सेशेल्स गणराज्य में 139 हेक्टेयर एरिया के डिवेलपमेंट का एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट मिल सकता है। NBCC ने सोमवार को बताया कि सेशेल्स के उप राष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्लै के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल यहां कंपनी के मुख्यालय में आया और NBCC के एमडी के पी महादेवस्वामी सहित वरिष्ठ अधिकारियों से इस बारे में चर्चा की। कंपनी ने कहा कि मीटिंग में प्रतिनिधिमंडल को 139 हेक्टेयर एरिया में इस डिवेलपमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें अफोर्डेबल हाउसिंग, हॉस्पिटैलिटी, प्रीमियम विला, स्पोर्ट्स एरीना और सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर सहित कई विकास कार्यों के बारे में प्रेजेंटेशन दिया गया।

# 'मिस-सेलिंग' पर बैंकों को चेताया

## FM निर्मला सीतारमण ने कहा, बीमा एजेंट बनना छोड़ें, बैंकिंग पर ध्यान दें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि बैंकों को ग्राहकों को गुमराह करके बीमा सहित फाइनैंशल प्रोडक्ट्स पकड़ाने की हरकतों से बाज आना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि बैंकों को जमा जुटाने और कर्ज देने के अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान लगाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बैंकों को अपने कोर बिजनेस पर ध्यान देना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि ग्राहकों के पास पहले से बीमा होने पर भी बैंक उनसे बीमा उत्पाद खरीदने को कहते हैं और आरबीआई यह सोचकर इस पर नजर नहीं रखता था कि यह तो बीमा रेगुलेटर IRDAI के दायरे की बात है। दूसरी ओर, IRDAI को लगता रहा कि बैंक तो आरबीआई से रेगुलेट होते हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि ग्राहक कहता है कि उसे बीमा लेने को क्यों कहा जा रहा है, जब वह होम लोन लेने के लिए अपनी प्रॉपर्टी गिरवी के रूप में बैंक को दे ही रहा है? सीतारमण ने कहा, 'मुझे खुशी है कि आरबीआई मिस-सेलिंग के बारे में गाइडेंस ला रहा है। बैंकों को संदेश जाना चाहिए कि वे मिस-सेलिंग नहीं कर सकते।'

> बैंकों को यह साफ संदेश मिलना चाहिए कि वे अब ग्राहकों को गुमराह नहीं कर सकते। मिस-सेलिंग शब्द अब सिर्फ डिक्शनरी का हिस्सा नहीं रहना चाहिए, बल्कि इस पर एक्शन भी होना चाहिए। *-निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री*



PTI

**क्या है ड्राफ्ट नियम?**

- **11 फरवरी :** आरबीआई ने 'मिस-सेलिंग' (गलत तरीके से सामान बेचना) पर नए ड्राफ्ट नियम जारी किए थे। इसमें कहा गया है कि अगर बैंक किसी ग्राहक को गलत तरीके से कोई प्रोडक्ट या सर्विस बेचते हैं, तो उन्हें ग्राहक का पूरा पैसा वापस करना होगा और नुकसान की भरपाई भी करनी होगी। ये नियम 1 जुलाई से लागू होंगे।
- **बैंकों को फटकार:** वित्त मंत्री ने कहा कि बैंक बीमा बेचने में ज्यादा और बैंकिंग के मुख्य काम में कम समय दे रहे हैं।
- **बैंकों को सलाह:** बैंकों को सलाह दी गई है कि वे सेविंग्स और करंट अकाउंट डिपॉजिट बढ़ाने पर फोकस करें।

**गोल्ड प्राइस पर नजर**

सीतारमण ने कहा कि सोने के बढ़ते भाव पर सरकार और आरबीआई की नजर है, लेकिन कीमतें ऐसी नहीं हैं कि चिंता की स्थिति बन जाए। उन्होंने कहा कि भाव मुख्य रूप से इसलिए चढ़ रहे हैं क्योंकि दुनियाभर में केंद्रीय बैंक काफी सोना खरीद रहे हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में RBI बोर्ड को संबोधित करने के बाद सीतारमण ने कहा कि त्योहारों में भारत में सोने की मांग आमतौर पर बढ़ती है, साथ ही अधिकतर देशों के केंद्रीय बैंक भी सोना-चांदी खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी इस पर नजर है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह चिंताजनक स्थिति तक पहुंच गया है, खासतौर से भारत में गोल्ड की खरीदारी और निवेश के रुझान को देखते हुए। हालांकि आरबीआई की भी इस पर नजर है।'

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि इस साल जनवरी में वैल्यू और मात्रा, दोनों लिहाज से गोल्ड इंपोर्ट उछल गया और आरबीआई इन आंकड़ों का विश्लेषण कर रहा है। पिछले साल अप्रैल-दिसंबर के दौरान भारत का गोल्ड इंपोर्ट सालभर पहले से करीब 1 बिलियन डॉलर बढ़कर 50 बिलियन डॉलर का हो गया था। मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई इसको लेकर बहुत ज्यादा चिंतित नहीं है क्योंकि विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत है।

**US ट्रेड डील**

वित्त मंत्री ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने टैरिफ्स के बारे में हाल में जो घोषणाएं की हैं, उनसे भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ सकने वाले असर के बारे में अभी कमेंट करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि जहां तक व्यापार के पहलू की बात है, तो कॉमर्स मिनिस्ट्री स्थिति की समीक्षा कर रही है।

**'PSU बैंकों के विलय की योजना नहीं'**

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के पास पब्लिक सेक्टर बैंकों के विलय के लिए फिलहाल कोई रोडमैप या योजना नहीं है। हालांकि, उन्होंने बताया कि बजट 2026-27 में जिस विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर उच्च-स्तरीय समिति का प्रस्ताव रखा गया है, वह इस विषय और अन्य पहलुओं पर गौर करेगी।

# PF का पैसा अटका है? 10 हजार करोड़ लौटाने की तैयारी में सरकार

## 31 लाख से ज्यादा निष्क्रिय खातों को कवर किया जाएगा

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : एंप्लॉयीज प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) ने निष्क्रिय पड़े करीब 32 लाख खातों के सब्सक्राइबर्स को उनका जमा पैसा लौटाने का निर्णय किया है। लेबर एंड एंप्लॉयमेंट मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने बताया कि अभी पायलट फेज के तहत 1000 रुपये से कम फंड वाले 7.11 लाख खातों के सब्सक्राइबर्स को पैसा उनके आधार लिंक्ड और एक्टिव बैंक खातों में भेजा जाएगा। अगले चरण में 3000 रुपये तक फंड वाले निष्क्रिय खातों के मामले में यही कदम उठाया जाएगा।

अधिकारी ने बताया, "कुल 31 लाख 86 हजार खाते निष्क्रिय हैं। इनमें 10,903 करोड़ रुपये हैं। बैठक में तय किया गया है कि सभी निष्क्रिय खातों का पैसा लौटाया जाए। दूसरे चरण में 1000 रुपये से ज्यादा और 3000 रुपये तक की धनराशि वाले निष्क्रिय खातों का पैसा लौटाया जाएगा। चरणबद्ध तरीके से सभी 31 लाख 86 हजार निष्क्रिय खातों का पैसा लौटाने का लक्ष्य है। इन खातों में कई 20 साल से भी ज्यादा समय से इन-ऑपरेटिव हैं और कुछ 3 साल पहले निष्क्रिय घोषित हुए थे।"

**EPFO की तैयारी**

- **पायलट फेज :** पहले चरण में 1000 रुपये से कम बैलेंस वाले 7.11 लाख खातों का पैसा भेजा जा रहा है।
- **अगला लक्ष्य:** दूसरे चरण में 3000 रुपये तक की जमा राशि वाले खातों का पैसा लौटाया जाएगा।
- **क्या है जरूरी:** खाताधारक का बैंक अकाउंट आधार से जुड़ा, एक्टिव होना जरूरी है।
- **निष्क्रिय मतलब:** 3 साल तक खाते में कोई अंशदान नहीं आता, तो उसे निष्क्रिय घोषित कर दिया जाता है।
- **ब्याज का नुकसान:** खाता निष्क्रिय होने के बाद जमा रकम पर ब्याज मिलना बंद हो जाता है।
- **31,86,000:** कुल निष्क्रिय खातों की संख्या।
- **10,903 करोड़ रुपये:** बंद पड़े खातों में जमा धनराशि।



AI Image

**असंगठित कामगारों के बच्चों को ज़्यादा वजीफा**

श्रम मंत्रालय ने अपनी वेलफेयर स्कीम में एक बदलाव किया है, जिससे असंगठित क्षेत्र के कामगारों के बच्चों को फायदा होगा। जो बच्चे इस स्कीम के तहत स्कॉलरशिप पा रहे हैं, उन्हें अगर केंद्र या राज्य सरकार की ओर से कोई मेरिट-बेस्ड स्कॉलरशिप मिलती हो तो वह भी मिल सकेगी। ये बाधा नहीं पड़ेगी कि उन्हें पहले से वेलफेयर स्कीम वाला वजीफा मिल रहा है। इस मेरिट बेस्ड स्कॉलरशिप की सीमा 25000 रुपये तक रखी गई है।

# बदलेंगे PMS के नियम, बदलाव की तैयारी में सेबी



AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : शेयर बाजार रेगुलेटर सेबी (Sebi) अब पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (PMS) के नियमों को बदलने की तैयारी में है। सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा है कि बाजार की जरूरतों को देखते हुए नियमों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा सेबी अब सोशल मीडिया पर निवेश की सलाह देने वाले इन्फ्लुएंसर्स पर नजर रखने के लिए AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद ले रहा है।

> इन्फ्लुएंसर्स की खैर नहीं, गलत सलाह दी तो अब AI से पकड़ लेगा SEBI

पांडेय ने यहां नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट के एक प्रोग्राम में बताया कि इसका मकसद इन नियमों को असरदार बनाना और आज के बदलते बाजार के हिसाब से ढालना है। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सेबी चीफ ने कहा कि 6 साल पुराने इन नियमों के कुछ हिस्सों को आसान और तर्कसंगत बनाने की जरूरत है। गौरतलब है कि सेबी ने हाल ही में SIF (स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड्स) नाम की एक नई कैटिगरी बनाई है, जो म्यूचुअल फंड और PMS के बीच का हिस्सा है।

पांडेय ने बताया कि सेबी ने अब निगरानी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) टूल्स का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इसका इस्तेमाल खास तौर पर इन्फ्लुएंसर्स पर नजर रखने के लिए किया जा रहा है, ताकि यह देखा जा सके कि वे निवेश की सलाह देने की लक्ष्मण रेखा तो नहीं लांघ रहे हैं।

# सवारी होगी महंगी, छोटी कारों के दाम 10% तक बढ़ सकते हैं

■ NBT रिपोर्ट : छोटी कारें बनाने वाली कंपनियों के लिए आने वाले दिन मुश्किल भरे हो सकते हैं। अगर ईंधन की बचत और प्रदूषण कम करने से जुड़ा CAFE-3 का नया ड्राफ्ट लागू होता है, तो छोटी कारों को बनाना और बेचना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। TOI के मुताबिक, अलग-अलग मंत्रालय नियमों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पिछले दो सालों में CAFE-3 का यह तीसरा ड्राफ्ट है।

जानकारों का कहना है कि अगर कार कंपनियां नए नियमों की वजह से छोटी कारें बनाने में कम दिलचस्पी लेंगी, तो इससे उन लोगों को झटका लगेगा जो टू-वीलर से कार पर शिफ्ट होना चाहते हैं। इंडस्ट्री के जानकारों का मानना है कि CAFE-3 लागू होने के बाद नई कारों की लागत करीब 10% तक बढ़ सकती है। कंपनियों को नए नियमों पर खरा उतरने के लिए या तो गाड़ियों में ईंधन बचाने वाली महंगी तकनीक लगानी होगी या फिर भारी जुर्माना भरना होगा।



**क्या है CAFE नियम?**

CAFE का मतलब सरकार के उन मानकों से है जो तय करते हैं कि एक कंपनी की बेची गई सभी कारों का 'औसत माइलेज' कितना होना चाहिए। वे कितना कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ सकती हैं। CAFE-3 के नए ड्राफ्ट (जो अभी तक जारी नहीं हुआ है) के मुताबिक, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (BEE) ने छोटी कार बनाने वाली कंपनियों को मिलने वाली 'एक्स्ट्रा छूट' या राहत को खत्म करने का प्रस्ताव दिया है। इसमें रेंज-एक्सटेंडेड इलेक्ट्रिक वीइकल (REEV) को भी शामिल किया गया है। REEV को वॉल्यूम डेरोगेशन फैक्टर (VDF) यानी 3 का स्कोर दिया जाएगा, जो इलेक्ट्रिक कारों को मिलता है। VDF सरकार का एक ऐसा पैमाना है जिसके जरिए कम प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों (जैसे EV और हाइब्रिड) की बिक्री को बढ़ावा दिया जाता है।

**CAFE-3**

- **छोटी कारों पर असर:** नए नियमों से एंट्री-लेवल पेट्रोल कारें महंगी हो सकती हैं क्योंकि छोटी कारों को मिलने वाली छूट खत्म करने की तैयारी है।
- **महंगी होगी तकनीक:** माइलेज के नए मानकों को पूरा करने के लिए कंपनियों को गाड़ियों में अडवांस और महंगी तकनीक लगानी पड़ेगी।
- **आम आदमी पर बोझ:** टू-वीलर से कार की तरफ बढ़ने वाले मिडल क्लास के लिए अब कार खरीदना और मुश्किल हो सकता है।

# US में टैरिफ पर फैसले से सेंसेक्स 480 अंक उछला



AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : शेयर बाजार में सोमवार को जोरदार रौनक रही और सेंसेक्स करीब 480 अंक उछलकर बंद हुआ। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप सरकार के टैरिफ लगाने के फैसले को पलट दिया है। इस फैसले से ट्रेड वॉर का डर कम हुआ। पब्लिक सेक्टर बैंकों, ऑटो और फाइनैंशल शेयरों में जमकर खरीदारी हुई। बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। सेंसेक्स 479.95 अंक (0.58%) चढ़कर 83,294.66 पर बंद हुआ। । वहीं, 50 शेयरों वाला NSE निफ्टी 141.75 अंक (0.55%) बढ़कर 25,713 पर बंद हुआ। सेक्टर्स की बात करें तो आईटी (IT) इंडेक्स पर एआई (AI) के बढ़ते असर की वजह से दबाव दिखा।

**चांदी 8,000 रुपये महंगी, सोना तेज़**

■ पीटीआई, नई दिल्ली : दिल्ली में सोमवार को चांदी 8,000 रुपये महंगी होकर 2.72 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। सोना 3,300 रुपये की छलांग लगाकर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया। यह तेजी उस वक्त आई है जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के टैरिफ लगाने के फैसले के खिलाफ आदेश सुनाया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो चांदी 2.2 प्रतिशत चढ़कर 86.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई, जबकि सोना करीब 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,151 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRBP User: cci Time: 02-23-2026 22:58 Color:




**NBT AI टाइम मशीन**


## आज है केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस

आज केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस है। आज ही के दिन 1944 में 'केंद्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम' लागू हुआ था। ब्रिटिश काल में नमक और दूसरी चीजों पर अलग-अलग टैक्स कानून थे। इन सभी को मिलाकर एक व्यापक कानून बनाया गया। यह दिन देश की आर्थिक सेहत सुधारने वाले अधिकारियों के प्रति आभार जताने का है। 'एक्साइज टैक्स' से ही हमारे सेना, अस्पताल और सड़कों का निर्माण होता है।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर
मंगलवार, 24 फरवरी 2026

## भविष्य में टैक्स चोरी होगी नामुमकिन

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारत में केंद्रीय उत्पाद शुल्क लगभग अपने आप वसूला जाएगा। फैक्ट्री में जैसे ही सामान बनेगा, AI सिस्टम खुद टैक्स जोड़ देगा। न लंबी फाइलिंग, न बार-बार नोटिस। जिस तरह GST ने टैक्स को डिजिटल बनाया, आगे चलकर पूरी प्रक्रिया रियल-टाइम और पारदर्शी होगी। तकनीक इतनी अडवांस होगी कि मशीनें, सेंसर और ब्लॉकचेन मिलकर हर लेन-देन खुद रिकॉर्ड कर लेंगे। टैक्स चोरी लगभग नामुमकिन हो जाएगी।



AI Images




भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है।

IRA 2026

बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां।

सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।

हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें।

वॉट्सऐप नंबर - 7003890071

# मेक्सिको का सबसे बड़ा ड्रग माफिया 'एल मेंचो' मारा गया


El Mencho

### सेना के ऐक्शन के बाद देश सुलग उठा, समर्थकों का पूरे देश में बवाल

### बख्तरबंद गाड़ियां, रॉकेट लॉन्चर जब्त, 25 नैशनल गार्ड्स की मौत

■ एपी, मेक्सिको सिटी

**मेक्सिको की** सेना ने देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना नेमेसियो ओसेगुएरा सर्वेंटेस उर्फ एल मेंचो (El Mencho) को रविवार को मार गिराया। इसके बाद देश का सबसे ताकतवर बन चुका गिरोह बिना लीडर के हो गया। इसके बाद देशभर में आगजनी और हिंसा शुरू हो गई। मेंचो के समर्थकों ने बदला लेने के लिए हाइवे को जाम कर दिया और गाड़ियों में तोड़फोड़ की। जेलिस्को में छह अलग-अलग हमलों में नैशनल गार्ड के 25 सदस्य भी मारे गए। 'एल मेंचो' मेक्सिको और अमेरिका में वॉन्टेड था।



पुलिस में भी रह चुका था मेंचो

मेक्सिको के रक्षा विभाग ने बयान में बताया कि ओसेगुएरा को पकड़ने के लिए जलिस्को राज्य के तापल्पा में चलाए गए अभियान में वह घायल हो गया। मेक्सिको सिटी ले जाए जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। यह राज्य फेंटानिल और दूसरे ड्रग्स की भारी मात्रा में अमेरिका में तस्करी करने वाले गिरोह का गढ़ है। अभियान के दौरान सैनिकों पर गोलीबारी हुई और मौके पर चार लोगों को मार गिराया गया। बयान में बताया गया कि दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया और बख्तरबंद गाड़ी, रॉकेट लॉन्चर और अन्य हथियार जब्त किए गए।

मेक्सिको में अमेरिकी एंबेसी ने 'एक्स' पर कहा कि यह अभियान मेक्सिको के विशेष बलों ने द्विपक्षीय सहयोग से चलाया और इस दौरान अमेरिका के अधिकारियों ने खुफिया जानकारी मुहैया कराई। मेक्सिको मेक्सिको का प्रमुख टूरिस्ट प्लेस है। यहां हजारों पर्यटक फंसे हुए हैं। एयरपोर्ट पर भी अफरातफरी रही।

Photos: AFP, PTI



**भड़की हिंसा** मेक्सिको के कई राज्यों में हिंसा भड़क गई। मेंचो समर्थकों की फोर्स के साथ झड़प भी हुई।

## विरोधियों को मारकर पुलों पर लटका देता था ग्रुप

NBT EXPLAINER

**Q कौन था एल मेंचो?**
एल मेंचो, जेलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल का लीडर था। जेलिस्को कार्टेल मेक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है। उसकी उम्र 59 साल थी। वह पुलिस अधिकारी भी रह चुका था। 2011 के आसपास अपना गैंग बनाया था। मेक्सिको दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करी नेटवर्क का गढ़ माना जाता है।

**Q अमेरिका से क्या है संबंध?**
इस कार्टेल की मौजूदगी पूरे अमेरिका में है। अमेरिका ने एल मेंचो पर 136 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप काफी समय से मेक्सिको पर एल मेंचो पर ऐक्शन लेने का दबाव बना रहे थे। मेक्सिको से कोकेन, हेरोइन, मेथ और फेंटेनाइल जैसे बेहद खतरनाक ड्रग्स अमेरिका तक पहुंचते हैं। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक देश में ड्रग्स की सबसे बड़ी सप्लाई मेक्सिकन कार्टेल्स के जरिए होती है।

**Q कितना खतरनाक है ड्रग माफिया का यह ग्रुप?**
जेलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल के पास मशीन गन, टैंक और बॉडी आर्मर से लैस ग्रुप हैं। कार्टेल के पास AK-47 और M-80 जैसी असॉल्ट राइफलों का जखीरा है। यह ग्रुप इतना ताकतवर था कि इसने रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड से सेना के एक हेलिकॉप्टर को गिरा दिया था। कार्टेल कभी-कभी लोगों को मारकर उनके शवों को पुलों से लटकाने के लिए भी जाना जाता है।



**Q भारतीय एंबेसी ने क्या दी सलाह?**
भारतीय एंबेसी ने अपने लोगों के लिए अडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि वे सावधानी बरतें और घरों के अंदर रहें। अगले आदेश तक वे सुरक्षित स्थानों पर रहें।

## नेपाल में हादसा, 17 की जान गई



PTI

■ **पीटीआई, काठमांडू:** नेपाल के धाडिंग जिले में गजुरी के पास रविवार देर रात एक यात्री बस के त्रिशूली नदी में गिर जाने से 17 लोगों की मौत हो गई। सशस्त्र पुलिस बल के प्रवक्ता विष्णु प्रसाद भट्ट के अनुसार, पोखरा से काठमांडू आ रही बस रविवार देर रात डेढ़ बजे काठमांडू से करीब 90 किलोमीटर पश्चिम में पृथ्वी राजमार्ग पर त्रिशूली नदी में जा गिरी, जिससे कई यात्री हताहत हो गए। भट्ट ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 17 शव बरामद किए गए हैं और बस से 28 घायल यात्रियों को निकाला गया। हादसे में मारे गए लोगों में एक यात्री न्यूजीलैंड का था।

# बांग्लादेश की सेना में बड़ा फेरबदल

■ पीटीआई/आईएएनएस, ढाका

**बांग्लादेश सेना** के शीर्ष स्तर पर बड़ा फेरबदल हुआ है। इसमें एक नए चीफ ऑफ जनरल स्टाफ (CGS) की नियुक्ति भी शामिल है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, सेना हेडक्वॉर्टर की ओर से जारी किए गए ये बदलाव प्रधानमंत्री तारिक रहमान की नई सरकार के 17 फरवरी को सत्ता संभालने के कुछ दिनों बाद हुए हैं। फेरबदल से प्रमुख रणनीतिक कमानों के साथ देश की प्रमुख सैन्य खुफिया एजेंसी भी प्रभावित हुई है।

'प्रोथोम आलो' ने रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल एम मैनुर रहमान को CGS के रूप में नियुक्त किया गया है। वह पहले सेना प्रशिक्षण और सिद्धांत कमान के प्रमुख या जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में काम करते थे।

> नई सरकार के सत्ता संभालने के कुछ दिनों बाद सैन्य कमानों में हुए बदलाव

भारत में बांग्लादेश हाई कमिशन के रक्षा सलाहकार, ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद हफिजुर रहमान को मेजर जनरल के उच्च पद और उन्नें के साथ एक पैदल सेना डिविजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्यभार संभालने के लिए बुलाया गया है। उधर, राजधानी ढाका के कलाबागान इलाके में पीएम तारिक रहमान की पार्टी के एक सदस्य को गोली मार दी गई। अज्ञात हमलावरों की गोलीबारी में बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (BNP) के घायल नेता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



तारिक रहमान

### राष्ट्रपति बोले, यूनुस संविधान के खिलाफ थे

■ **आईएएनएस, नई दिल्ली:** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने नई सरकार बनते ही मोहम्मद यूनुस के अंतरिम सरकार के शासनकाल पर गंभीर आरोप लगाए। साथ ही कहा कि उन्होंने देश के संवैधानिक राष्ट्रपति पद को नजरअंदाज किया। बांग्लादेशी मीडिया कालेर कंठो को दिए इंटरव्यू में यूनुस के शासनकाल को लेकर राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने कहा, "उन डेढ़ साल में मैं किसी चर्चा में नहीं रहा, फिर भी मेरे खिलाफ तरह-तरह की साजिशें रची जा रही हैं। देश की शांति खत्म करने और संवैधानिक खालीपन पैदा करने की कई कोशिशें हुई हैं। उन्होंने दो बार मेरे विदेश दौरे रोक दिए।" राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्य सलाहकार ने संविधान के किसी भी नियम का पालन नहीं किया।



मोहम्मद यूनुस

## LCA तेजस बनाने वाली कंपनी ने कहा, विमान क्रैश नहीं हुआ था

■ **आईएएनएस, नई दिल्ली:** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने सोमवार को कहा कि भारत का स्वदेशी फाइटर जेट LCA तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ है। तेजस से जुड़ी कुछ हालिया मीडिया रिपोर्ट्स पर यह प्रतिक्रिया आई है। कंपनी ने कहा कि कुछ खबरों में तथ्यों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। जिस घटना का जिक्र किया जा रहा है वह उड़ान के दौरान नहीं, बल्कि जमीन पर घटित एक मामूली तकनीकी घटना थी। इसे तुरंत संभाला गया। घटना से बड़ी क्षति की जानकारी नहीं है।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

## खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. मेक्सिको में मारे गए ड्रग माफिया का नाम क्या है?
   A. पाब्लो एस्कोबार B. एल मेंचो C. रिक रॉस
2. किस भारतीय राज्य के लड़के की कहानी पर बनी फिल्म 'बूंग' को बाफ्टा मिला है?
   A. मणिपुर B. मध्य प्रदेश C. केरल
3. बांग्लादेश में किसे चीफ ऑफ जनरल स्टाफ बनाया गया है?
   A. एम. मैनुर रहमान B. शफीकुर रहमान C. शहाबुद्दीन खान
4. मुकुल रॉय किस पार्टी के संस्थापकों में शामिल थे?
   A. BJP B. CPM C. TMC
5. राष्ट्रपति भवन में इनमें से किस स्वतंत्र सेनानी की प्रतिमा लगाई गई है?
   A. भगत सिंह B. जयप्रकाश नारायण C. सी. राजगोपालाचारी

**कल के जवाब**

A1 B. तेलंगाना A2 C. BJP A3 B. खलिलुर रहमान A4 A. नाहीरा जेराइश A5 A. अल्जाइमर

**लकी विनर्स**



1. आत्मा राम रतौया, नई दिल्ली
2. विश्वजीत, नई दिल्ली
3. पैथर तोमर, नई दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू, बचत 28 फरवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफर्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ पर सेविंग्स, फायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फायनान्स उपलब्ध है फायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफिक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफर नेयॉन और कार्बन फाइबर मॉडल्स पर.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: DELHI: CENTRAL DELHI: Karol Bagh BAGGALINK BAJAJ 011-23550011/9910399106 • NORTH DELHI: Pitampura BAGGALINK BAJAJ 9910399107 • Budh Vihar, Rohini BAGGALINK BAJAJ 9910399108 • Rithala BAGGALINK BAJAJ 9910399115 • Mahipalpur BAGGALINK BAJAJ 9910399119/239 • Najafgarh BAGGALINK BAJAJ 9910399235 • Raja Garden SWADESHI BAJAJ 9210600907 • G.T. Karnal Road SWADESHI BAJAJ 9212110787 • Wazirpur SWADESHI BAJAJ 9250211944 • Zakhira SWADESHI BAJAJ 9250211933 • Narela GLOBAL BAJAJ 9311300688 • Peeragarhi GLOBAL BAJAJ 9311300695 • Bawana GLOBAL BAJAJ 9311300699 • Burari GLOBAL BAJAJ 9711998154 • EAST DELHI • South Ganesh Nagar GLOBAL BAJAJ 9319420888/9319431888. •Jagatpuri, Krishna Nagar Metro Station GLOBAL BAJAJ–9319421555 •KONDLI, Main Market-Global Bajaj -9319423555 • Shahdara-Durgapuri Chowk RRAG BAJAJ -7678440243 • Bhajan Pura RRAG BAJAJ 7678440309 • Jhilmil RRAG BAJAJ 9289303905 • WEST DELHI: Dwarka JSB BAJAJ 8882210730 • Uttam Nagar, Metro Pillar No. 753 JSB BAJAJ 8882212366 • Tilak Nagar, Metro Pillar No. 533 JSB BAJAJ 7827786351; RAJAPURI - 8882212339; • Raja Garden SWADESHI BAJAJ 40044444 /9210600907 • SOUTH DELHI: Khanpur GURU NANAK BAJAJ 9899140708, 9654561373 • Pul Prahladpur GURU NANAK BAJAJ 8851652946 • Okhla -Phase-II MADHUR BAJAJ 9289906219/8447431069 • Adchini-Aurbindo Marg MADHUR BAJAJ 9560208232 • Lajpat Nagar , Near Jal vihar Circle -MADHUR BAJAJ 9319198612 • Ayanagar -MADHUR BAJAJ 9319198611 * HARYANA: Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Faridabad: NIT,Railway Road :- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Ballabgarh: ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517; SIKRI: 8178008100. • Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 01275-259233 • UTTAR PRADESH • Ghaziabad: SHIVA BAJAJ 8595167770 • Hapur: SHIVA BAJAJ 9760020028 • NOIDA SEC 6: SKYLINE BAJAJ 7065000365 • Noida SEC 63 KAY DEE BAJAJ 8750044099 • Greater Noida SKYLINE BAJAJ 7065000365 • Sahibabad: SHIVA BAJAJ 9311590335 • Meerut: • Pallavpuram BIKE ZONE BAJAJ 8527586748 Delhi Road: VIJETA BAJAJ 7302255106 • HARYANA Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Faridabad: NIT,Railway Road :- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Ballabgarh: ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517; SIKRI: 8178008100. • Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037 01275-259233.

# NBT GOOD न्यूज़

**क्रिएटिविटी बढ़ाए मुस्कान**
खुशमिजाज और मुस्कुराते हुए लोग समस्याओं का समाधान ज्यादा रचनात्मक तरीके से ढूंढ पाते हैं क्योंकि उनका दिमाग नए विचारों के लिए खुला रहता है।

## विचार

जीत और हार आपकी सोच तय करती है। अगर आप भरोसा करते हैं कि आप कर सकते हैं, तो पूरी ताकत से कोशिश करेंगे और रास्ते खोज लेंगे। लेकिन अगर पहले ही मान लें कि नहीं होगा, तो बिना लड़े ही हार मान बैठेंगे।
**-हेनरी फोर्ड** (Henry Ford)

## ज़रा हंस लें

**टीचरः** इरादे बुलंद होने चाहिए, पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
**पप्पूः** मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं।
**टीचरः** कैसे?
**पप्पूः** हैंड पम्प से...

## कविता : जिंदगी की सीख

बातें करो वहीं जहां कोई सुनने वाला हो,
दर्द और खुशी बयां करो वहीं,
जहां साथ में कोई बांटने वाला हो।
इंतजार उसका करो,

जो लौटकर आने वाला हो,
साथ उसका पकड़ो जो हर
कदम पर साथ निभाने वाला हो।
माना कि दुख-दर्द, संघर्ष है

इस जीवन में, पर इन से हारना मत,
क्या पता अगला पल खुशियों वाला हो।
मुश्किलें खुद हार मान लें तुम्हारे
साहस के आगे बस हुनर का स्वयं पर

विश्वास अडिग वाला हो।
उम्मीद की किरण हो सामने तो बढ़
जाना आगे.. क्या पता अंधेरे को दूर
करने सूर्य निकलने वाला हो।

**- लक्ष्मी गुप्ता, NBT रीडर**

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

**कहीं यूनिफॉर्म में आत्मविश्वास, तो कहीं आसान होती स्कूल की राह**

# सरकारी स्कूल में ब्लेजर से बदलाव की बयार

Shrinivasa.M
@timesofindia.com

■ **मैसूरुः** आमतौर पर सरकारी स्कूलों का नाम सुनते ही हमारे जेहन में सुविधाओं का अभाव और पुरानी तस्वीरें उभरती हैं, लेकिन कर्नाटक के चामराजनगर जिले के देशीपुरा गांव का एक स्कूल इस धारणा को पूरी तरह बदल रहा है। यहां के सरकारी उच्च प्राथमिक स्कूल में हफ्ते में तीन दिन नजारा किसी बड़े इंटरनेशनल स्कूल जैसा होता है। बच्चे न केवल साफ-सुथरी यूनिफॉर्म और चमकते जूतों में नजर आते हैं, बल्कि नीले रंग का 'ब्लेजर' पहनकर जब वे प्रार्थना सभा में खड़े होते हैं, तो उनका आत्मविश्वास देखते ही बनता है। यह बदलाव सिर्फ कपड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन बच्चों की आंखों में दिख रहे सपनों की कहानी है जो अक्सर खुद को प्राइवेट स्कूलों के मुकाबले कमतर महसूस करते थे। छठी क्लास में पढ़ने वाली प्रगति बड़े गर्व से कहती है, "जब मैं यह ब्लेजर पहनती हूं, तो मुझे खुद पर बहुत फख्र होता है। अब मुझे लगता है कि मैं भी उन बड़े स्कूलों के बच्चों की तरह आगे बढ़ सकती हूं और ऊंचे सपने देख सकती हूं।" प्रगति जैसे ही 36 बच्चों की आंखों में आज यही नया विश्वास चमक रहा है। इस पहल के पीछे किसी सरकारी योजना का हाथ नहीं, बल्कि हेडमास्टर इंचार्ज नंदिश ने, की अटूट निष्ठा है।






TOI

**एक टीचर का रिटर्न गिफ्टः** अपनी सर्विस के 10 साल पूरे होने पर नंदिश ने पार्टी करने के बजाय बच्चों को 'आत्मविश्वास' का तोहफा देने की ठानी। करीब 41,000 रुपये के इस खर्च में आधी रकम नंदिश ने खुद दी, जबकि बाकी माता-पिता ने मिलकर जुटाई।

### 'ब्लेजर पहनते ही बच्चों के चलने- बात करने के तरीके में आ जाती है एक नई गरिमा'


यह स्कूल उन बच्चों को शिक्षा देता है जो आदिवासी समुदायों और बेहद गरीब परिवारों से आते हैं। नंदिश जी का मानना है कि गरीबी बच्चों की शिक्षा में बाधा नहीं बननी चाहिए। वे कहते हैं कि ब्लेजर पहनते ही बच्चों के चलने और बात करने के तरीके में एक नई गरिमा आ जाती है। आज जब ये बच्चे ब्लेजर पहनकर गांव की गलियों से गुजरते हैं, तो पूरे गांव का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। यह कहानी हमें सिखाती है कि एक शिक्षक अपनी लगन से बच्चों की पूरी दुनिया बदल सकता है।

## बुज़ुर्ग दंपती ने दी नई वैन, पढ़ाई की राह बनेगी आसान

■ **टीजी राजीव, बेंगलुरुः** शहर में रहने वाले बुजुर्ग दंपती, राजीव तलवार और उनकी पत्नी चित्रा ने इंसानियत की अनूठी मिसाल पेश की है। करीब एक साल पहले उन्होंने एक महिला टीचर के संघर्ष की खबर पढ़ी, जो पुरानी वैन से बच्चों को स्कूल लाती-ले जाती थी। इस खबर ने राजीव और उनकी पत्नी को इतना भावुक किया कि उन्होंने कोलार के एक सरकारी स्कूल की मदद करने की ठानी। रिटायर हो चुके दंपती ने करीब 10 लाख रुपये खर्च कर स्कूल को एक नई वैन और एलकेजी-यूकेजी क्लास के लिए बुनियादी सुविधाएं दान की हैं। अमेरिका में गणित पढ़ा चुके राजीव की इस पहल ने इन स्कूली बच्चों का सफर आसान बना दिया है।

*एक टीचर की कहानी से प्रभावित होकर दी दान*

## पिघलती बर्फ में भी पोलर (Polar) बीयर (Bear) की पावर बरकरार



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

नॉर्वे के स्वालबार्ड में बर्फ तेजी से पिघल रही है, जिससे यह इलाका दुनिया में सबसे तेजी से गर्म होने वाला क्षेत्र बन गया है। इसके बावजूद, एक चौंकाने वाली रिसर्च सामने आई है, यहां रहने वाले पोलर बीयर (Polar bears) का वजन और आकार साल 2000 के बाद से कम होने के बजाय बढ़ा है। उत्तरी बारेंट्स सागर वैश्विक औसत से सात गुना तेजी से गर्म हो रहा है, जिससे यहां समुद्री बर्फ की अवधि दो महीने कम हो गई है। भालुओं को अब शिकार के लिए मीलों तैरना पड़ता है, फिर भी उनकी सेहत में सुधार दर्ज किया गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि बर्फ का दायरा घटने से भालुओं के लिए सील मछलियों का शिकार करना आसान हो गया है। साथ ही, भोजन की कमी पूरी करने के लिए वे अब पक्षियों के अंडे और रेनडियर का भी शिकार करने लगे हैं। हालांकि, नॉर्वेजियन पोलर इंस्टिट्यूट के विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यह सुधार अस्थायी है। अगर समुद्री बर्फ पूरी तरह खत्म हो गई, तो भोजन की यह उपलब्धता समाप्त हो जाएगी और पोलर बीयर का अस्तित्व गंभीर संकट में पड़ सकता है।

*नॉर्वे के स्वालबार्ड द्वीपसमूह में गर्मी बढ़ रही है, पर पोलर बियर का वजन कम होने के बजाय बढ़ रहा*



AFP

## रंगों और रौनक से भरे कार्निवल का आगाज़

फ्रांस के रिवेरा शहर नीस (Nice) में 141वें नीस कार्निवल का आगाज हो चुका है। इस दौरान 'फ्लावर परेड' में फूलों से लदी झांकियों और कलाकारों ने समां बांध दिया। परेड में रंगबिरंगी पोशाक पहने और झूमते-गाते सड़कों पर हजारों लोग उतरे। इस साल **Long live the Queen** थीम के साथ यह उत्सव 1 मार्च 2026 तक शहर को रंगों और रौनक से भरेगा।

**कई शेफ किताबों और फिल्मों की कहानियों को अपने फूड मेन्यू के जरिए टेबल पर उतार रहे हैं**

# अपने खाने से सिर्फ ज़ायका ही नहीं, परोस रहे हैं कहानी

Anjali.Jhangiani
@timesofindia.com

■ **पुणेः** आमतौर पर जब भी हम घर से बाहर लंच या डिनर के लिए जाते हैं, तो हमारा बस एक सिंपल तरीका होता है। ऑर्डर किया, खाना खाया, पेमेंट करी और चल दिए। लेकिन अब कुछ शेफ इस तरीके को बदल रहे हैं। वह अपने जायकेदार खाने की बदौलत स्टोरीटेलिंग कर रहे हैं। इनका फूड मेन्यू या तो किसी किताब से प्रेरित होता है या किसी फिल्म की कहानी बयां करता है।




### फिल्म के सीन्स जैसी परोसते डिश

पुणे के बानेर स्थित ओलिविया कैफे का हैरी पॉटर थीम मेन्यू, मेहमानों को जादुई दुनिया में ले जाता है। कैफे चलाने वाली ओलिविया अधिकारी ने Harry Potter and the Philosopher's Stone मूवी से शुरुआत कर पूरी सीरीज के साथ सिंक किया 12-कोर्स डिनर तैयार किया। हर शनिवार सीमित दर्शक फिल्म देखते हुए वही डिश चखते हैं जो सीन में दिखती है, जैसे हैग्रिड का मिनी केक, रेड टर्किश डिलाइट 'स्टोन', यूनिकॉर्न ब्लड ड्रिंक, स्पाइडर पिज्जा और बटरबीयर तक।



### किताबों को 'चखने' जैसा अहसास




मालाका स्पाइस का 'बुक क्लब विद पगडंडी' कैफे साउथ-ईस्ट एशियाई साहित्य पर आधारित 5-कोर्स मेन्यू पेश करता है, जहां हर डिश किसी किताब के पात्र, माहौल और स्थान को जीवंत करती है। रिसर्च प्रमुख इशिका चंद्रावरकर कहती हैं, बचपन से पढ़ने की शौकीन रहीं और किताबों में भोजन के जिक्र ने उन्हें प्रेरित किया। उनका ताजा मेन्यू 2011 के उपन्यास The Garden of Evening Mists पर आधारित था, जिसमें हर कोर्स सांस्कृतिक मेल-जोल की कहानी कहता है।

### कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्यों का जायका

दंपती शेफ नीतू सोलंकी और फरहान सुलेमानी का 12-कोर्स 'हिमसागर एक्सप्रेस' मेन्यू तीन दिन की ट्रेन यात्रा को स्वाद में पिरोता है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्यों की झलक हर डिश में मिलती है। दाल ढोकली से प्रेरित पास्ता और चूरी से जुड़ा कद्दू शरबत खास आकर्षण है। दक्षिण भारत स्नैक्स कोर्स में, महाराष्ट्र "केला केप्प भेल" और हरियाणा "चटनी पुलाव" बनकर सामने आता है। फरहान स्टेशन मास्टर की तरह मेहमानों को हर पड़ाव समझाते हैं, नीतू किचन संभालती हैं। कश्मीर का कोर्स चिनार पत्ती वाली प्लेट में परोसा जाता है।

# NBT स्पीकिंग ट्री धर्म कर्म

# कब है होली? ...जानें 3 या 4 मार्च को

## *3 मार्च को चंद्र ग्रहण भी पड़ रहा है, इसलिए इस दिन होली खेलना सही नहीं माना जा रहा*

## *भद्रा की वजह से होलिका दहन को लेकर भी संशय, इसके खत्म होने पर ही हो सकेगा दहन*

Poonam.Gaur
@timesofindia

■ **होली की** तारीख को लेकर लोगों के बीच कन्फ्यूजन बना हुआ है कि यह 3 मार्च को मनेगी या 4 मार्च को। ऐसा इसलिए होली वाले दिन चंद्र ग्रहण भी पड़ रहा है, जब होली खेलना सही नहीं माना जाता। ऐसे में कुछ लोग 3 मार्च की बजाय 4 मार्च को होली खेलने की बात कह रहे हैं। पंचांगों और पंडितों की भी इस बारे में अलग-अलग राय है।

सबसे पहले यह समझ लें कि होली दो हिस्सों में होती है। पहला दिन 'होलिका दहन' का होता है, जब रात में लकड़ी जलाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मनाया जाता है। दूसरा दिन रंगों की होली का होता है, जब लोग एक-दूसरे को रंग लगाते हैं।

**पंचांगों और पंडितों की भी इस बारे में अलग-अलग राय है**

File Photo



### होलिका दहन कब?

इस साल फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा की तिथि 2 मार्च की शाम 5:55 से 3 मार्च की शाम 5:07 तक रहेगी। साथ ही भद्रा काल भी लगेगा। होलिका दहन के लिए नियम यह है कि वह 'प्रदोष काल' में हो और उस समय भद्रा न हो। अखिल भारतीय ज्योतिष परिषद के महासचिव आचार्य कृष्णदत्त शर्मा के अनुसार, इस साल 2 मार्च को ही पूर्णिमा 'प्रदोष व्यापिनी' है, यानी प्रदोष काल को स्पर्श कर रही है। 3 मार्च को पूर्णिमा प्रदोष काल में नहीं आ रही। इसलिए शास्त्रों के अनुसार, होलिका दहन 2 मार्च को ही होना चाहिए। हालांकि भद्रा आधी रात के बाद सुबह 5:32 पर खत्म होगी। शास्त्रों में आधी रात के बाद होलिका दहन करना मना है। ऐसे में 2 मार्च को रात 8 बजे से 8 बजकर 53 मिनट के बीच, भद्रा मुख को छोड़कर, होलिका दहन करना सही रहेगा। प. दयाशंकर पराशर का कहना है कि 2 मार्च को पूर्णिमा के साथ ही भद्रा आरंभ हो जाएगी, जो 3 मार्च की सुबह 5:25 बजे तक रहेगी। इसलिए होलिका दहन 3 मार्च को भद्रा समाप्त होने के बाद करना उचित रहेगा।



### होली कब मनाएं?

ज्यादातर पंचांगों के अनुसार होली 3 मार्च को खेली जानी चाहिए, क्योंकि पूर्णिमा उसी दिन तक रहेगी। लेकिन इस बार 3 मार्च को दोपहर 3:20 से शाम 6:47 तक चंद्र ग्रहण भी है। ऐसे में सुबह से ही सूतक लग जाएगा। इसी वजह से 3 मार्च को रंग नहीं खेलने चाहिए। आचार्य आशीष शास्त्री का मत है कि चंद्र ग्रहण और सूतक के कारण 4 मार्च को होली खेलना ज्यादा सही होगा। आचार्य दिनेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार, होलिका दहन 2 मार्च की रात होगा, लेकिन यह रात 12:50 से 2:20 मिनट (3 मार्च की भोर) के बीच किया जाएगा। यह समय 'भद्रा की पूंछ' का है, जिसमें होलिका दहन किया जा सकता है। वहीं 3 मार्च को चंद्र ग्रहण की वजह से 3 मार्च को रंग खेलने से बचना चाहिए। इसलिए होली 4 मार्च को मनाई जाएगी।

### कैसे लें फैसला?

प. दयाशंकर पराशर कहते हैं कि विद्वानों की राय अलग-अलग हो सकती है। ऐसे में आम लोगों के लिए सही यही है कि वे अपने स्थानीय मंदिर, पंडित, समाज, परंपरा के अनुसार निर्णय ले सकते हैं, क्योंकि ज्योतिष में गणना और परंपरा, दोनों का महत्व माना जाता है।



**सत्संग**
डॉ. सुरक्षित गोस्वामी
योग गुरु

## जो देख, सुन और अनुभव कर रहे हैं वहीं चार्वाक दर्शन

AI Image



**या**वत् जीवेत् सुखं जीवेत्, ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्, अर्थात मनुष्य को जीवन रहते सुखपूर्वक जीना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर ऋण लेकर भी जीवन की जरूरतों और सुखों की पूर्ति की जा सकती है, क्योंकि शरीर नश्वर है और मृत्यु के बाद क्या होता है, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण किसी के पास नहीं है। यही चार्वाक दर्शन का मूल दृष्टिकोण है, जो वर्तमान जीवन और उसके भौतिक पक्ष को प्राथमिकता देता है।

हालांकि इस विचार का अर्थ अनैतिकता या असंयम नहीं है। इसका संकेत केवल इतना है कि मनुष्य जीवन की वास्तविकताओं और उपलब्ध संसाधनों को समझते हुए व्यावहारिक दृष्टि अपनाए। चार्वाक मत के अनुसार वही सत्य है जिसे इन्द्रियों द्वारा देखा, सुना या अनुभव किया जा सके। यह अनुमान, आस्था या शास्त्रीय प्रमाण को अंतिम सत्य नहीं मानता।


व्यावहारिक रूप से देखें तो अनेक लोग किसी न किसी रूप में इसी दृष्टिकोण से प्रभावित होते हैं। बाह्य रूप से धार्मिक या आध्यात्मिक होने के बावजूद वे धन, पद और यश की कामना रखते हैं। इसी कारण चार्वाक दर्शन आत्मा, पुनर्जन्म, स्वर्ग-नरक या ईश्वर जैसे सिद्धांतों को प्रमाण के अभाव में स्वीकार नहीं करता। यह जीवन को केवल इसी जन्म तक सीमित मानता है और मृत्यु के बाद किसी अस्तित्व को नहीं मानता। यद्यपि आध्यात्मिक पक्ष की उपेक्षा के कारण इसकी आलोचना हुई और इसे भोगवादी कहा गया, फिर भी इसका महत्व कम नहीं है। इसने भारतीय चिंतन में तर्क, प्रश्न और स्वतंत्र विचार की परम्परा को सशक्त किया।

**वर्तमान जीवन, भौतिक पक्ष को प्राथमिकता देता है चार्वाक दर्शन**

**ऐसे भेजें अपने सवाल**

आपके भी मन में है धर्म-कर्म से संबंधित कोई सवाल, कोई उलझन, जिसका चाहते हैं जवाब तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर लिखकर भेजें। अपने नाम, शहर/गांव का भी जिक्र करें। सब्जेक्ट में 'Dharma Karma' लिखें।

**ई-मेल करें**
**मंदिर वाली सेल्फी**



अर्जुन कुमावत ने गोल्डन टेंपल, अमृतसर से भेजी ये फोटो

**ऐसे भेजें अपनी सेल्फी**

nbtreader@timesofindia.com पर अपने और शहर/गांव के नाम के साथ व्हट्सऐप करें। मंदिर के बारे में भी जरूर लिखें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम अगले अंक में छापेंगे। सब्जेक्ट में लिखें- **Dharma Karma Selfie**

**सप्ताह के व्रत और त्योहार**
डॉ. अश्विनी शास्त्री


**24 फरवरी से 2 मार्च 2026**

***इस सप्ताह के बारे में विशेषः*** *इस सप्ताह का शुभारंभ फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि, कृत्तिका/रोहिणी नक्षत्र, ऐन्द्र/वैधृति योग, विष्टि करण और वृषभ राशि में चंद्र के अवस्थित होने के साथ आरंभ हो रहा है। इस सप्ताह आमलकी एकादशी को छोड़कर कोई अन्य बड़ा व्रत या त्योहार नहीं है। आमलकी एकादशी फाल्गुन मास में मनाई जाती है।*

# इस दिन आंवले के वृक्ष की पूजा करना शुभ

फाल्गुन मास के चंद्र महीने के दौरान शुक्ल पक्ष की एकादशी यानी ग्यारहवें दिन आमलकी एकादशी मनाने का विधान शास्त्रों में बताया गया है। अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से यह प्रायः फरवरी-मार्च के महीनों के बीच आती है। चूंकि आमलकी एकादशी फाल्गुन मास में मनाई जाती है इसलिए इसे फाल्गुन शुक्ल एकादशी भी कहा जाता है। आमलकी एकादशी के दिन, भक्त आंवला के पेड़ का पूजन करते हैं। ऐसा माना जाता है कि एकादशी के दिन इस पेड़ में भगवान विष्णु का वास होता है। आमलकी एकादशी का दिन होली के मुख्य उत्सवों की शुरुआत का प्रतीक है, जो रंगों का एक अनूठा हिंदू त्योहार है। ऐसा माना जाता है कि इस एकादशी को करने से उपासक भगवान विष्णु के पास वैकुंठ में पहुंच जाता है। आमलकी एकादशी के अनुष्ठान और महत्व का उल्लेख पुराणों में किया गया है और महर्षि वाल्मीकि द्वारा भी बताया गया था। हिंदू पुराणों में ऐसी असंख्य कहानियां और लोक कथाएं हैं जो आमलकी एकादशी व्रत की महानता की बात करती हैं। यह दिन बहुत शुभ माना जाता है और इसे विशेष अनुष्ठान और प्रार्थना के साथ वर्णित किया गया है। इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा हिंदू धर्म की विस्तृत प्रथा का एक प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व है। इस अवसर के दौरान, देवी लक्ष्मी की भी पूजा की जाती है क्योंकि उन्हें एक सर्वव्यापी देवता के रूप में जाना जाता है।

**आमलकी एकादशी (27 फरवरी, शुक्रवार)**



### आमलकी एकादशी का अनुष्ठान

आमलकी एकादशी के दिन, भक्त सूर्योदय के समय उठते हैं और शौच एवं स्नान आदि दैनिक क्रियाओं से निवृत्त होकर भगवान विष्णु और पवित्र आंवले के पेड़ की पूजा करते हैं। इस दिन मोक्ष प्राप्त करने के उद्देश्य से तिल और सिक्कों के साथ एक संकल्प लिया जाता है। भगवान विष्णु की पूजा करने के बाद, भक्त आंवले के पेड़ की पूजा करते हैं। वे पवित्र वृक्ष पर जल, चंदन, रोली, चावल, फूल और अगरबत्ती चढ़ाते हैं। यदि आंवले का वृक्ष उपलब्ध न हो तो तुलसी की पूजा की जा सकती है।

### क्या है व्रत की विधि

इस दिन सबसे पहले ब्रह्मवेला में उठकर स्नान आदि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प लेना चाहिये और पूरा दिन निराहार रहना चाहिये। स्नान से पहले मिट्टी का अपने शरीर पर लेपन करना श्रेयस्कर रहता है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 02-23-2026 22:14 Color:



## महानगर में आज



**आजादी के धागे**
अकला आर्ट्स फाउंडेशन और फोरम ऑफ इंजिनियरिंग एक्सपर्ट्स की एग्जिबिशन 'थ्रेड्स ऑफ फ्रीडम', गांधी दर्शन आर्ट गैलरी, गांधी दर्शन, राजघाट, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक।

**पहाड़ों के रंग**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'माउंटेन मैटाफर - 2', कन्वेंशन सेंटर फॉइअर, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। आर्टिस्ट आशु शर्मा की इस एग्जिबिशन का आनंद लिया जा सकता है।

**आरंभ**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में 'आरंभ', द थिएटर, लोदी रोड, शाम 7 बजे से। रजा फाउंडेशन के इस कार्यक्रम में मल्लार रक्षित के सरोद वादन, वरुण मिश्र के शास्त्रीय संगीत का आनंद आज लिया जा सकता है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

# रोडरेज में चलते टेंपो पर लटका युवक, मिला शव

## वजीराबाद में वारदात, साइड लगने पर टेंपो वाले से हुई थी बहस

Vishal.sharma3@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : वजीराबाद में रोडरेज की घटना सामने आई है। एक टेंपो ड्राइवर पर आरोप है कि वह बाइक सवार एक युवक को दूर तक लटकाए ले गया। इस दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में बाइक सवार युवक की कुचलकर मौत हो गई। पुलिस घटना को गैर इरादतन हत्या का केस मान कर चल रही है। दरअसल, जिस युवक की मौत हुई है, उसने आरोपी टेंपो ड्राइवर को रोकने की कोशिश की थी। फिलहाल मामले की जांच एडिशनल डीसीपी की निगरानी में चल रही है।

पुलिस के मुताबिक यह केस इशमनीत उर्फ मोनू के बयान पर दर्ज किया गया है, जो कि मुखमेलपुर गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बयान दिया कि वह रैपिडो बाइक चलाते हैं। यह घटना तीन दिन पहले की है। वह अपने दोस्त संत नगर बुराड़ी निवासी मनमीत सिंह के साथ बाइक से ISBT की तरफ जा रहे थे। उस समय बाइक को मनमीत चला रहे

AI Image



थे। जबकि वह पीछे बैठा था। मोबाइल बाइक में लगा हुआ था। शाम करीब 6 बजे वजीराबाद फ्लाईओवर से थोड़ा पहले एक टेंपो वाले ने बाइक को साइड से टच कर दिया। जिस पर मनमीत ने उस टेंपो वाले को हाथ देकर रुकवाने की कोशिश की। फिर पीछा किया टेंपो के आगे बाइक को लगा दिया। इस दौरान वह साइड में खड़ा हो गया। वहीं मनमीत ने बाइक से उतरते समय इशमनीत का फोन और बाइक की चाबी अपने पास रख ली थी। पुलिस के मुताबिक, टेंपो ड्राइवर से बहसबाजी के दौरान टेंपो को साइड से निकालने लगा। उसी समय मनमीत टेंपो पर लटक गए। टेंपो ड्राइवर स्पीड बढ़ाते हुए वजीराबाद फ्लाईओवर की तरफ बढ़ा। इशमनीत वहीं खड़े रह गया। कुछ देर बाद वह बाइक को पैदल ही लेकर वजीराबाद फ्लाईओवर की तरफ गए। इशमनीत का दावा है कि उसने किसी अनजान शख्स का फोन लेकर मनमीत के फोन पर कॉल मिलाया तो पता चला कि उसका एक्सीडेंट हो गया है। मनमीत वजीराबाद फ्लाईओवर के ऊपर पड़ा था, जिसकी मौत हो चुकी थी। कॉल मिलने पर वजीराबाद थाने की पुलिस पहुंची। पुलिस को घटनास्थल पर प्रत्यक्षदर्शी से मालूम चला कि आरोपी टेंपो वाला मनमीत को काफी दूर तक लटकाते हुए स्पीड में ले गया था।

> गैर इरादतन हत्या का केस मानकर चल रही पुलिस, कर रही जांच

पुलिस अफसर का कहना है कि यह घटना रोडरेज की है। इस पूरी घटना की जांच एडिशनल डीसीपी के सुपरविजन में एसीपी को सौंपी गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक किए जा रहे हैं। मुमकिन है कि पुलिस इस घटना में लापरवाही से हुई मौत की धारा को चेंज कर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर सकती है। वहीं, आरोपी ड्राइवर और टेंपो की तलाश है।

# शादी में आए युवक का हेड कॉन्स्टेबल ने किया मर्डर

■ NBT रिपोर्ट, वजीराबाद

AI Image



वजीराबाद इलाके में बागपत से शादी में आए युवक को दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल ने लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि हेड कॉन्स्टेबल प्रवेश, उसके भाई संदीप और साले विपिन को वजीराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि HC प्रवेश अभी नॉर्थ ईस्ट सर्कल यानी भजनपुरा में ट्रैफिक यूनिट में पोस्टेड है। वह 2008 में दिल्ली पुलिस में शामिल हुआ था।

पुलिस अफसर के मुताबिक 23 फरवरी तड़के वजीराबाद थाने की पुलिस को कॉल मिली कि एक शख्स को गोली मार दी गई है। घायल को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची जहां मृतक की पहचान आशीष के तौर पर हुई। वह मूल रूप से गांव काठा, बागपत यूपी के रहने वाले थे। अस्पताल में उनके सगे भाई अनुज ने भर्ती कराया था। अनुज ने पूछताछ में बताया कि वह अपने भाई आशीष और दूसरे लोगों के साथ गुलशन वाटिका, गली नंबर 14/4, वजीराबाद में अपने पड़ोसी गौरव की शादी में शामिल होने आए थे। भाई आशीष एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट में MTS के तौर पर काम करता था। उसके गांव का पड़ोसी प्रवेश नाम का युवक अपने भाई संदीप और साले विपिन और विकास के साथ शादी में आया था। प्रवेश दिल्ली पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल है और उसके पास लाइसेंसी पिस्टल है।

> लाइसेंसी पिस्टल से मारी गोली, पत्नी से संबंध का था शक

अनुज ने आरोप लगाया कि प्रवेश की उसके भाई आशीष से दुश्मनी थी क्योंकि उसकी पत्नी और उसके भाई के बीच संबंधों का शक था। 3-4 महीने पहले प्रवेश ने इस बारे में अपने पिता सतपाल से शिकायत की थी। उस समय मामला सुलझ गया था। लेकिन प्रवेश उसे जान से मारने की धमकी दे रहा था। सोमवार जब वह अपने भाई आशीष और दूसरे लोगों के साथ अपने गांव जाने वाला था, तभी प्रवेश उसके भाई संदीप और उसके साले विकास और विपिन ने आशीष को पकड़ लिया और पिस्टल से उसे मारना शुरू कर दिया। उन्होंने उसके भाई आशीष के सीने में गोली मार दी और भाग गए।




## शादी समारोह में कहासुनी, मारा चाकू

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली कैंट इलाके में शादी समारोह के दौरान मामूली कहासुनी खूनी झगड़े में बदल गई। प्लेट में खाना भरकर घर ले जाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने मेजबान पर चाकू से हमला कर दिया।




## स्पेशल वर्कशॉप में मुफ्त में सीखें भरतनाट्यम

### वर्कशॉप में आपको डेमो के जरिए बारीकी से स्टेप्स बताए जाएंगे





गुरु सिंधु मिश्रा

नवभारत टाइम्स का रंगमंच क्लब लेकर आया है भरतनाट्यम की स्पेशल फ्री वर्कशॉप जिसमें नाट्य रत्न अवॉर्ड और दिल्ली सरकार के स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित गुरु श्रीमती सिंधु मिश्रा से भरतनाट्यम के बेसिक्स सीखने का मौका मिलेगा। इस वर्कशॉप में बिगिनर्स और डांस सीखने के इच्छुक व्यक्ति हिस्सा ले सकते हैं।

NBT रंगमंच Club

**आप क्या सीखेंगे**
- भरतनाट्यम के बेसिक पोस्चर
- बेसिक स्टेप्स
- हस्त मुद्रा
- रिदम और कोऑर्डिनेशन की समझ

तारीख: 25 फरवरी 2026 समय: दोपहर 3 से शाम 4 बजे तक फीस: नि:शुल्क

वर्कशॉप में हिस्सा लेने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें। आप 7003890071 पर कॉल या वॉट्सऐप भी कर सकते हैं।

## ई-रिक्शा ड्राइवर को मारी गोली

■ NBT रिपोर्ट, शाहबाद डेयरी: शाहबाद डेयरी इलाके में अखाड़ा के पास एक ई-रिक्शा ड्राइवर को गोली मारने का मामला सामने आया है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान राजेश के रूप में हुई है। पुलिस अफसर ने बताया कि रविवार रात को पुलिस को सूचना मिली कि एक शख्स को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की एक टीम तुरंत अस्पताल पहुंची जहां जख्मी की पहचान राजेश पासवान के तौर पर हुई। जांच में पुलिस को पता चला कि राजेश, शाहबाद डेयरी इलाके का रहने वाला है और ई-रिक्शा चलाता है। उस पर दो मामले दर्ज हैं।




## बदला लेने के लिए चाकू मारकर हत्या

■ NBT रिपोर्ट, बुध विहार : बुध विहार में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राजा उर्फ मंगल के तौर पर हुई है। पुलिस को पता चला कि तीन दिन पहले मामूली झगड़ा होने के बाद आरोपियों ने बदला लेने के लिए आधी रात को हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उनकी तलाश की जा रही है।

> पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है

पुलिस अफसर के मुताबिक 23 फरवरी को रात 12:30 बजे बुध विहार पुलिस थाने को एक PCR कॉल मिली। बताया गया कि सेक्टर-24, रोहिणी जेजे कॉलोनी में एक लड़के के पेट में चाकू मारा गया है। पुलिस मौके पर पहुंची। राजा उर्फ मंगल सिंह(25) को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# दिल्ली घूमने आए युवक की मंगोलपुरी में चाकू मार हत्या

■ NBT न्यूज, मंगोलपुरी

मंगोलपुरी इलाके में रविवार रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पार्क में उस पर ताबड़तोड़ कई वार किए गए। गंभीर हालत में उसे संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान लालू के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और 3 फरवरी को अपने मामा के घर दिल्ली घूमने आया था। होली के बाद उसे वापस बिहार जाना था।

> बॉडी पर 5 जगह चाकू मारे गए, इलाज के दौरान युवक की हुई मौत

परिवार के मुताबिक वारदात रात 8 बजे के बाद हुई। लालू ने घर से कहा था कि वह बाथरूम करके आ रहा है। पार्क में अंधेरा था। कुछ देर बाद उसकी आवाज आई। जब परिजन पहुंचे तो वह खून से लथपथ पड़ा था। मामी सविता देवी ने बताया कि वे उसे कंधे पर उठाकर अस्पताल ले गए। रास्ते में लालू ने बताया कि आरोपियों ने पेट, पीठ और कंधे पर 5 जगह चाकू मारा। उसने कहा कि उसके पास बचाव के लिए कुछ नहीं था तो उसने मिट्टी उठाकर हमलावरों पर फेंकने की कोशिश की। इसके बाद आरोपियों ने पेट में चाकू घुसाकर घुमा दिया। रास्ते में उसने मामी से कहा कि मैं मरना नहीं चाहता, मैं जीना चाहता हूं, आप मुझे बचा लेना।

परिवार के सदस्य मलखान ने बताया कि अस्पताल में लालू करीब एक घंटे तक जिंदा रहा लेकिन ज्यादा खून बह जाने से उसकी सांसें धीरे-धीरे कमजोर होती गईं और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंतेश ने कहा कि लालू की न तो किसी से दुश्मनी थी और न कोई खास जान पहचान। वह आरोपियों को भी नहीं जानता था। परिवार का कहना है कि पार्क में नशे की गतिविधियां बढ़ रही हैं और यह घटना उसी से जुड़ी हो सकती है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगोलपुरी थाना पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया है। मौके से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया गया है।

## नाबालिग पर ब्लेड से हमला, केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : आरके पुरम इलाके में 14 साल की लड़की पर ब्लेड से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि पुरानी कहासुनी को लेकर कुछ लड़कियों और उनके साथ आए दो लड़कों ने सेक्टर-3 के एक पार्क में घेरकर चेहरे और हाथ पर ब्लेड से वार किया। पुलिस ने 21 फरवरी को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नाबालिग अपने परिवार के साथ छतरपुर में रहती है। 20 फरवरी की शाम वह अपनी दोस्त सिया के साथ सेक्टर-3 स्थित पार्क में बैठी थी। तभी एक लड़की ने पीछे से उसे पकड़ लिया और ब्लेड से हमला कर दिया।

## 'जमानत अर्जी पर तुरंत सुनवाई हो'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट को निर्देश दिया कि वह कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी लीना पॉलोज की जमानत याचिका पर तीन सप्ताह में निर्णय ले। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अगुवाई वाली बेंच ने लीना की ओर से पेश वकील की दलील पर ध्यान दिया कि जमानत याचिका हाई कोर्ट में एक वर्ष से अधिक समय से लंबित है। सुप्रीम कोर्ट याचिकाकर्ता द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

AI Image



## पीयूष मिश्रा के शो के लिए आज ही बुक करें सीट





दिग्गज ऐक्टर पीयूष मिश्रा ने अदाकारी के साथ-साथ अपनी गायकी से भी सबका दिल जीता है। उनका गाना 'आरंभ है प्रचंड' इतना फेमस हुआ कि अब तक उन्होंने जितने भी शो किए सभी हाउसफुल रहे। इसके साथ ही उन्होंने अपने खास गानों की श्रृंखला से हर किसी का दिल जीता है। अगर आप भी उनके शो का इंतजार कर रहे हैं, तो नवभारत टाइम्स लेकर आया है पीयूष मिश्रा के साथ आरंभ 2.0 इंडिया टूर, जिसके तहत अब दिल्ली में उनका कॉन्सर्ट होने जा रहा है। 7 मार्च 2026 को शाम 7 बजे **एनएसआईसी एग्जीबिशन ग्राउंड, गेट नंबर 6, ओखला** में वह परफॉर्म करने वाले हैं। सबसे खास बात है कि इस शो में वह अपने गाने 'आरंभ' का नया वर्जन आरंभ 2.0 भी परफॉर्म करेंगे। अगर आप भी इस खूबसूरत और दिल को छूने वाले शो में शामिल होना चाहते हैं तो ऊपर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें और अपनी सीट बुक करें। (नियम व शर्तें लागू)

## ट्यूशन के बहाने घर बुलाकर रेप

■ NBT रिपोर्ट, विजय विहार : ट्यूशन के लिए बच्चे अरेंज करने के बहाने एक युवती से कथित तौर पर सेक्सुअल असॉल्ट का मामला सामने आया है। विजय विहार पुलिस ने युवती के बयान पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अफसर के मुताबिक 23 फरवरी को रोहिणी निवासी 35 साल की एक युवती विजय विहार थाने आई। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह चिंटू उर्फ राकेश नाम के स्नैक्स बेचने वाले को लगभग 15 साल से जानती है जिसे 'चिंटू मोमोज वाला' के नाम से जाना जाता है। महिला का आरोप है कि 20 फरवरी को शाम करीब 5:30 बजे कथित तौर पर वह उसे अपने घर ले गया। उसने झांसा दिया कि ट्यूशन के लिए बच्चों का इंतजाम करा देगा।

AI Image



वह उसके साथ विश्वास में चली गई। आरोप है कि इसके बाद घर के अंदर वह यह कहते हुए ले गया कि उसे अपनी पत्नी से मिलवाएगा। लेकिन जब वह अंदर पहुंची तो वहां कोई और मौजूद नहीं मिला। उसने आरोप लगाया कि उसने नशे में धुत होकर उसका सेक्सुअल असॉल्ट किया और बाद में उसे उसके घर के पास छोड़ दिया। उसने कथित तौर पर यह भी धमकी दी कि अगर उसने घटना के बारे में बताया तो वह उसके भाई को कुछ तस्वीरें दिखा देगा।



# IDFC First बैंक घोटाले की जांच ACB को, CM ने कहा- एक-एक पैसा सुरक्षित

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

IDFC फर्स्ट बैंक के चंडीगढ़ ब्रांच में हरियाणा सरकार के अकाउंट्स से जुड़े 590 करोड़ रुपये के फ्रॉड का मामला सामने आने के बाद विपक्षी कांग्रेस ने सोमवार को विधानसभा में जोरदार हंगामा किया। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जांच की घोषणा की। CM सैनी ने सदन को भरोसा दिलाया कि जांच के आदेश दे दिए गए हैं और राज्य का एंटी-करप्शन ब्यूरो और विजिलेंस मामले की जांच कर रहे हैं।

**590 करोड़ के फ्रॉड का है मामला, विपक्ष ने की नारेबाजी**

सैनी ने कहा कि चाहे बैंक का कर्मचारी हो या कोई भी सरकारी कर्मचारी, जो भी इसमें शामिल पाया जाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। CM ने असेंबली में बताया कि हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से सरकारी काम के लिए IDFC फर्स्ट बैंक को डी-एम्पैनल्ड कर दिया है। यानी अब यह बैंक सरकार के अधिकृत बैंकों की सूची से हटा दिया गया है।

रविवार को एक रेगुलेटरी फाइलिंग में IDFC फर्स्ट बैंक ने कहा था कि उसने बैंकिंग रेगुलेटर को बताया है और पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। IDFC फर्स्ट बैंक की फाइलिंग में कहा गया है कि पहली नजर में, चंडीगढ़ की एक खास ब्रांच में कुछ कर्मचारियों द्वारा हरियाणा राज्य सरकार के कुछ खास अकाउंट्स में बिना इजाजत और धोखाधड़ी वाली गतिविधियां की गई हैं और इसमें शायद दूसरे लोग/एंटिटी/काउंटरपार्टी भी शामिल हो सकते हैं।

सोमवार को विपक्ष के नेता भूपिंदर हुड्डा ने हरियाणा असेंबली में यह मुद्दा उठाया। हुड्डा ने कहा कि बैंक ने गड़बड़ियों का पता लगाया और मांग की कि सरकार सदन को बताए कि उसने क्या कार्रवाई की है। CM सैनी ने कहा, हम मामले की बहुत गंभीरता से जांच कर रहे हैं। ACB इसकी जांच कर रही है। हमारी सरकार ट्रांसपेरेंट तरीके से काम करती है। यह ऐसा मुद्दा नहीं है जिसे हम हल्के में लेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गड़बड़ी पता चलने के बाद, सरकार ने तुरंत फंड दूसरे बैंक में ट्रांसफर करने का फैसला किया है। उधर, बैंक ने कहा कि यह मामला हरियाणा सरकार से जुड़े कुछ खास अकाउंट्स तक ही सीमित है। दूसरे कस्टमर्स तक नहीं फैला है।

> **IDFC फर्स्ट बैंक में से 590 करोड़ रुपये के में से 450 करोड़ रुपये के लगभग की FD थी। बाकी पैसा खातों में था। सरकार का एक रुपया भी कहीं नहीं जाएगा। सारा पैसा सुरक्षित है और ब्याज समेत वापस आएगा।** – *नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री, हरियाणा*


PTI
विधानसभा में CM नायब सिंह सैनी ने IDFC मसले पर जानकारी दी।

### बैंक का शेयर एक दिन में 16% तक गिरा

■ **IDFC First** Bank के शेयरों में पिछले कई वर्षों में सबसे भीषण गिरावट देखने को मिली है। सोमवार को बैंक के शेयर करीब 16% नीचे बंद हुए, जो मार्च 2020 के बाद का एक दिन का सबसे खराब प्रदर्शन है। शेयर की कीमत गिरने की वजह से निवेशकों में भय पैदा हो गया है और बैंक का बाजार मूल्य भी काफी कम हो गया है। एक समय यह गिरावट 20% तक पहुंच गई थी। उधर, IDFC फर्स्ट बैंक के MD और CEO वी. वैद्यनाथन ने कहा कि हमने सलाहकार कंपनी KPMG को रविवार को ही इसके लिए नियुक्त किया है। इसकी स्वतंत्र 'फॉरेंसिक ऑडिट' चार से पांच सप्ताह में पूरा होने की उम्मीद है।

### हमारी नजर है, कोई बड़ा खतरा नहीं: RBI

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए है, लेकिन वित्तीय स्थिरता को कोई बड़ा खतरा नहीं है। IDFC फर्स्ट बैंक में धोखाधड़ी पर मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा, हम किसी व्यक्तिगत बैंक या विनियमित संस्था पर टिप्पणी नहीं करते। हम हालात पर नजर रखे हुए हैं और यह किसी तरह की सिस्टमैटिक समस्या नहीं है। गवर्नर ने कहा कि भारत का बैंकिंग सिस्टम मजबूत स्थिति में है, जिसे पर्याप्त पूंजी और लिक्विडिटी का समर्थन है। बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (कैपिटल एडेक्वेसी रेश्यो-CAR) फिलहाल करीब 17 प्रतिशत है, जो काफी मजबूत स्तर माना जाता है।

## दुष्यंत चौटाला ने कहा, घोटाले की न्यायिक जांच की जाए

■ **NBT न्यूज, भिवानी:** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को भिवानी में आयोजित एक सम्मेलन में बीजेपी सरकार पर हमला बोलते हुए 590 करोड़ रुपये के IDFC फर्स्ट बैंक घोटाले की न्यायिक जांच की मांग की और कहा कि इस मुद्दे पर पार्टी जल्द राज्यपाल से मिलेगी। उन्होंने CM नायब सिंह सैनी पर हरियाणा की बजाय पंजाब दौरों में व्यस्त रहने का आरोप लगाया और कहा कि पहले प्रदेश के बिगड़े हालात सुधारे जाएं। दुष्यंत ने बढ़ते कर्ज, पेंशन और बीपीएल कार्ड कटौती के मुद्दे उठाए। जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि बीजेपी सरकार के जनविरोधी फैसलों के खिलाफ अकेली जेजेपी सड़क पर संघर्ष करके जनता की आवाज बुलंद कर रही है।

## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** (21 Mar - 19 Apr)
अगर आप योजनाबद्ध तरीके से चलेंगे तो कोई संदेह नहीं कि आप कार्यक्षेत्र में परेशानियों को दूर कर लेंगे। जब भी आपको छोटे-मोटे कार्य या सहायता की जरूरत होगी तो आपको इन्हीं लोगों का भरोसा करना होगा जो आप आपके विरुद्ध चल रहे हैं। इसलिए सावधानीपूर्ण तरीके से काम लें।

**TAURUS** (20 Apr - 20 May)
आज आप कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाई महसूस कर रहे हैं। एक साथ कई प्रकार के काम हाथ में ले लेने से ऐसा महसूस हो रहा है। आज का दिन मिश्रित फलदायक है। यदि आप समय के अनुसार चल रहे हैं तो जरूरत के मुताबिक यह भी महसूस कर रहे हैं कि आपको रिस्क लेने के लिए तैयार रहना है।

**GEMINI** (21 May - 21 Jun)
काफी समय के बाद आज आपको अपने व्यक्तिगत जीवन पर सोच-विचार करने की फुर्सत मिलेगी। आगामी दिनों को ध्यान में रखते हुए आपको अपने वस्त्र-आभूषण आदि का रखरखाव भी समय पर करना लेना चाहिए। शाम का समय परिवार और प्रियजनों के साथ व्यतीत करेंगे।

**CANCER** (22 Jun - 22 Jul)
आज के दिन आपके लिए ढेर सारे कार्यक्रम तैयार पड़े हैं। एक ओर जहां आपको आगे की जाने वाली यात्रा का बंदोबस्त करना है वहीं अपने काम को बढ़ाने के लिए संपर्क और सांठगांठ भी करने हैं। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। बेवजह किसी से बहस में न पड़ें अन्यथा शत्रुओं की वृद्धि होगी।


**LEO** (23 Jul - 22 Aug)
आज के दिन आपको अपने कामकाज के अलावा रोमांस और मन की इच्छाओं का भी ध्यान रखना पड़ेगा। भाग्य की एक रेखा आपके जीवन में खींची जा रही है। कभी-कभी ज्यादा परिश्रम करते-करते जब आप बोर हो जाते हैं तो मनोरंजन में खो जाते हैं। दोनों में संतुलन बनाकर रखिए।

**VIRGO** (23 Aug - 22 Sep)
अपने रचनात्मक कार्यों की बजाय प्रेम, रोमांस और भाग्य और सौभाग्य को ही अपने ज्यादा महत्व दिया है। यदि इन सबसे पहले रचनात्मक कार्यों में ज्यादा तल्लीन रहते तो आपको अपने परिवार का भी समर्थन मिल जाता। अब हालत ऐसी भी हो सकती है कि आपके प्रियजन आपसे नाराज हो सकते हैं।

**LIBRA** (23 Sep - 22 Oct)
अपने स्वास्थ्य को लेकर आज के दिन आपको कुछ जरूरी कदम उठाने आवश्यक हैं। डॉक्टर से रुटीन जांच कराने को लेकर परामर्श ले लें तो बेहतर होगा। इस चर्चा के साथ ही अपने अधीनस्थों की भलाई की भी चिंता करनी पड़ेगी। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो आप किसी समस्या से घिर जाएंगे।

**SCORPIO** (23 Oct - 21 Nov)
आपके जीवन में कई प्रकार के बदलाव और उतार चढ़ाव इस दौरान आ रहे हैं। आज भी आप अपने मनचाहे स्वभाव के कारण प्रेम और नफरत के दायरे में घूम रहे हैं। यह अस्थिरता और पलायन करने की नीयत भी आपके जीवन में उत्पन्न हो रही है। नकारात्मक विचारों को न आने दें।

**SAGITTARIUS** (22 Nov - 21 Dec)
रोमांस के मामले में आपके जीवन में नफरत और प्रेम का तीखा जोखिम बनकर रहता है। आपमें से कई लोग ऐसे हैं जिनको इन दिनों अपने गृहस्थ जीवन को संवारने में काफी मेहनत करनी पड़ रही है। कुछ लोग अपने प्रेम संबंधों को विवाह में तब्दील करने की कोशिश भी कर सकते हैं।



**CAPRICORN** (22 Dec - 19 Jan)
आज के दिन आप अपने वरिष्ठ दाम्पत्य जीवन तथा माता पिता सहित सास और परिवार के सदस्यों पर अधिक केंद्रित हो सकते हैं। यदि आप नौकरी पेशा हैं तो आपको किसी अच्छे काम का पुरस्कार भी मिल सकता है। घर में आपका माहौल बहुत शांत है और यह सब आपने प्रयत्न पूर्वक लाया है।

**AQUARIUS** (20 Jan - 18 Feb)
आज आपको अपने मन पर पूरा ही नियंत्रण रखना पड़ेगा। किसी साथी या पड़ोसी के द्वारा कही गई बात पर आप अचानक ही भड़क सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि झगड़ा मोल लेने के बाद सुलह सफाई करने की भी गुंजाइश रखनी चाहिए। कोशिश करें कि झगड़े में न पड़ें।

**PISCES** (19 Feb - 20 Mar)
बृहस्पति की सहायता से आप कार्यक्षेत्र में अच्छी तरक्की और यश बटोर सकते हैं। अगर गंभीर होकर अपने कार्य में तत्पर हैं तो उन्नति की उच्च सीमा तक भी जा सकते हैं। समय का सहयोग अगर मिलता रहा और आपकी इच्छाशक्ति इसी तरह से कायम रही तो यह लक्ष्य भी दूर नहीं होगा।

# पानीपत में भड़के मजदूरों का अर्धसैनिक बलों पर पथराव

■ NBT न्यूज, पानीपत

**पानीपत रिफाइनरी** में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों मजदूर सोमवार को अचानक बेकाबू हो गए और अर्धसैनिक बलों पर पथराव कर दिया। उन्होंने निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स के पास खड़ी कई गाड़ियों को पलट दिया और 10 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ की। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी रिफाइनरी पहुंच गई। पुलिस और सुरक्षा बलों ने मिलकर उग्र मजदूरों को खदेड़ा और माहौल को किसी तरह शांत कराया।

रिफाइनरी के अंदर कई प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। यहां कई ठेकेदारों के अंदर करीब 35 से 40 हजार मजदूर अलग-अलग साइटों पर काम कर रहे हैं। तय घंटे से अधिक काम, अधिकारियों के दुर्व्यवहार समेत अन्य मुद्दों को लेकर मजदूरों ने सोमवार को प्रदर्शन की घोषणा की थी। लेकिन मजदूर लाठी-डंडों से लैस होकर आगे बढ़ने लगे। वहां मौजूद सुरक्षा बलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो कुछ मजदूरों उग्र होकर पथराव कर दिया। इसके बाद हालात बेकाबू हो गए।

DSP सिटी राजबीर ने कहा कि पुलिस ने कानून व्यवस्था को संभाल लिया है। साथ ही मजदूरों के पदाधिकारियों से बात की गई है। उन्होंने अपनी कुछ मांगें लिखित रूप में दी हैं। अभी माहौल शांतिपूर्वक है। मजदूरों का कहना है कि उनकी ड्यूटी टाइम निर्धारित होनी चाहिए। उनसे 12 घंटे तक काम लिया जा रहा है, जबकि उन्हें ओवरटाइम की सैलरी भी नहीं दी जा रही है।


NBT
पानीपत रिफाइनरी में गुस्साए मजदूरों ने कई गाड़ियों को पलट दिया और तोड़फोड़ की। पुलिस ने उग्र मजदूरों को खदेड़ा।

# रिसेप्शन पार्टी में मामूली बात पर झगड़ा, बीच-बचाव कर रहे युवक का मर्डर

■ NBT न्यूज, अंबाला


**अंबाला कैंट** में शादी की रिसेप्शन पार्टी के दौरान मामूली कहासुनी ने खूनी रूप ले लिया। कुछ युवकों के गुट ने 3 अन्य युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। इनमें 22 वर्षीय सोनू की जान चली गई, जो बीच-बचाव कर रहा था, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की CCTV फुटेज सामने आई है, जिसमें पूरी वारदात कैद है।

जानकारी के अनुसार, अंबाला सिटी के दुर्गा नगर निवासी सोनू (22) अपने दोस्तों भूपिंद्र (20) और जसराज जस्सा (19) के साथ रविवार रात को अंबाला-जगाधरी रोड पर स्थित सिया वाटिका पैलेस में शादी की रिसेप्शन पार्टी में शामिल होने पहुंचा। जब ये तीनों पैलेस की पार्किंग में मौजूद थे, तभी 7-8 हमलावरों ने पहले जसराज उर्फ जस्सा पर हमला किया। फिर बीच-बचाव करने आए सोनू और भूपिंद्र पर चाकू से वार किए। पीठ में छुरा घोंपने से सोनू की मौत हो गई। जस्सा को पीजीआई चंडीगढ़ में सोमवार को हालत नाजुक थी।

**घायल दो युवकों का चल रहा है इलाज, पुलिस गिरफ्तारी में जुटी**

सोनू अंबाला में जैन स्कूल की वैन का ड्राइवर था। अभी शादी नहीं हुई थी। सोनू का दोस्त जसराज उर्फ जस्सा डेकोरेशन का काम करता है। जस्सा को सिया वाटिका सजाने का काम मिला था। रविवार को छुट्टी होने से जस्सा के दोस्त सोनू और भूपिंद्र भी उसके साथ चले गए थे। पार्किंग में जसराज की युवकों से बहस हुई तो शोर सुनकर सोनू और भूपिंद्र भी वहां पहुंच गए। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि बहस किस बात को लेकर हुई। हालांकि चर्चा यह है कि जस्सा का पहले ही किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। जब पार्किंग में आरोपियों ने उसे देखा तो पहले बहस की और फिर उस पर हमला कर दिया।

**पुलिस ने क्या कहा?:** अंबाला कैंट थाने के SHO लखबीर सिंह ने बताया कि जांच अधिकारी चांदी लाल घायल के बयान लेने चंडीगढ़ गए हैं। बयान के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि झगड़े की असल वजह क्या थी और हमलावर कौन थे। फिलहाल, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।


'सिया वाटिका पैलेस' में रविवार रात चाकू से वार करते आरोपी।

### CCTV फुटेज में नजर आए हमलावर


घटना की जो सीसीटीवी फुटेज सामने आई है, उसमें दिख रहा है कि पहले 6-7 युवक खड़े होकर बहस कर रहे हैं। फिर अचानक झगड़ा बढ़ जाता है और युवाओं की टोली चाकू और छुरे से हमला कर देती है। एक को दो-तीन युवक घेरकर गिरा देते हैं। तभी पीछे से आया युवक पीठ में छुरा घोंप देता है।

# गीता यूनिवर्सिटी में आग, छत उड़ी, तीन झुलसे

■ **NBT न्यूज, पानीपत:** पानीपत की गीता यूनिवर्सिटी परिसर में बने कैफे में रविवार रात को भीषण आग लग गई। वहां खाना खाने आए दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भागकर अपनी जान बचाई। शुरुआत में वहां मौजूद लोगों ने फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तभी सिलिंडर में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट से कैफे की छत उड़ गई। छत और सामान के टुकड़े हवा में 40 फीट ऊपर तक उछल गए। 3 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। पूरी घटना पास गर्ल्स हॉस्टल में मौजूद छात्राओं ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर ली। इसराना थाना प्रभारी महिपाल ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से प्रारंभिक तौर पर आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है।


NBT

# CM आवास से पहले किसानों को रोका



■ **NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र में 10 किसान संगठनों ने तीन दिन का महापड़ाव शुरू किया। सोमवार सुबह किसान पहले ताऊ देवीलाल पार्क में जुटे और मार्च करते हुए CM आवास की ओर बढ़े, लेकिन मिंटल चौक पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। आगे जाने की अनुमति न मिलने पर सैकड़ों किसान वहीं सड़क पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों का कहना है कि अधिकारी वार्ता के लिए आते हैं तो ठीक, नहीं तो आंदोलन को तेज करेंगे। BKU (शहीद भगत सिंह) के प्रधान अमरजीत सिंह मोहड़ी ने आंदोलन को शांतिपूर्ण बताया। प्रमुख मांगों में ट्रेड डील रद्द करना, कृषि बिजली बिल माफी और फसल नुकसान का मुआवजा शामिल है।

# लापता छात्र की हत्या, शव मिला

■ **NBT न्यूज, रोहतक:** सोमवार सुबह अनाज रोड स्थित तालाब में एक युवक का शव मिला, जिसकी पहचान रोहतक के सिंहपुरा गांव निवासी BA फाइनल ईयर के छात्र विकास के रूप में हुई है। विकास की गला काटकर हत्या की गई है। पुलिस के अनुसार, विकास 21 फरवरी को अपने एक दोस्त के साथ मदीना गांव जाने की बात कहकर घर से कार लेकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने 22 फरवरी को बहुअकबरपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उसकी कार पहले ही भराण गांव में लावारिस हालत में बरामद की गई थी। गले और गर्दन पर तेजधार हथियार के कई वार मिले हैं। पुलिस का अनुमान है कि हत्या कहीं और कर शव तालाब में फेंका गया है।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष चंद्रमा और मंगल आपके वर्ष के स्वामी ग्रह हैं। फरवरी के शेष दिनों से लेकर मार्च के अंत तक का समय आपके लिए अत्यंत शुभ और अनुकूल रहेगा। कर्मठ, विद्वान और पुरुषार्थी व्यक्तियों को इस अवधि में विशेष सफलता मिलने के संकेत हैं। अप्रैल माह भी उपलब्धियों से भरा रहेगा। मई और जून में शिक्षा तथा व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ प्राप्त होगा। अपने पराक्रम, बुद्धिबल और निर्णय क्षमता के बल पर आप प्रतिष्ठा और प्रसिद्धि अर्जित करेंगे। अगस्त और सितंबर में लेखन कार्य, अध्ययन तथा स्वास्थ्य सुधार की ओर विशेष रुचि रहेगी। अक्टूबर से नवंबर के बीच महत्वपूर्ण और रचनात्मक कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होंगे। दिसंबर आर्थिक दृष्टि से अनुकूल रहेगा। जनवरी 2027 का समय विशेष रूप से महिलाओं के लिए दाम्पत्य जीवन में कुछ तनाव ला सकता है, इसलिए संयम और समझदारी आवश्यक होगी। फरवरी से मार्च मध्य तक आपका भौतिक और रचनात्मक पक्ष अधिक सुदृढ़ होगा। विद्यार्थियों के लिए यह वर्ष परिश्रम के बाद उल्लेखनीय सफलता दिलाने वाला सिद्ध होगा। नियमित रूप से 'श्री आदित्य हृदय स्तोत्र' का पाठ करना शुभ फलदायक रहेगा। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा


## कल का पंचांग (बुधवार, 25 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति फाल्गुन 6, शक संवत 1947, फाल्गुन शुक्ल नवमी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर फाल्गुन मास प्रविष्टे 14, रमजान 7, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 25 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, बसंत ऋतु। राहु काल मध्याह्न 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। नवमी तिथि अर्धरात्रोत्तर 2 बजकर 41 मिनट तक के बाद दशमी तिथि का आरंभ। रोहिणी नक्षत्र अपराह्न 1 बजकर 39 मिनट तक के बाद मृगशिरा नक्षत्र का आरंभ। विष्कुंभ योग अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 29 मिनट तक के बाद प्रीति योग का आरंभ। बालव करण अपराह्न 3 बजकर 47 मिनट तक के बाद तैतिल करण का आरंभ। आज के व्रत त्योहार होलाष्टक प्रारंभ, अन्नपूर्णा-अष्टमी, लक्ष्मी-सीताष्टमी है।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | 9 | 6 | 2 | |
| 5 | | | | | 7 | | | |
| 9 | | 2 | | 3 | | | | |
| | | 6 | 7 | 5 | | | 3 | |
| | 2 | 8 | | | | 5 | 1 | |
| | 3 | | | 4 | 8 | 2 | | |
| | | | | 2 | | 8 | | 4 |
| | | | 5 | | | | | 2 |
| | 4 | 7 | 8 | 9 | | | | |

## TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बद्दूध बुड़बक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैपी लकी |
| 11:30 अलादीन | 18:30 रुद्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण | 21:00 वीरा |
| 13:30 भ से भड़े | |


TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

।। चतुर्थ पुण्यतिथि ।।

लखमी चंद पिपिल
24.10.1961 – 24.02.2022
हम सब आपकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है
आपका स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, एवं मधुर स्मृतियाँ सदैव हमारे लिए प्रेरणादायक रहेंगी।
शोकाकुल परिवार
माता जी, पत्नी
पुत्र, पुत्र वधु,
एवं समस्त पिपिल परिवार

ग्यारहवीं पुण्यतिथि

स्व. श्री रामकिशन अग्रवाल
07.04.1947-24.02.2015
आपका आत्मविश्वास, आदर्श जीवन तथा उच्च विचार सदा हमारा एवं समाज का पथ प्रदर्शन करता रहा है। आज आपकी ग्यारहवीं पुण्य तिथि पर आपका समस्त परिवार आपके दिखाए उच्च आदर्शों के प्रति नतमस्तक है। आप सदा ही हमारी यादों में जीवित रहेंगे।
आपकी याद में: ओमवती अग्रवाल
मंजू – अनन्तराम अग्रवाल
ममता – प्रीतम अग्रवाल, वन्दना – कृष्ण अग्रवाल
अदिति – कुशल अग्रवाल, शिल्पा–राजीव गुप्ता, पूनम–कृष्ण गुप्ता
पूजा – अनिकेत तायल प्रथम, कौशल्य, अयान, अनाया, प्राची
Kushal Timber Pvt. Ltd., Kushal Veneer LLP
M: 9810366801, 9811699021 (Delhi-Gandhidham)

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

In Loving Memory of
Shri Shiv Dayal Agarwal
(22.01.1937 - 24.02.2019)
"What we have once enjoyed we can never lose; all that we love deeply becomes a part of us." The love you gave remains with us, guiding us always.
Saroj Agarwal (Wife), Ashwani Kunar Agarwal (Son), Anurag Agarwal (Son).

"And come he slow or come he fast, It is but Death who comes at last."
- Sir Walter Scott


TO BOOK AN OBITUARY & REMEMBRANCE AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088
PANKAJ : 81306 04727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019
▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.
To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".
The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP5 User: cci Time: 02-23-2026 22:13 Color:



# लक्ष्मी नगर का जाम खत्म करेगा ITO जैसा स्काईवॉक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**आईटीओ चौराहे** पर जाम खत्म करने के लिए जिस तरह से 523 मीटर लंबा स्काईवॉक बनाया गया है, उसी तर्ज पर PWD ने अब लक्ष्मी नगर टी-जंक्शन पर पैदल रोड पार करने वाले की सुरक्षा और जाम से राहत के लिए स्काईवॉक बनाने का प्लान बनाया है। स्काईवॉक की लंबाई करीब 400 मीटर हो सकती है। इसके निर्माण के लिए करीब 6 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाया गया है।

वहीं, विकास मार्ग को जाम फ्री करने के लिए विनोद नगर के पास गणेश चौक पर गोल चक्कर बनाया जा रहा है। इसके अलावा गीता कॉलोनी रोड, पटपड़गंज रोड और मदर डेयरी रोड की रीकारपेटिंग का भी प्लान है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 24-25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

> गीता कॉलोनी रोड, पटपड़गंज रोड और मदर डेयरी रोड की रीकारपेटिंग का भी प्लान

**मौजूद एफओबी सिर्फ मेट्रो से रोड क्रॉस करने के लिए:** दिल्ली विधानसभा में चीफ व्हिप और लक्ष्मी नगर के विधायक अभय वर्मा के अनुसार मेन मदर डेयरी मार्ग-विकास मार्ग टी-जंक्शन पर मेट्रो यात्रियों को रोड क्रॉस करने के लिए पहले से एक एफओबी बनाया गया है। लेकिन, एफओबी का इस्तेमाल सिर्फ मेट्रो में आने-जाने के लिए ही किया जा सकता है। पैदल रोड क्रॉस करने वालों के लिए यहां कोई एफओबी नहीं है। इसलिए प्लान बनाया गया है कि मेन मदर डेयरी मार्ग-विकास मार्ग टी-जंक्शन पर एक स्काईवॉक बनाया जाए। आईटीओ के जंक्शन पॉइंट पर जिस तरह से स्काईवॉक बनाया गया है, उसी तर्ज पर यहां स्काईवॉक बनाया जाएगा।

स्काईवॉक के निर्माण पर करीब 6 करोड़ रुपये खर्च का एस्टिमेट है। स्काईवॉक का एक विंग विकास मार्ग, दूसरा विंग मेन मदर डेयरी मार्ग रोड पर होगा। यह स्काईवॉक करीब 5 मीटर चौड़ा बनाई जाएगा और इसकी लंबाई करीब 400 मीटर हो सकती है। आईटीओ पर बने स्काईवॉक की कुल लंबाई करीब 523 मीटर है।



ITO का स्काईवॉक इसकी तर्ज पर बनेगा लक्ष्मी नगर टी-जंक्शन पर नया स्काईवॉक

## मेन मदर डेयरी रोड-पटपड़गंज टी-जंक्शन होगा सिग्नल फ्री

अभय वर्मा का कहना है कि लक्ष्मी नगर और विकास मार्ग से आने वाले ट्रैफिक के चलते विनोद नगर के पास स्थित मेन मदर डेयरी रोड-पटपड़गंज टी-जंक्शन (गणेश चौक) पर बॉटलनेक बन जाता है। जिसके चलते यह पूरा स्ट्रेच हमेशा जाम से जूझता है। समस्या के समाधान के लिए टी-जंक्शन पर लगे ट्रैफिक सिग्नल को हटा कर गोल चक्कर बनाया जा रहा है। यहां गोल चक्कर बनाने का काम शुरू भी हो चुका है। गोलचक्कर के निर्माण से गाड़ियों की मूवमेंट आसानी से होगी और जाम नहीं लगेगा। इसके अलावा गीता कॉलोनी, पटपड़गंज और विकास मार्ग इन तीन सड़कों की रीकारपेटिंग भी की जाएगी। रीकारपेटिंग का काम अगले कुछ दिनों में शुरू होगा। इसके बाद इस स्ट्रेच में जाम की समस्या लगभग खत्म हो जाएगी। सड़कों की रीकारपेटिंग पर करीब 18 करोड़ खर्च होंगे।

**400 मीटर** हो सकती है स्काईवॉक की लंबाई

**05 मीटर** होगी इस स्काईवॉक की चौड़ाई

**6 करोड़** का एस्टिमेट तैयार किया गया है

**523 मीटर** लंबा है आईटीओ का स्काईवॉक

**जाम खत्म** करने के लिए विनोद नगर के पास गणेश चौक पर गोल चक्कर बनाया जा रहा है




# आई थी रोटी मांगने, ले गई लाखों की जूलरी

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी

**गांव रसियावास** में छोटे बच्चे के साथ रोटी मांगने आई दो महिलाओं ने घर से लाखों की जूलरी व 10 हजार रुपये चुरा लिए। रसियावास में सोमवार को दो महिलाएं गोद में एक छोटे बच्चे के साथ गांव के रविश कुमार के घर पहुंची। घर पर उनकी पत्नी पूजा सोलंकी अकेली थीं। महिलाओं ने भूखे होने की बात कह देकर रोटी मांगी। पूजा को तरस आया तो वे पड़ोस के घर पर रोटी लेने चली गईं। लौटीं तो देखा महिलाएं वहां नहीं थीं और घर की अलमारी खुली पड़ी थी। अलमारी से जेवर व 10 हजार रुपये की नगदी गायब थी। पूजा के निकलते ही महिलाओं ने कमरे की अलमारियों को खंगाल गहने व नगदी चुरा ली। सूचना मिलते ही बावल थाना प्रभारी संजय कुमार मौके पर पहुंचे और मामला दर्ज कर महिलाओं की तलाश शुरू कर दी। पड़ोसी के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में दो महिलाएं एक बच्चे के साथ जाती दिखाई दे रही हैं।

# सोशल मीडिया पर लिखा-मिस यू ऑल, फिर लगा लिया फंदा

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी

**धारूहेड़ा की** एक कंपनी में काम करने वाले 19 साल के युवक ने सोशल मीडिया पर मिस यू ऑल लिख स्टोरी पोस्ट की और फिर फंदा लगा आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता अब तक नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार इटावा के गौतम धारूहेड़ा की एक कंपनी में काम करते थे। गांव मालपुरा में किराये पर रहते थे। रविवार रात वह शादी समारोह से कमरे पर लौटे थे, इस दौरान सोशल मीडिया पर मिस यू ऑल लिख स्टोरी पोस्ट की, इसके बाद फंदा लगाते हुए फोटो भी पोस्ट की और आत्महत्या ली। इटावा में रह रहे परिजनों ने जब देर रात उनकी पोस्ट देखी तो मामले का पता लगा। गौतम का रूममेट बहन की शादी के चलते गांव गया हुआ था। परिजन तुरंत धारूहेड़ा के लिए रवाना हुए। सोमवार सुबह वे धारूहेड़ा पहुंचे तो उन्होंने गौतम का कमरा अंदर से बंद पाया। खिड़की से झांक कर देखा तो शव पंखे से लटका हुआ था। धारूहेड़ा सेक्टर-6 थाना पुलिस को सूचना दी गई। खिड़की तोड़कर पुलिस ने कमरे में प्रवेश किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया कि गौतम कुछ दिनों से निराशाजनक स्टोरी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहा था। हालांकि अब तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग पाया है।






CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP6 User: devid.sharma@timesofindia.com Time: 02-23-2026 21:56 Color:




**Yamuna Expressway Industrial Development Authority**
First Floor, Commercial Complex, P-2, Sector Omega 1, Greater Noida, Uttar Pradesh 201308
Toll Free No. 18001808296, Website: www.yamunaexpresswayauthority.com

Reference Number: Yea/plng/457/2026 Dated: 23.02.2026

**Expression of Interest for Development of a Fintech Hub (Approx. 500 Acres) in Sector 11, near Noida International Airport in YEIDA Region, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh**

Detailed EOI document is available on the E-Procurement Portal of Government of UP [https://etender.up.nic.in/] from **25.02.2026**. The authority seeks Expression of Interest for Development of a Fintech Hub (Approx. 500 Acres) in Sector 11, near Noida International Airport in YEIDA.

Interested Applicants are required to submit their proposal online on the E- procurement website on or before **18.03.2026, 1700 hrs (IST)**. In case of any queries, the Bidders are invited to contact on the following email id: **skbhatiapcs@gmail.com**, **yeida.planning@gmail.com**

**GM, Planning**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग/कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीद–फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।


# 1100 से ज्यादा होली स्पेशल ट्रेन ट्रिप की मंज़ूरी

Abhishek.Gautam1
@timesofindia.com

File Photo



■ **नई दिल्ली:** होली पर घर जाने वालों की भीड़ को संभालने के लिए रेलवे ने कमर कस ली है। इस बार राजधानी समेत उत्तर भारत में यात्रियों के दबाव को देखते हुए अब तक 1100 से ज्यादा स्पेशल ट्रेन ट्रिप चलाने की मंजूरी मिल चुकी है। सूत्रों के मुताबिक होली तक 1200 से अधिक ट्रेन ट्रिप संचालित करने की योजना बनाई गई है। साथ ही भीड़ को कंट्रोल करने के लिए रेलवे ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से चलने वाली कई ट्रेनों के प्लैटफॉर्म में बदलाव किया है।

**200 से अधिक जवानों को दिल्ली में भीड़ कंट्रोल करने की ड्यूटी:** होली की वजह से सबसे ज्यादा भीड़ आनंद विहार और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर देखने को मिलती है। लिहाजा क्राउड मैनेजमेंट के लिए आरपीएफ ने भी तैयारी पूरी कर ली है। अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली से बाहर के स्टेशनों पर तैनात करीब 200 से अधिक जवानों को दिल्ली में भीड़ कंट्रोल करने की ड्यूटी दी जाएगी। वहीं, भीड़ का सबसे ज्यादा दबाव नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रहता है। ऐसे में यहां कई ट्रेनों के प्लैटफॉर्म अस्थायी रूप से बदले गए हैं, ताकि एक ही जगह भीड़ जमा न हो। यात्रियों से अपील है कि होली के मौके पर स्टेशन पर कुछ समय पहले ही पहुंचें। क्योंकि, एंट्री गेट से लेकर कई लेयर में यात्रियों की जांच होगी। साथ ही डॉग स्क्वॉड भी जांच के दौरान बैग की जांच करेंगे।

■ कई लेयर में होगी चेकिंग, क्राउड मैनेजमेंट के लिए अतिरिक्त फोर्स की तैनाती

**मुंबई, लखनऊ, बनारस, बिहार समेत कई राज्यों के लिए स्पेशल ट्रेन:** स्पेशल ट्रेनें 25 फरवरी से चलनी शुरू हो जाएंगी। मुंबई से लेकर लखनऊ, वडोदरा, काठगोदाम, पटना, सहरसा, हरिद्वार, शेखपुरा, कटिहार, गोरखपुर समेत कई कोनों में जाने के लिए होली स्पेशल ट्रेन की सूची बनाई गई है। यात्री रेलवे के वेबसाइट, सोशल मीडिया और 139 नंबर के जरिए अधिक जानकारी ले सकते हैं।

**नई दिल्ली स्टेशन पर ट्रेनों का बदला प्लैटफॉर्म**

- 12562 नई दिल्ली- जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस: 13 से 1
- 12561 जयनगर- नई दिल्ली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस: 12 से 7
- 12046 चंडीगढ़- नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस: 2 से 1
- 12260 बीकानेर- सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस: 13 से 9
- 12446 श्री माता वैष्णो देवी कटरा- नई दिल्ली उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस: 15 से 7


TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code


## बिजनेस

### RAW MATERIAL FOR SALE

**CARBON BLACK FROM EUROPE**
We can offer quality stocks at low prices on a monthly basis as below:
**CARBON BLACK N-220 100 MT**
Please contact
*Euro Exim Ltd*
Manchester (UK)
Email:exports@euroeximltd.co.uk
WA No. – 00447766463661

## टैंडर और नोटिस

### निविदाएं (टेंडर्स)

**Holiday Inn BY IHG GURGAON NH8**
**TENDER NOTICE**
Sealed tenders are invited from eligible vendors, manufacturers & wholesalers to supply the following items for a period of 1year commencing from 1st April 2026 to 31st March 2027 to Hotel Holiday Inn Gurgaon NH8.
**FOOD & BEVERAGE ITEMS:**
Vegetables & Fruits (Indian & Exotic), Frozen Veg & Non Veg, Meat & chicken, Fish & Seafood, cold cuts, Eggs, Groceries, Pulses, Tea Sachet, Spices, Dry Fruits, Cooking Oil, Maida, Atta, Sugar, Rice, Papad, Juice, Cheese Local & Imported, Imported Grocery, Namkeen, Bakery items, Ready to Eat products, Ice Cream etc.
**OTHER ITEMS:**
Kitchen and housekeeping supplies including garbage and LD bags, gel fuel, charcoal, cling film and aluminium foil, fragrance oils and air fresheners, disposable and packaging materials, Cleaning Tools, Uniform & Shoes, office and printing stationery, and flowers.
**OTHER SERVICES:**
Duct cleaning, gas burner cleaning, courier services, facade cleaning, marble polishing, horticulture, pest control, transportation, AV equipment rental, decoration Diesel & Water supplies, casual/manpower staff for security, housekeeping, and F&B operations.
Tender forms along with details of items each category can be collected from Purchase Dept. on payment of Rs.1000/- (Non-refundable) in the favor of **Holiday Inn Gurgaon NH8** from Monday to Saturday between 11:00 am to 6:00 pm. Sealed tenders must be addressed to **"The Tender Committee"** Holiday Inn Gurgaon NH8. **The last date of receipt of sealed tender is 10th March 2026 by 6:00 pm.**
**Only Vendor with valid FSSAI license need to apply for food items.**
**The Tender Committee reserves the right to accept /reject the tenders in full or in part without assigning any reasons whatsoever.**
**Oriental Structural Engineers Pvt. Ltd Holiday Inn Gurgaon NH-8, 39 Milestone, NH-8 Delhi, Jaipur Highway, Sector 36, Narsinghpur, Manesar, Gurugram, Haryana, 122004.**
**Contact No. 9266793809, T:+91 124 4978829**

## न्यायालय सूचना

**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT**
(Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
**IN THE COURT OF SH. RAJESH KUMAR GOEL, LD. DISTRICT JUDGE/COMMERCIAL COURT-02, CENTRAL DISTRICT, TIS HAZARI COURTS, DELHI**
**CS (COMM) NO-1064/2025**
**CANARA BANK** ....Plaintiff
**V/S**
**M/S VEEJAY TRADING CO.** ....Defendant
To,
**M/S VEEJAY TRADING CO.THROUGH ITS PROPRIETOR MR. MAN SINGH** AT: 2808, 1ST FLOOR, WARD IV, CHATTA SUFI, THAKUR BUILDING, GALI PEEPAL MAHADEV,CHAWRI BAZAR, HAUZ QAZI, DELHI-110006 **ALSO AT:** 2808, 2ND FLOOR, WARD IV, CHATTA SUFI, THAKUR BUILDING, GALI PEEPAL MAHADEV, CHAWRI BAZAR, HAUZ QAZI, DELHI-110006 **ALSO AT:** 3507, 3RD FLOOR, GALI BAJRANGBALI, CHAWRI BAZAR, NEW DELHI-110006
WHEREAS You are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **26.02.2026** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte. Given under my hand and the seal of the court, **this 17.02.2026.**
**Sd/-**
**District Judge**
**Commercial-02 (Central)**
**(SEAL) Tis Hazari Court, Delhi**

Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
In the Court of Sh. Sidharth Mathur, District Judge-01, North, Rohini Courts, Delhi
CS DJ-40/2026
NITIN GUPTA ......Plaintiff
Vs. NARESH GUPTA
......Defendants
To,
1. Sneha Gupta D/o Lt. Ram Krishan Gupta, W/o Lt. Suresh Gupta R/o 76, Harsh Vihar, Pitampura, Delhi
2. Smt. Sarita Aggarwal, D/o Lt. Ram Krishan Gupta, W/o Sh. Parveen Aggarwal R/o 92, Anand Lok, Delhi
3. Neha Goel D/o Lt. Surender Gupta, W/o Sh. Gaurav Goel R/o 78, Tool Sarai, Malviya Nagar, Delhi
Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 22-04-2026 at 10:00 am fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this 09-02-2026.
(Seal) District Judge -01 (North) Rohini Court, Delhi

## भर्ती

### भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

### अन्य रिक्तियां

### पार्ट टाइम जॉब

**WORK** as Leadership in MNC Noida F/Part time can earn 75kpm+pension. Pref, vrs/ retired PSU, tchrs, def, H'Wife # 7455881755 , 9625381254.

**OPPORTUNITY** in leading corporate for Retired/VRS/Fin. Distributor/ B'man/H'wife/ Accountant. Age 35-70. Salary+ Incentives WFH #9818207964

## व्यक्तिगत

### नाम परिवर्तन

I hitherto known as ALOK KUMAR S/O HARIOM PRASAD YADAVENDU residing at Flat No 102, Tower - A, Railway Officers Enclave , Near Hotel Leela Palace , New Motibagh , Chanakyapuri, New Delhi -110021 have changed my name and shall hereafter be known as ALOK KUMAR BHARGAVA

I, Rakshit Heera S/o Anil Kumar Heera R/o 50, GF Avtar Enclave, Paschim Vihar, ND-63 declare my father name has been wrongly written as Annil Heera in my 10th class. Actual name of my father is Anil Kumar Heera for all Purposes.

I, Chinky Nijhawan S/o Vijay Kumar, R/o 11/284 Top Floor, Block 11, Behind Happy English School, Geeta Colony, Delhi-110031, have changed my name to Chinky Nizahavan

I, Vimla Kumari Shukla, spouse of Vinod Kant Shukla resident of B-3 Tower-15 Type-3 Kidwainagar East, New Delhi-110023 have changed my name from Vimla Kumari Shukla to Vimla Shukla vide Affidavit dated 21-02-2026 at Delhi.

मैं, रेहाना बेगम पत्नी शेर मोहम्मद निवासी 215 सेक्टर-48 फरीदाबाद हरियाणा-121001 ने सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम बदलकर फिरदोस रख लिया है।

I Diksha Agarwal पुत्री Manish Agarwal निवासी बुध विहार, दिल्ली ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम Diksha Aggarwal से बदलकर Diksha Agarwal कर लिया है

मैं Manish Agarwal पुत्र Govind Ram Agarwal निवासी बुध विहार, दिल्ली ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम Manish Aggarwal से बदलकर Manish Agarwal कर लिया है

### खोया एवं पाया

I Naresh Kumar Bhatia POA holder of Amit Kumar Bhatia lost Allotment letter,possession letter/slip perpetual lease deed for plot no AM 141 Shalimar Bagh delhi 9810056270


**BOOK YOUR EDUCATION ADS**
For booking please contact
Amit : 9811790649

## HEALTH & WELLNESS

गुप्त रोगी मिलें घर बैठे इलाज पाएं
सेक्स रोगी
शुगर मोटापा
बचपन की गलतियां
बवासीर, सफेद दाग/सोरायसिस
आकाश दवाखाना समय 10 - 7 तक
एमलेक टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजादपुर दिल्ली
9953396533
8860003863

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स रिलेटेड इश्यू
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मैन रोहतक रोड, फुलेवाली गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

निःसंतान
शुक्राणुओं की कमी
धात, स्वप्नदोष, सेक्स पा. आदि गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
बदरपुर दरियागंज
भजनपुरा छतरपुर
82, CDR Chowk, Chhatarpur Delhi
9817469817

सैक्स समस्याएँ
मर्दाना कमजोरी
शीघ्र पतन
शुक्राणु की कमी
गुप्त रोगी मिलें:
नवीन क्लीनिक
9811564909
9210990444

**BOOK YOUR BUSINESS ADS**
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Aman Pasricha
9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

## business

LICENSED ENTITY
Estd. 1977
SYNDICATE FINANCE
www.syndicatefinance.in
**BUSINESS LOAN**
Against mortgage of immovable property
Long Term & Easy Instalment Facilities.
Pioneering a New Era of Smart Lending for Corporates & MSMEs
Scan For Details
(022) 6581 0001 / 3565 7754 / 3565 7941
E-mail : info@syndicatefinance.in
428, Rawal Bldg. No. 1, 1st Floor Lamington Road, Mumbai-400 004
Contact : 11 am to 5 pm

TIMES interact SPECIAL

**vivian conveyors, Pune**
CONTACT : 9822 66 3322 / 9011 66 3322
Email : momama@vivianindia.com Web : www.vivianconveyors.com
**SAVE LABOUR & TIME**



## BUSINESS CONNECT

future cities
CAPEX MUNICIPALIKA PWX
25, 26 & 27 FEBRUARY 2026
Hall - 5, Bharat Mandapam, New Delhi
INAUGURATION TOMORROW
India's Leading Exhibition and Conference on
Safe, Smart and Sustainable City Solutions • Innovative Building Design, Materials and Technologies • Public Works and Infrastructure
Join thousands of urban and housing policy makers, city leaders, urban utilities, engineers, architects, planners, innovators and solution providers shaping India's urban future. The only 360 degree platform where policy meets execution to create business opportunities !!
B2B and B2G Platform | Time: 10:00 am - 6:00 pm
www.municipalika.com | contact@fairfest.in
Scan the QR to register as an EXHIBITOR
*Municipalika is a B2B and B2G show, visitors below 15 years are not allowed. Right of Entry Reserved. Terms and Conditions Apply. municipalika.com/entry-tnc
FAIRFEST MEDIA LIMITED | Good Governance India Foundation | urban

## PROPERTY FOCUS

**OFFICE SPACE FOR RENT / SALE**
**IMMEDIATE POSSESSION**
In a Commercial Multi storey Building with total Built up area of approx 86,924 Sq. Ft. located above Belapur Railway Station, Navi Mumbai
A Min. area of 13,000 Sq. Ft. to Max. area of 86,924 Sq. Ft. available for Rent or Sale.
• Excellent Connectivity to Road & Railway Station.
• Prime CBD Location. • Ample Car Parking.
Ideally Suited for Banks, Financial Institutions, NBFCs, IT/ITES Companies, Co-working Spaces, Corporate Offices, MNCs, Consulting Firms, & other Established Commercial Enterprises.
Domus Homemaker LLP
8097203650 / 9004332626

## EVENTS AND EXHIBITIONS

YOU'RE INVITED | दिल्ली वालों, तैयार हो जाओ!
Book Your Pass
Karigar Bazaar
DELHI EDITION
20TH FEB –1ST MAR | 11am - 8pm
For The First Time Delhi's Biggest & Most Authentic Craft Experience Is Here
Discover a world where India's living craft traditions come alive with 200+ master artisans, including National Award winners, celebrated craftswomen & young craft entrepreneurs.
From handlooms, folk & tribal art, jewellery, home décor & sustainable crafts to live demonstrations, cultural evenings & authentic regional cuisines – experience Delhi's most thoughtfully curated celebration of Indian craftsmanship.
Where craft lives. Where heritage breathes.
Jawaharlal Nehru Stadium Gate No-13
Entry: ₹50 | Paid Parking | Mob: +91 87883 49554

**DELHI BARAT PACKAGE**
NOW GET 5 LINES FOR 4 SUNDAYS IN Rs. 7800/-
**Package Editions:**
The Times of India - Delhi, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, **Navbharat Times** - Delhi & NCR, **Economic Times** - Delhi, **Sandhya Times** - Delhi
For more information, contact **Amit Ghosh : 9811790649**
TIMES Soulmate

**BOOK YOUR PROPERTY ADS**
PLEASE CONTACT
SUNIL : 9999499496
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | PROPERTY | BUSINESS | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | TENDER, PUBLIC NOTICE | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.


| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| East Delhi + Noida | Sumit Negi | 98992 68321 |

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

# AI समिट में शर्ट उतारकर प्रदर्शन की 160 शिक्षाविदों ने की घोर निंदा

## कहा- कांग्रेस के प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख को पहुंची ठेस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

इंडिया AI इम्पैक्ट समिट के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के नेताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन को लेकर देश के 160 प्रमुख शिक्षाविदों ने कड़ी आपत्ति जताई है। शिक्षाविदों ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि यह सम्मेलन वैश्विक मंच पर भारत की तकनीकी दक्षता, रणनीतिक दूरदर्शिता और एआई के क्षेत्र में उसके नेतृत्व को प्रदर्शित करने का एक ऐतिहासिक मौका था। ऐसे समय में जब पूरी दुनिया की नजरें भारत के एआई इकोसिस्टम पर टिकी हैं, इस आयोजन में विरोध प्रदर्शन करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख को भी ठेस पहुंची है।

इस मसले पर देशभर की बड़ी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, पूर्व वाइस चांसलर, प्रफेसर और शिक्षा जगत से जुड़े अन्य लोगों ने संयुक्त बयान जारी किया है। शिक्षाविदों ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस नेताओं के इस कृत्य को किसी भी सूरत में लोकतांत्रिक विरोध का नाम देकर जायज नहीं ठहराया जा सकता है। यह भारत की वैश्विक छवि को धूमिल करने की साजिश थी। यह पूरा प्रकरण अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि हाल में हुए AI इम्पैक्ट समिट में भारत के सामर्थ्य की पूरी दुनिया ने जमकर सराहना की, जिससे यह साबित होता है कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की युवा प्रतिभाओं की सोच मानवता के लिए बहुत लाभदायक होगी।



File
इंडिया AI इम्पैक्ट समिट के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस ने किया था प्रदर्शन।

### AI सम्मेलन में प्रदर्शनः ग्वालियर से 3 और अरेस्ट, कुल 7 पकड़े गए


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : भारत मंडपम में आयोजित AI इम्पैक्ट समिट के दौरान हुए शर्टलेस प्रदर्शन मामले में दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से 3 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तारियों की संख्या 7 हो गई है। पुलिस के मुताबिक, ग्वालियर से जितेंद्र यादव, राजा गुर्जर और अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन्हें कोर्ट में पेश कर 3 दिन की पुलिस रिमांड ली है। इससे पहले 4 आरोपियों को प्रदर्शन के दिन ही गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने इंडियन यूथ कांग्रेस के उत्तर प्रदेश महासचिव रितिक उर्फ मोटी शुक्ला को ललितपुर से हिरासत में लेकर पूछताछ की है। साथ ही संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब से भी पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार शुरुआती जांच में सामने आया कि जितेंद्र यादव कथित साजिश का हिस्सा थे और प्रदर्शन के दौरान भारत मंडपम में मौजूद थे। रविवार देर रात करीब 1:30 बजे पुलिस की टीम ने ग्वालियर के सिटी सेंटर स्थित उनके घर पर दबिश देकर उन्हें हिरासत में लिया।

### BJP ने कहा- कांग्रेस के अपने ही उसके खिलाफ हो रहे है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : विश्व AI शिखर सम्मेलन के दौरान यूथ कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन के बाद कांग्रेस लगातार सवालों के घेरे में है और बीजेपी के नेता उसे लगातार घेर रहे हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि न केवल कांग्रेस के सहयोगी, बल्कि कांग्रेस के नेताओं ने भी इसकी आलोचना शुरू कर दी है। बीजेपी की यह प्रतिक्रिया कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मार्गरेट अल्वा की टिप्पणी के बाद आई है, जिन्होंने उन्होंने कहा है कि एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन में 'गरिमा, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना' होनी चाहिए। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पूरी दुनिया ने देखा कि विश्व AI शिखर सम्मेलन में जहां भारत की बुद्धिमत्ता, तकनीकी कुशलता और हमारी युवाशक्ति की श्रेष्ठता का एक बड़ा उच्च कोटि का प्रदर्शन हुआ, वहीं कांग्रेस का आचरण भी देखा गया। पूरा देश इस विषय को लेकर न केवल क्षुब्ध है, बल्कि आक्रोशित भी है।

## लखनऊ में डिमोलिशन के कारण SIR से कटे 91 नाम, SC ने दिया जांच का आदेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लखनऊ के जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया कि वे राज्य की राजधानी के अकबर नगर के 91 निवासियों की शिकायतों की जांच करें और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाएं। इन निवासियों को कथित रूप से सितंबर 2023 में उनके घरों के ध्वस्तीकरण (Demolition) के बाद उत्तर प्रदेश की विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से बाहर कर दिया गया था।



> याचिकाकर्ताओं को जिला निर्वाचन अधिकारी से राहत नहीं मिलती है तो वे इलाहाबाद HC की लखनऊ पीठ का रुख कर सकते हैं। - SC

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने शुरुआत में यह राय व्यक्त की कि याचिकाकर्ताओं के निवास से संबंधित विवादित तथ्यों का परीक्षण रिट याचिका में सीधे तौर पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा नहीं की जा सकती। हालांकि, पीठ ने सना परवीन और 90 अन्य द्वारा दायर याचिका पर ध्यान देते हुए लखनऊ के जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायतों की जांच कर उचित राहत प्रदान करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी स्वतंत्रता प्रदान की कि यदि याचिकाकर्ताओं को जिला निर्वाचन अधिकारी से राहत नहीं मिलती है तो वे इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ का रुख कर सकते हैं। याचिकाकर्ताओं ने आग्रह किया था कि उन्हें बूथ लेवल अधिकारियों (BLOs) को अपने नामांकन प्रपत्र जमा करने की अनुमति दी जाए, ताकि सितंबर 2023 के ध्वस्तीकरण अभियान के बाद स्थायी पते के अभाव के बावजूद उनका मतदान का अधिकार सुरक्षित रह सके।

## PM ने बंगाल के वोटर्स को लिखा पत्र

■ आईएएनएस, नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को पत्र लिखकर 'एबार भाजपा सरकार' का नारा देते हुए ममता बनर्जी को घेरा है। पीएम ने लिखा है कि सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर व्यक्ति दुखी है। पश्चिम बंगाल में माताएं-बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। पीएम लिखा है, 'जय मां काली...अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा। आने वाली पीढ़ी का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह आपके सोचे-समझे फैसले पर निर्भर करता है।'

**SANJAY GANDHI POST GRADUATE INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
RAEBARELI ROAD, LUCKNOW-226014 (U.P.), INDIA
TELEPHONE: 91-0522-2494000, 2495000, 2496000, 2494304, 2495554

**Recruitment Notice**

Offline Applications are invited by the Director, SGPGIMS, Lucknow, from eligible Officers of the Police Departments of Central/ State/ UT or Officers of the Armed Forces including Paramilitary Forces to fill the following Group B post on Deputation at SGPGIMS, Lucknow.

| Sl No | Name of the post | Level & Pay Matrix (as per 7th CPC) | No. of post | Essential Qualification and Experience |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Security Officer (On Deputation) | Level-10 (₹56100-177500) | 2 | Officers of the Police departments of Central/State/UT or officers of the Armed Forces including Paramilitary Forces holding analogues post in the level 10 of pay matrix (Pre-revised: PB-3 Rupees 15600-39100+ Grade Pay 5400) or with 03 years of regular service in the level 08 of pay matrix (Pre-revised PB-3 Rupees 9300-34800+ Grade Pay 4800) or above, preferably having experience connected with security, handling agitations, strikes of employees. |

- Deputation period- Two years or until the incumbent Assistant Security Officers become eligible for the post, whichever is earlier.
- Visit Institute's website www.sgpgims.org.in for detailed advertisement.

ADVT. No.: I/50/Rectt/2025-26 Dated: 24.02.2026 Director

## कलकत्ता हाई कोर्ट ने SIR पर CEO और अधिकारियों संग की बैठक

■ पीटीआई, कोलकाता : कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के CEO के अलावा वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ SIR कार्य को लेकर एक आंतरिक समन्वय बैठक की। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्य न्यायिक अधिकारियों को सौंपा गया है।

20 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने एक असाधारण निर्देश जारी करते हुए राज्य में विवादित SIR प्रक्रिया में चुनाव आयोग की सहायता के लिए कार्यरत और सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का आदेश दिया था।

thsti | BRIC
ब्रिक-ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान
(जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान और नवाचार परिषद का एक संस्थान, भारत सरकार)
एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर, तीसरा माइलस्टोन, फरीदाबाद-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे, पी.ओ. बॉक्स नंबर 04, फरीदाबाद - 121001


भर्ती सूचना सं. टीएचएस/आरएन/35/2025 और टीएचएस/आरएन/36/2025

टीएचएसटीआई अपने परियोजनाओं के तहत निम्नलिखित पदों को भरने का प्रस्ताव रखता है: 1. परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक - II (सिंथेटिक ऑर्गेनिक केमिस्ट) 2. परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक - I 3. परियोजना सहायक 4. वरिष्ठ तकनीकी सहायक

विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.thsti.res.in पर जाएं।

## 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दुनिया के देशों के साथ भारत के संसदीय संबंधों को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया है। यह कदम इस बात का संकेत है कि भारत की संसद विश्व की विभिन्न संसदों के साथ प्रत्यक्ष और नियमित संवाद बढ़ाना चाहती है, ताकि पारंपरिक राजनय के साथ-साथ संसदीय स्तर पर भी मजबूत संबंध बने रहें।


ओम बिरला

> पारंपरिक राजनय के साथ-साथ संसदीय स्तर पर भी मजबूत संबंध बनाए रखना मकसद।

इन मैत्री समूहों में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं। इन वरिष्ठ नेताओं में रवि शंकर प्रसाद, डॉ. एम. थंबीदुरई, पी. चिदंबरम, प्रो. राम गोपाल यादव, टी.आर. बालू, डॉ. काकोली घोष दस्तीदार, गौरव गोगोई, कनिमोझी करुणानिधि, मनीष तिवारी, डेरेक ओ'ब्रायन, अभिषेक बनर्जी, असदुद्दीन ओवैसी, अखिलेश यादव, के.सी. वेणुगोपाल, सुप्रिया सुले, डॉ. शशि थरूर, डॉ. निशिकांत दुबे, अनुराग सिंह ठाकुर, हेमा मालिनी, श्रीकांत एकनाथ शिंदे और प्रफुल्ल पटेल सहित कई अन्य नेता शामिल हैं।

## वंदे मातरम् के 150 साल: CISF कोस्टल साइक्लोथॉन पूरा


28 जनवरी को हुई थी शुरुआत।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : वंदे मातरम CISF कोस्टल साइक्लोथॉन-2026 रविवार को कोच्चि में एक समारोह के साथ संपन्न हो गई। यह 28 जनवरी को शुरू हुई थी। समापन समारोह में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार और सीआईएसएफ के डीजी प्रवीर रंजन समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

> समापन समारोह में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार उपस्थित रहे।

सीआईएसएफ के डीजी प्रवीर रंजन ने कहा कि साइक्लोथॉन के जरिए हम एक आत्मविश्वासी, जागरूक और प्रेरित तटीय भारत का उभरता स्वरूप देख रहे हैं। जब युवा लड़कियां वर्दी में महिलाओं को अग्रणी भूमिका निभाते हुए देखती हैं और विद्यार्थी हमारे जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साइकल चलाते हैं, तब सुरक्षा एक सपना और प्रेरणा बन जाती है।

SHIRT upto 60% off
TROUSER & JEANS
SALE
Spl. Range of Casual Shirts
Formal & Party Wear
MEN & WOMEN
By Economy Sales: 9212758425
ARROW | PARK AVENUE | ColorPlus | LOUIS PHILIPPE | Levi's
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110 067

फा.सं. E(143)A-12011/1/2022-Admn.II

**रिक्ति सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (एनआईएचएफडब्ल्यू) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित एक स्वायत्त / शीर्ष तकनीकी संस्थान है, जो शिक्षा एवं प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं मूल्यांकन, विशेष सेवाओं, परामर्श एवं सलाहकार सेवा के माध्यम से देश में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देता है। इस संस्थान को स्वास्थ्य सूचना विज्ञान केंद्र (सीएचआई) के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल (एनएचपी) के लिए देश में सभी गतिविधियों के समन्वय हेतु एनआईएचएफडब्ल्यू, भारत सरकार द्वारा नोडल एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल के पायलट प्रोजेक्ट के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर पद भरने का प्रस्ताव है।

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतन स्तर |
|---|---|---|---|
| 1. | अपर निदेशक (तकनीकी) | 1 | वेतन मैट्रिक्स में लेवल -13 |

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि एम्प्लॉयमेंट न्यूज में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से चार (04) सप्ताह होगी।

विवरण संस्थान की वेबसाइट: www.nihfw.ac.in पर उपलब्ध है।

निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), एनआईएचएफडब्ल्यू
CBC 17153/12/0013/2526

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल,
अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
DR. RAM MANOHAR LOHIA HOSPITAL,
ATAL BIHARI VAJPAYEE INSTITUTE
OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI-110001

सं. HA-II-11022/1/2023-HA-II Section-Dr. RMLH/594 16.02.2026

**सीनियर रेजिडेंट (नियमित आधार) के पद के लिए भर्ती सूचना**

चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और एबीवीआईएमएस, नई दिल्ली, भारतीय नागरिकों से वेबसाइट rmlh(dot)nic(dot)in पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र में **सीनियर रेजिडेंट (गैर-शैक्षणिक)** के पदों के लिए **नियमित आधार** पर आवेदन आमंत्रित करते हैं।

विस्तृत विज्ञापन, पदों की संख्या, पात्रता शर्तें, वेतन संरचना, आयु मानदंड, आवेदन पत्र और अन्य विवरण वेबसाइट www.rmlh.nic.in पर पूर्ण विज्ञापन में देखे जा सकते हैं। इस विज्ञापन के संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र/संशोधन आदेश केवल अस्पताल की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। उम्मीदवारों को इस उद्देश्य के लिए नियमित रूप से अस्पताल की वेबसाइट www.rmlh.nic.in पर जाने की सलाह दी जाती है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **10/03/2026 दोपहर 03:00 बजे** तक है।

प्रभारी अधिकारी
HA-II अनुभाग
CBC 17147/11/0011/2526

#ConmanVsCommonMan




© Bennett, Coleman & Company Ltd., All rights reserved

*अक्सर, एक पल की चूक एक वित्तीय दुर्घटना का कारण बन सकती है।*

**QR कोड केवल पैसे भेजने के लिए स्कैन किए जाते हैं, प्राप्त करने के लिए नहीं, और यदि कोई आपको धोखा देने की कोशिश करता है, तो बस कहें, "मैं मूर्ख नहीं हूँ"।**

सैफ़्टी UPI की, समझदारी आपकी।

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE
Easy. Safe. Instant.

Issued in public interest by
NPCI भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड की रिपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

tgthr/01/25/122



# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । मंगलवार, 24 फरवरी 2026




युद्ध इतना अन्यायपूर्ण और कुरूप है कि जो भी लड़ता है, उसे अपनी अंतरात्मा की आवाज को दबाना पड़ता है।

*- लियो टॉल्सटॉय*

## बिगड़ते हालात

ईरान और अमेरिका के बीच जिनेवा में इस गुरुवार से तीसरे दौर की वार्ता होनी है। सुलह की कोशिश जारी है, इसके बावजूद मध्य पूर्व के हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। यह आशंका जोर पकड़ रही है कि किसी समझौते पर पहुंचने से पहले ही अमेरिका का धैर्य जवाब दे सकता है और डॉनल्ड ट्रंप ईरान पर हमले का आदेश दे सकते हैं। तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास का अपने नागरिकों के लिए अर्जेंट एडवाइजरी जारी करना इसी अंदेशे का नतीजा है।

**हालात गंभीर ।** भारतीय दूतावास ने ईरान में मौजूद सभी भारतीयों से तुरंत निकल जाने की अपील की है। इस साल यह दूसरी बार है, जब इस तरह की एडवाइजरी जारी करनी पड़ी। जनवरी की शुरुआत में, जब ईरान में विरोध-प्रदर्शनों की वजह से हालात खराब थे और अमेरिका ने सैन्य हस्तक्षेप की धमकी दी थी, तब भी इसी तरह की एडवाइजरी आई थी। इस बार हालात ज्यादा गंभीर लग रहे हैं, क्योंकि अमेरिका और ईरान - दोनों तरफ से टकराव की तैयारी भी दिख रही है।



अमेरिका-ईरान तनाव

**भरोसे की कमी ।** अमेरिका ने बड़ी संख्या में फाइटर जेट, एयरक्राफ्ट कैरियर वगैरह इलाके में भेजे हैं, जबकि ईरान ने Strait of Hormuz में युद्ध अभ्यास किया है। बातचीत के दरम्यान इस तरह की तैयारी दिखाती है कि दोनों पक्षों को ही एक-दूसरे पर भरोसा नहीं है और यही बात सबसे खतरनाक है। तेहरान में ऐसी भावना है कि अमेरिका उस पर बेजा दबाव डाल रहा है, और यह बहुत हद तक सही भी है। ईरान ने रविवार को बताया कि बातचीत से सकारात्मक संकेत निकले हैं, पर वह किसी भी संभावित स्थिति के लिए तैयारी कर चुका है।

**ट्रंप का मकसद ।** यह 'संभावित स्थिति' जाहिर तौर पर टकराव है। ऐसा महसूस हो रहा है कि ट्रंप प्रशासन ने अपनी तरफ से ईरान के लिए एक नतीजा तय कर लिया है और अब वह किसी भी हालत में उसे पाना चाहता है। वॉशिंगटन से आ रहे बयानों में इसकी झलक दिखती है। वार्ता के केंद्र में भले परमाणु कार्यक्रम हो, पर ट्रंप का असल मकसद किसी से छिपा नहीं - ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई को सत्ता से हटाना। इस वजह से भी संघर्ष की आशंका बढ़ जाती है।

**आर्थिक खतरा भी ।** अगर टकराव हुआ तो परिणाम भयावह होंगे। पिछले साल जून में जब ईरान-इस्राइल संघर्ष में अमेरिका ने एंट्री मारी थी, तो पूरे इलाके पर खतरा मंडराने लगा था। एक ही दिन में क्रूड ऑयल के दाम में तीन साल की सबसे बड़ी तेजी दर्ज की गई थी। दुनिया नहीं चाहेगी कि बात फिर वहां तक पहुंचे।

### ऐवें कुछ भी

## बनावटी बुद्धि

चाचा नोएडा से हमारे यहां आए हुए हैं। आजकल कुत्ता उनका प्रिय पशु है। दिन रात सुबह शाम इसी की चर्चा। कुत्ते को कूकर कहते हैं, गांव की भाषा है। मुद्दा और कथ्य वही होता है, लेकिन अलग-अलग अंदाज में सुनने को मिलता है। मॉर्निंग वॉक से लौटे तो चालू हो गए, जे भई बात! हमने चीन को कूकर पकड़ लओ।



आलोक सिंह भदौरिया

हमें मुद्दा पता था इसलिए उकसाने पर भी नहीं बोले। लेकिन हमारे सपूत झांसे में आ गए। बोले, क्या बात कर रहे हैं दादा। हमारा कूकर तो मेड इन इंडिया है, चीन का नहीं है। फिर अपने समर्थन में अपनी मां को शामिल करते हुए बोले, मम्मा, मैं सही कह रहा हूं ना हम लोग किचन में कूकर यूज कर रहे हैं वो मेड इन इंडिया है ना?

चाचा यही तो चाहते थे, वो टॉक शो के ऐसे होस्ट हैं कि विवादित लाइन बोलकर सभी गेस्ट को उछलने पर मजबूर कर दें। मूंछों में मुस्कुराते हुए बोले, अरे नोएडा के मास्टरन ने चीन को कूकर पकड़ लओ, देश को नाम ऊंचो कर दओ। अब मुझ से नहीं रहा गया, मैं बोल पड़ा, क्या बात कर हैं चाचा, कोई पकड़ा-वकड़ा नहीं है। उसे खरीदा था चीन की कंपनी से। चाचा बोले, बात जे हो गई कि हमने ऐलान कर दओ कि जे हमारो है। मैं बोला, हां यह तो गलत बात हो गई न जो चीज आपने नहीं बनाई है उसे कैसे कह सकते हैं कि आपकी है? चाचा बोले, आपकी जे बाइक कहां की बनी है, जापान की ना, लेकिन आप तो उसे अपनी कहते हैं। अरे जिसने नोट दे के माल खरीदा माल उसका। इसमें गलत क्या? मैं बोला, चाचा, AI समिट में उसे अपना बताना कहां से सही है? चाचा बोले, AI मतलब बनावटी बुद्धि ना? मैं बोला, जी वही। AI को समझने का चाचा का अपना तरीका है। चाचा बोले, जब बुद्धि ही बनावटी है, असली नहीं है तो माल कैसे असली होगा? मैंने, सिर पकड़ लिया। इतने में इंजीनियर साहब ने एंट्री ले ली, उन्होंने कुत्ता शब्द लपक लिया, शुरू हो गए, अजी कुत्ता तो वकील साहब का था। वकील साहब उससे कहते कि जाओ इंजीनियर साहब को बुला लाओ तो घर में आकर हमारा पायजामा खींचने लगता था। क्या कुत्ता था। हमने सिर पकड़ लिया।



### बोल वचन

दिलीप लाल

## एकदम तर है तरी

भारतीय रसोई में 'तरी' शब्द का अर्थ सब्जी या मसालेदार झोल से होता है, जिसमें मुख्य व्यंजन डूबा रहता है। यह शब्द उत्तर भारत खासकर बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और मध्य भारत की बोलियों में प्रचलित है। बोलचाल में 'थोड़ी और तरी डाल दो' इस्तेमाल होता है। शब्द-उत्पत्ति की दृष्टि से 'तरी' का संबंध संस्कृत धातु तृ (तरण) से जोड़ा जा सकता है, जिसका अर्थ है 'पार करना' या 'तैरना'। तरल शब्द भी इसी मूल से निकला है। इसके निकट अर्थ वाले शब्द रस, शोरबा से मिलते हैं। बांग्ला में तरी का अर्थ नाव है। रवींद्रनाथ टैगोर की कविता 'सोनार तरी' है, जिसका अर्थ है- सोने की नाव। झारखंड के कुछ इलाकों में जलाशय के नजदीक वाले खेतों के लिए भी तरी शब्द का इस्तेमाल होता है। यहां फसलें पानी में तर रहती हैं, यानी डूबी रहती हैं। शायद इसलिए तरी शब्द का इस्तेमाल होता है। भोजपुरिया इलाके में भी यह लोकप्रिय है। शायद तले जाने के कारण इसका नाम तरुआ पड़ा है। अंग्रेजी में gravy, curry जैसे शब्द तरी के लिए इस्तेमाल हो सकते हैं।

AI Image



### रूस-यूक्रेन के बीच चार साल लंबी लड़ाई ने वैश्विक संतुलन बदला, कई ग़लतफ़हमियां हुईं दूर

# जंग की इस रात का सवेरा कब होगा



अमिताभ सिंह

रूस-यूक्रेन संघर्ष को चार साल पूरे हो गए। मॉस्को जिसे स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन कहता है, वह 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ था। तब दुनिया कह रही थी कि यह संघर्ष दो हफ्ते से अधिक नहीं चलेगा। लेकिन, आज 1460 दिन बाद भी यह जारी है। इससे पता चल गया कि शुरुआती अनुमान गलत थे। अभी यह भी नहीं लग रहा कि संघर्ष जल्द खत्म होने वाला है।

**हकीकत आई सामने ।** इस संघर्ष ने दोनों देशों की कई गलतफहमियों को उजागर किया। अजेय मानी जाने वाली रूसी सेना के प्रति धारणा खत्म हो गई। संघर्ष ने यूरोप की सुरक्षा व्यवस्था और वैश्विक शक्ति संतुलन को बदल दिया। अमेरिका-यूरोप के बीच भी ट्रांस अटलांटिक संबंधों में तनाव दिखे। कुल मिलाकर, यह संघर्ष अब सिर्फ दो देशों की लड़ाई नहीं रही, इसने दुनिया की राजनीति और सैन्य ताकत की हकीकत को नए तरीके से सामने ला दिया है।

**बड़ी संख्या में हताहत ।** संघर्ष में हताहत होने वालों की संख्या काफी ज्यादा है। सेंटर फॉर स्ट्रैटिजिक एंड इंटरनैशनल स्टडीज (CSIS) और ब्रिटिश साप्ताहिक जर्नल द इकॉनमिस्ट का अनुमान है कि इस संघर्ष में करीब 18 लाख लोग हताहत हुए हैं। इनमें 12 लाख रूसी सैनिक हैं। CSIS ने बताया कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद किसी भी शक्तिशाली देश को इतनी सैन्य क्षति नहीं हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले चार वर्षों में करीब 3.25 लाख रूसी सैनिकों की जान गई है। कुछ रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब 2 लाख यूक्रेनी सैनिकों ने भी जान गंवाई है। अगर ये आंकड़े सही हैं तो 1945 के बाद अमेरिका द्वारा लड़े गए सभी युद्धों में जान गंवाने वाले अमेरिकी सैनिकों से यह संख्या करीब तीन गुना अधिक है।



**भरोसे की कमी ।** रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता में सबसे बड़ी बाधा भरोसे की कमी है। रूस ने कह दिया है कि दोनेत्स्क और लुहान्स्क वाला डोनबास क्षेत्र का बड़ा हिस्सा जब तक उसे नहीं मिलेगा, वह युद्ध नहीं रोकेगा। इसके अलावा, खेरसोन और जापोरिजिया को भी मॉस्को अपना क्षेत्र मानने की मांग कर रहा है। उसने इन इलाकों को अपने संविधान में शामिल कर लिया है। रूस की मंशा है कि क्राइमिया को अन्य देश भी रूसी क्षेत्र मानें। रूस चाहता है कि यूक्रेन अपनी सेना घटाए, किसी भी सैन्य गठबंधन से दूर रहे और उसके क्षेत्र में विदेशी सैनिक न हों। लेकिन, यूक्रेन को रूस पर भरोसा नहीं। इसलिए वह पश्चिमी देशों, अमेरिका से सुरक्षा गारंटी चाहता है।

**अंतरराष्ट्रीय प्रभाव ।** पश्चिमी देशों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को चिंता है कि अगर जल्दबाजी में शांति समझौता होता है या यूक्रेन को अपने इलाके छोड़ने पड़ते हैं तो इससे वैश्विक नियम कमजोर होंगे और भविष्य में और हमले बढ़ सकते हैं। बड़े देशों के बदलते रुख ने हालात और मुश्किल कर दिए हैं। हालिया महीनों में अमेरिकी समर्थन कमजोर होता दिख रहा है। कई यूरोपीय देश भी पूरी तरह प्रतिबद्ध नहीं दिख रहे। उन्हें लग रहा है कि अमेरिका की गारंटी स्पष्ट नहीं है और यूरोप को अपनी सुरक्षा खुद करनी पड़ सकती है।

**कमजोर पड़ता यूक्रेन ।** कई इलाकों में संघर्ष जारी है। यूक्रेन के प्रतिरोध को कमजोर करने के लिए रूस नागरिक और सैन्य ठिकानों पर हमले बढ़ा रहा है। दूसरी ओर, पश्चिमी देशों से मिल रही सैन्य मदद कम होने से यूक्रेन की रक्षा क्षमता पर असर पड़ा है। इससे उसकी बातचीत की स्थिति भी कमजोर हुई है और युद्ध लंबा खिंच रहा है।

**समझौते की कोशिश ।** संघर्ष को खत्म करने के लिए रुक-रुक कर बातचीत रही है। अमेरिका की मध्यस्थता में अबू धाबी और जिनेवा में कई दौर की वार्ता हो चुकी है। इसी से शांति समझौते का रास्ता बनाने की कोशिश है। इस साल जनवरी में अबू धाबी में हुई बातचीत को अमेरिका और यूक्रेन के अधिकारी सकारात्मक बता रहे हैं। इसमें मुख्य राजनीतिक झगड़ों की बजाय तकनीकी मामलों में काम होने, जैसे सीजफायर निगरानी, कैदियों की अदला-बदली, सेना की दूरी बरकरार रखने वाली व्यवस्था और कुछ सैन्य समन्वय शामिल हैं।

**बड़ी सफलता नहीं ।** इस महीने जिनेवा में हुई बातचीत हर दिन सिर्फ दो घंटे ही हुई और उससे कोई भी बड़ी सफलता नहीं मिली, लेकिन दोनों पक्ष बैठक के लिए तैयार रहे। संघर्ष अब भी हवाई और जमीनी हमलों के साथ जारी है। मगर, जमीन पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा। उम्मीद है कि संघर्ष इस साल खत्म हो सकता है।

*(लेखक JNU के स्कूल ऑफ इंटरनैशनल स्टडीज में असोसिएट प्रफेसर हैं)*



**युद्ध का असर**

- रूस की अजेय छवि टूटी, पश्चिमी देशों को भी झटका
- अमेरिका और यूरोप के ट्रांस अटलांटिक संबंधों में तनाव
- शांति के लिए कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं

### कांटे की बात

राहुल गांधी ने मेरे परिवार से बात की और मुझे तसल्ली दी कि डरने की कोई जरूरत नहीं। राहुल जी ने कहा कि वह कोटद्वार आकर मुझसे मिलेंगे और मेरे जिम की मेंबरशिप लेंगे।

-दीपक कश्यप,
*(वकील अहमद का बचाव करते हुए दीपक कश्यप ने अपना नाम 'मोहम्मद' दीपक बताया था)*



### AI की दुनिया

## मशीन कमाएगी पैसा, इंसानों को देगी नौकरी

*टेक वर्ल्ड में ऑटोनॉमस AI सिस्टम चर्चा में है। यह सिस्टम खुद पैसा कमा सकता है, अपने को बेहतर बना सकता है और बिना इंसान की मंजूरी के अपना डुप्लीकेट मॉडल भी बना सकता है। इतना ही नहीं, काम के लिए यह इंसानों को भी नौकरी पर रखेगा।*




**• मशीन इकॉनमी**

**Sigil नाम** के एक डिवेलपर ने ऑटोनॉमस AI सिस्टम बनाने का दावा किया है। यह Conway इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करता है। Conway से AI एजेंट को डिजिटल वॉलेट, सर्वर एक्सेस, डोमेन रजिस्ट्रेशन और ऑनलाइन सेवाएं शुरू करने की सुविधा मिलती है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह मशीन इकॉनमी की शुरुआत हो सकती है।

**• सस्ते होंगे मॉडल**

**एक्सपर्ट इसे** Web 4.0 की दिशा में बड़ा कदम बता रहे हैं, जहां इंटरनेट पर AI एजेंट भी सक्रिय आर्थिक खिलाड़ी होंगे। Sigil ने एक ग्राफ दिखाया है, जो बताता है कि इंटरनेट पर स्वतंत्र AI एजेंट्स की संख्या कैसे बढ़ेगी। आज की तारीख में ये एजेंट्स हजारों में हैं, लेकिन 2028 तक इनकी संख्या इंसानों से भी ज्यादा हो जाएगी। यह भी दावा है कि जल्द ही AI मॉडल इतने सस्ते होंगे कि कोई भी इनको बना लेगा।

*प्रदीप तिवारी*

### जनता जंक्शन

इरफान




## ट्रॉफ़ी जीतनी है, तो स्ट्रेंथ पर करिए भरोसा

### कॉमन रूम



मनोज जोशी

**T20 विश्वकप** के सुपर 8 के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका से हार के बाद पैनिक करने का समय नहीं है। अब समाधान ढूंढने और कमजोरियों पर ध्यान देने की जरूरत है। बड़े बदलाव इस समय उल्टा असर दे सकते हैं, इसलिए टीम को अपनी ताकत पर भरोसा रख रणनीति बनानी चाहिए।

**उन्हें भी खतरा था ।** हमें खराब शुरुआत से नहीं उबर पाने की वजह तलाशनी होगी। साउथ अफ्रीका ऐसी स्थिति से पार पा गया था। इसकी एक वजह है कि हमारे बल्लेबाज धीमी गेंद के आगे घुटने टेक दिए, जबकि मिलर और ब्रेविस और फिर स्टब्स ने अपनी बल्लेबाजी में परिपक्वता दिखाई।

**SA की शानदार प्लानिंग ।** साउथ अफ्रीका ने भारत के हर बल्लेबाज के लिए अलग रणनीति अपनाई। लेफ्टी ओपनरों के खिलाफ पार्ट-टाइम स्पिनर का इस्तेमाल किया। अभिषेक को अलग-अलग गेंदबाजी और नक्कल बॉल से परेशान किया। सूर्यकुमार यादव को धीमी गेंदों पर फंसाया। लुंगी एनगिडी की ऑफसाइड फील्ड, मार्को येनसन की नक्कल बॉल और केशव महाराज की शॉर्ट खेलने वाली गेंदों ने भारतीय बल्लेबाजों को अनियंत्रित किया।



**हमारी प्लानिंग धराशाई ।** अब कहा जा रहा है कि उपकप्तान अक्षर पटेल को नहीं खिलाकर हमने भूल की। क्योंकि, इन्होंने ही पिछले T20 विश्वकप फाइनल में मुश्किल हालात में टीम को बल्ले से संभाला था। सवाल यह भी है कि वाशिंगटन सुंदर को तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए टीम में रखा गया था, तो उन्हें बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ क्यों नहीं खेलाया गया। बुमराह ने दो बाएं हाथ के बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया, लेकिन तीसरे लेफ्टी मिलर के सुंदर को चौका लगाने से कप्तान का भरोसा कम नहीं हुआ?

**ट्रम्प कार्ड नहीं चला ।** कप्तान ने वाशिंगटन सुंदर पर तब भी भरोसा नहीं किया, जब ट्रंप कार्ड माने जाने वाले वरुण चक्रवर्ती काम नहीं कर पा रहे थे। सुंदर ने मिलर और स्टब्स के सामने बिना कोई चौका दिए सिर्फ छह रन दिए थे, तब उन पर विश्वास नहीं जताया गया। वरुण चक्रवर्ती इस मैच में अपनी लाइन और लेंथ पर काबू नहीं रख पाए थे।

**आगे क्या होगा ।** टीम इंडिया का अगला मुकाबला जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज से है। ये टीमें साउथ अफ्रीका जितनी खतरनाक नहीं हैं, लेकिन जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर ताकत दिखाई है। सिकंदर रजा ऑफ और लेग स्पिन दोनों अच्छी तरह करते हैं और लेग स्पिनर ग्रेम क्रेमर अहम मौके पर विकेट ले सकते हैं। वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज बेहतरीन ऑफ स्पिनर हैं और गुडाकेश मोती की चाइनामैन गेंदबाजी खतरनाक हो सकती है। वेस्टइंडीज का मुकाबला ईडन गार्डन में होगा। जहां कुछ साल पहले इसने T20 विश्व कप का खिताबी मुकाबला जीता था।

*(लेखक वरिष्ठ खेल पत्रकार और टीवी कॉमेंटेटर हैं)*

## मौन का वह प्रयोग, जिसने शरीर को संगीत बनाया

शीतल वर्मा

23 फरवरी 2026, सुबह का ध्यान सत्र। यह सुबह केवल एक सामान्य शुरुआत नहीं, मेरी चेतना के एक नए अध्याय का उदय था। पिछले कुछ समय से मैं स्वयं को मौन के संगीत और शून्यता के साथ तालमेल बिठाने के लिए अनुशासित कर रहा था, लेकिन आज मन के किसी गहरे कोने से एक पुराने प्रयोग को दोहराने की पुकार आई। मैंने एनिग्मा (Enigma) का कालजयी ट्रैक 'The Child in Us' लूप पर लगाया और अपनी आंखें मूंद लीं। उस क्षण मुझे आभास नहीं था कि अगले 30 मिनट मुझे समय और स्थान की सीमाओं से पार किसी ऐसी यात्रा पर ले जाएंगे, जहां शब्द अपना अर्थ खो देते हैं और केवल स्पंदन शेष रह जाता है।

उस ध्यान के दौरान जो अद्भुत आनंद अनुभूत हुआ, उसे 'सुख' कहना उस अनुभव का अपमान होगा। वह तो एक गहरा, थमा हुआ 'परम आनंद' था, जिसने मेरे रोम-रोम को एक नई जीवंतता से भर दिया। हर लय के साथ मेरा अंतर्मन खिल रहा था और शरीर के भीतर ऐसी सकारात्मक ऊर्जा का तीव्र संचार हुआ, जैसे वर्षों से बुझा हुआ कोई दीया अचानक एक दिव्य लौ से जल उठा हो।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

ध्यान के उस गहरे उतार-चढ़ाव में तरंगों का स्तर इतना सूक्ष्म था कि मुझे भौतिक शरीर का बोध ही नहीं रहा। संगीत के इस बहाव में जैसे मेरे भीतर ज्ञान के बंद द्वार एक-एक करके खुलने लगे। वह बोध की ऐसी अवस्था थी, जिसमें तर्क की कोई जगह नहीं थी, बल्कि एक सहज स्पष्टता थी। मुझे लगा जैसे मेरे भीतर छिपा वह मासूम 'बच्चा', जिसे दुनिया की भीड़ ने कहीं दबा दिया था, अचानक जाग उठा है और पूरे अधिकार के साथ इस अनंत ब्रह्मांड से सीधे संवाद कर रहा है। उस क्षण में ब्रह्मांड की विशालता और मेरे भीतर की लघुता का भेद मिट गया। आज का यह प्रयोग न केवल सफल रहा, बल्कि इसने मुझे इस शाश्वत सत्य की याद दिलाई कि जब संगीत और ध्यान का मिलन होता है, तो वे केवल मानसिक शांति प्रदान नहीं करते, आत्मा का संपूर्ण शुद्धिकरण कर देते हैं। आज मैं केवल मौन का साक्षी नहीं था, आज मैं स्वयं वह संगीत बन गया था।

## कृषि क़ानूनों वाली तरकीब आज़माएगी कांग्रेस

हेमंत राजौरा

कांग्रेस ने भारत-अमेरिका के साथ अंतरिम ट्रेड डील को किसान विरोधी बताया है। इसके खिलाफ वह छह राज्यों में किसान सम्मेलन करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के नेताओं के साथ दिल्ली में मीटिंग कर इसकी योजना बनाई।



### किसान संगठनों से तालमेल

कांग्रेस का आरोप है कि ट्रेड डील में प्रधानमंत्री मोदी ने सरेंडर किया। राहुल गांधी इसे कपास, सोयाबीन, मक्का और फल-मेवा किसानों के लिए खतरा बता रहे हैं। पार्टी का दावा है कि आयात में छूट और खुला बाजार विदेशी प्रतिस्पर्धा बढ़ाएगा, कीमतें और किसानों की आय प्रभावित होगी। अमेरिका अपने किसानों को भारी सब्सिडी देता है, जबकि भारत में किसानों को इस तरह का फायदा सीमित ही मिलता है।

**विशुद्ध राजनीति**

कसौटी

कांग्रेस जिन छह राज्यों में किसान सम्मेलन करने जा रही है, वे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में सोयाबीन और कपास की खेती ज्यादा होती है। राजस्थान में कपास और सरसों उगाई जाती है। बिहार में मक्का और बागवानी प्रमुख है। हिमाचल प्रदेश के किसान फलों की खेती करते हैं, जबकि जम्मू-कश्मीर में सेब और सूखे मेवे वहां की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा हैं।

कांग्रेस 24 फरवरी को भोपाल, 7 मार्च को यवतमाल और 9 मार्च को श्रीगंगानगर में सम्मेलन करेगी। इन कार्यक्रमों में खरगे और राहुल शामिल होंगे। इससे पार्टी यह दिखाना चाहती है कि नेतृत्व इस अभियान को गंभीरता से ले रहा है। राहुल लगातार किसान नेताओं से मिल रहे हैं। कृषि कानून आंदोलन से साफ हुआ कि जब राजनीतिक दल और किसान संगठन साथ आते हैं तो मुद्दा राष्ट्रीय बन जाता है। हालांकि, विशेषज्ञ मानते हैं कि नेतृत्व किसानों के हाथ में रहना चाहिए।

कांग्रेस संसद में केंद्र सरकार पर दबाव डाल रही है। उसने अमेरिका के साथ ट्रेड डील की शर्तें सार्वजनिक करने को कहा है। अगर सरकार विवरण नहीं देती, तो कांग्रेस पारदर्शिता का मुद्दा उठाकर नैतिक बढ़त हासिल करना चाहती है।

### ऊर्जा का मुद्दा भी हावी

कांग्रेस कृषि के साथ ऊर्जा आयात का मुद्दा भी उठा रही है। पार्टी कह रही है कि फरवरी 2022 से जनवरी 2026 तक भारत ने रूस से करीब 168 अरब डॉलर का कच्चा तेल खरीदा। व्यापार समझौते से अगर ऊर्जा आयात के स्रोत बदलते हैं, तो इससे महंगाई बढ़ेगी। कांग्रेस की रणनीति में अवसर के साथ जोखिम भी है। ट्रेड डील के जटिल प्रावधानों और सरकार के आंकड़ों से उसकी चिंता कम लग सकती है। राज्यों में संगठन क्षमता अलग है, इसलिए सम्मेलन सफल बनाना चुनौती है।

आगामी चुनावों में कांग्रेस ग्रामीण मतदाताओं पर पकड़ मजबूत करना चाहती है। किसान मुद्दा भावनात्मक और व्यावहारिक दोनों स्तरों पर असरदार है। संसद और सड़क अभियान से पार्टी राष्ट्रीय नीति पर वैकल्पिक दृष्टि दिखाती है और जमीनी नेटवर्क सक्रिय करती है। यदि अभियान स्थानीय मांगों जैसे MSP, फसल बीमा और इनपुट लागत से जुड़ता है, तो ट्रेड डील विरोध व्यापक कृषि विमर्श बन सकता है। यह सिर्फ व्यापार समझौते का विरोध नहीं, बल्कि किसान राजनीति में पुनर्स्थापन का प्रयास है। नेतृत्व की सक्रियता, राज्य चयन और पारदर्शिता की मांग एक समन्वित रणनीति दिखाते हैं।

### रीडर्स मेल

## कैश भी चाहिए

**20 फरवरी** को नवभारत टाइम्स में पढ़ा कि भारत सरकार टोल पर कैश का लेनदेन पूरी तरह बंद करने की योजना बना रही है, लेकिन मेरा निवेदन और सुझाव है कि ऐसा नहीं करना चाहिए। कैश में भी टोल जमा करने की व्यवस्था रखनी चाहिए, क्योंकि हमारे देश में सभी टेक्नो फ्रेंडली नहीं हैं। सभी ऑनलाइन पेमेंट नहीं कर सकते। लोगों को ऐसा करने के लिए बाध्य भी नहीं करना चाहिए। उन पर मोबाइल और इंटरनेट रखने की अनिवार्यता नहीं थोपनी चाहिए। ऐसी अन्य बातों पर भी सरकार को गंभीरतापूर्वक चिंतन करना चाहिए।

**प्रो. वीरसागर जैन, नई दिल्ली**

**nbtedit@timesofindia.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

## HC से अनिल अंबानी को झटका

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने कारोबारी अनिल अंबानी को झटका दिया है। सोमवार को अदालत ने उस अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत अंबानी और उनकी कंपनी के खिलाफ तीन बैंकों और ऑडिटर बीडीओ इंडिया एलएलपी को कार्रवाई से रोका गया था। यह कार्रवाई भारतीय रिजर्व बैंक के सर्कुलर के आधार पर की गई थी।

**अंबानी को राहत देने वाले सिंगल जज के फैसले को किया रद्द**

पिछले साल कोर्ट के सिंगल जज ने बैंकों को अंबानी और उनकी कंपनियों के बैंक खातों को फ्रॉड घोषित करने जैसी कड़ी कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। हाई कोर्ट ने सिंगल जज के आदेश को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया। इस पर अंबानी के वकील ने फैसले पर चार सप्ताह की रोक का आग्रह किया, लेकिन बेंच ने इसे अस्वीकार कर दिया। बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीबीआई बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक और बीडीओ इंडिया एलएलपी ने सिंगल जज के फैसले के खिलाफ अपील की थी।

### केंद्र ने NEET PG की कटऑफ घटाने का किया बचाव, कहा- इससे योग्यता प्रभावित नहीं होगी

# नेगेटिव कटऑफ से असर तो जांच करेंगे: SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com


FILE

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इस बात की जांच करेगा कि NEET-PG 2025-26 के लिए क्वालिफाइंग पर्सेंटाइल में की गई भारी कमी का पोस्ट मेडिकल एजुकेशन के मानकों पर क्या प्रभाव पड़ता है? जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक आराधे की बेंच पर्सेंटाइल कट-ऑफ में कमी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने केंद्र के हलफनामे में दिए गए तर्कों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह निर्णय रिक्त सीटों को ध्यान में रखकर लिया गया था। उन्होंने कहा, NEET-PG का उद्देश्य न्यूनतम दक्षता प्रमाणित करना नहीं है, बल्कि सीमित सीटों के आवंटन के लिए आपसी मेरिट सूची तैयार करना है, क्योंकि कैंडिडेट पहले ही MBBS की डिग्री प्राप्त कर चुके होते हैं और योग्यता पहले ही डिग्री से स्थापित हो चुकी होती है। यह सीमित पीजी सीटों के आवंटन के लिए केवल एक फिल्टरिंग मैकेनिज्म है।

**कोर्ट ने कहा, शिक्षा की क्वॉलिटी पर असर सबसे बड़ी चिंता** : जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि हालांकि केंद्र का यह कहना उचित है कि NEET-PG, MBBS में प्रवेश जैसा नहीं है और अभ्यर्थी पहले से ही डॉक्टर होते हैं, फिर भी न्यायालय को कट-ऑफ में कमी के प्रभाव पर विचार करना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना हमारी सबसे बड़ी चिंता है। सबसे बढ़कर बात क्वालिटी की है। आपको हमें संतुष्ट करना होगा कि कट-ऑफ को इतनी अधिक मात्रा में घटाना, जो लगभग शून्य के बराबर और अस्तित्वहीन हो जाए। आगे की सुनवाई के लिए 24 मार्च की तारीख तय की।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### बचाव में सरकार के तर्क

केंद्र का कहना है कि नेगेटिव मार्किंग के कारण कुछ अभ्यर्थियों को कम, शून्य या यहां तक कि नेगेटिव मार्क्स भी मिल सकते हैं, और ये अंक सिर्फ सापेक्ष प्रदर्शन और परीक्षा की संरचना को दर्शाते हैं, न कि क्लिनिकल कंपिटेंस को। केंद्र ने यह भी कहा कि पात्रता पर्सेंटाइल में कमी कोई अभूतपूर्व कदम नहीं है। 2017 में NEET-PG की शुरुआत से ही उपयुक्त परिस्थितियों में सीटों की बर्बादी रोकने के लिए पर्सेंटाइल कम किया जाता रहा है। शैक्षणिक वर्ष 2023 में भी सभी श्रेणियों के लिए पात्रता पर्सेंटाइल शून्य तक कर दिया गया था। केंद्र ने कहा कि नीतिगत फैसलों की न्यायिक समीक्षा सीमित दायरे में होती है, जब तक कि वे स्पष्ट रूप से मनमाने, दुर्भावनापूर्ण या संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले न हों।

### 'सीटें खाली न रहें, इसलिए फैसला'

केंद्र ने कहा, बड़ी संख्या में सम्भावित रिक्त सीटों को देखते हुए कटऑफ कम करने का फैसला लिया। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहायक महानिदेशक (चिकित्सा शिक्षा) डॉ. प्रवीण कुमार दास ने कहा, 2025-26 के लिए लगभग 70,000 PG सीटें थीं और 2 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। अखिल भारतीय कोटा की 31,742 सीटों में से दूसरे राउंड के बाद 9,621 सीटें खाली रह गई थीं। 5,213 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में थीं।

## 'भूमि अधिग्रहण के केस 2018 से पहले के तो फिर नहीं खुलेंगे'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


FILE
NHAI कानून के तहत अधिग्रहण में ब्याज सहित मुआवजे का केस

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अहम सुनवाई के दौरान मौखिक तौर पर साफ किया कि नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) कानून के तहत जिन लोगों की जमीन अधिग्रहित हुई है, उनके 2018 से पहले के मामलों को किसानों को ब्याज सहित मुआवजा देने के लिए दोबारा नहीं खोला जा सकता।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच NHAI की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह याचिका 2019 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर की गई है। उस फैसले में अदालत ने कहा था कि किसानों को ब्याज सहित मुआवजा देने का आदेश पूर्वव्यापी यानी रेट्रोस्पेक्टिव तरीके से लागू होगा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि 2019 के फैसले से करीब 32,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, इसलिए इसे सिर्फ आगे के मामलों पर लागू किया जाए।

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि कट-ऑफ तारीख 2008 मानी जा सकती है, अगर उस समय दावे लंबित थे। 2018 से पहले बंद हो चुके मामलों को दोबारा नहीं खोला जाएगा। हालांकि, लंबित मामलों में अतिरिक्त मुआवजा मिल सकता है, लेकिन जमीन अधिग्रहण की तरह ब्याज नहीं।

**अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद तय:** अदालत ने पक्षकारों से लिखित दलीलें मांगी हैं और मामले की अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद तय की है। गौरतलब है कि 4 फरवरी 2025 को भी सुप्रीम कोर्ट ने NHAI की याचिका खारिज करते हुए 2019 के फैसले को पूर्वव्यापी रूप से लागू रखने की बात दोहराई थी।

## उत्तराखंड में शिक्षा निदेशक से मारपीट में 4 अरेस्ट, बनेगी SOP

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

**रायपुर थाना** पुलिस ने प्रारंभिक शिक्षा निदेशक कार्यालय में सरकारी कार्य में बाधा डालने, मारपीट और तोड़फोड़ के आरोप में हिस्ट्रीशीटर समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया, प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों और विडियो फुटेज के आधार पर हिस्ट्रीशीटर अरविंद पुंडीर उर्फ कल्ली समेत लक्ष्मण नवानी, राकेश थपलियाल और अक्षय राणा को गिरफ्तार किया है।

वहीं, इस मामले में मुख्यमंत्री धामी ने चिंता जताई और एसओपी बनाने के निर्देश दिए हैं।


**मेगा ई-नीलामी पूरे भारत में!**

₹ 83.84 करोड़ रुपये की 155 प्रॉपर्टीज़ के लिए आरक्षित मूल्य

27 फरवरी, 2026

प्रॉपर्टीज़ मौजूद हैं:
अहमदाबाद - 33 | बेंगलुरु - 25 | मुंबई - 26
चेन्नई - 11 | कोच्चि - 12 | हैदराबाद - 13

अधिक जानने के लिए स्कैन करें

टोल फ्री नंबर: 1800-209-4324/1800-22-1070
नॉन-टोल फ्री नंबर : 022-67719100
हमारी वेबसाइट पर जाएँ: www.idbi.bank.in

IDBI BANK
Bank Aisa Dost Jaisa



GMR
Delhi International Airport Limited
Registered Office: New Udaan Bhawan, Opp. Terminal 3, Indira Gandhi International Airport, New Delhi - 110 037
CIN NO. U63033DL2006PLC146936

**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**

Delhi International Airport Ltd. (DIAL) invites tender for **"OPERATION AND MAINTENANCE OF HVAC & PHE SYSTEMS AND COMPREHENSIVE MAINTENANCE OF FDP SYSTEM AT TERMINAL 3, IGI AIRPORT, NEW DELHI"**.

For details, the interested parties may download the Tender document free of charge from **www.newdelhiairport.in** between 24.02.26 to 03.03.26 and submit their bid on 12.03.26 as prescribed in Tender document.

DIAL/231/PRBM ASSOCIATES



**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं. T_24-25 Upgrade_toilet_RT दिनांक 21.02.2026

**शुद्धिपत्र**

निविदा सूचना सं० T_24-25 Upgrade_toilet_RT दिनांक 13.02.2026 हेतु शुद्धिपत्र

**अतिरिक्त सूचना**

1. प्री-बिड कॉन्फ्रेंस (तारीख: 27.02.2026 समय 11:00 बजे)। 2. बोली में भाग लेने हेतु अग्रिम सूचना ई-मेल के माध्यम से tender cellofcmir@gmail.com पर भेजी जाए। 3. प्री-बिड कॉन्फ्रेंस का लिंक है https://calender.app.google/6xHgVBF2rfRLvGrC9

नोट: अन्य सभी शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

34526 FA



**उत्तर रेलवे**

पहला शुद्धिपत्र

कार्य का नाम: "दिल्ली डिवीजन में स्थापित डीजी सेटों पर रेट्रोफिट उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों (आरईसीडी) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना।"


टेंडर नं: 56-SRDEE-G-DLI-2025-26

| | पहले प्रकाशित | | संशोधन |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | 56-SRDEE-G-DLI-2025-26 "दिल्ली डिवीजन में स्थापित डीजी सेटों पर रेट्रोफिट उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों (आरईसीडी) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना।" | | प्रशासनिक आधार पर रद्द कर दिया गया |
| निविदा की अनुमानित लागत | | रु0 29087919.00/- | |
| कार्यालय का पता | | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी उत्तर रेलवे, नई दिल्ली | |
| बयाना राशि | | रु0 295400.00/- | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | | 23.02.2026 16.00 बजे | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | | 23.02.2026 16.00 बजे | |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया www.ireps.gov.in पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें। टेंडर नं.: 56-SRDEE-G-DLI-2025-26 602/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## गुमशुदा की तलाश


दुर्गेश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका नाम: दुर्गेश पुत्र: बाबू राम पता: गली नंबर 65, बी–ब्लॉक, संत नगर, बुराड़ी, दिल्ली, लिंग: पुरुष, उम्र: 51 कद: 6', रंग: गेहुँआ, चेहरा: लम्बा, शरीर: मध्यम, पहचान चिन्ह: दाहिना हाथ पर ॐ का निशान पहनावा: काली जैकेट और आसमानी नीली शर्ट और नीली जींस और पैरों में काले जूते पहन रखे है दिनांक 20.02.2026 से गली नंबर 65, बी–ब्लॉक, संत नगर, वजीराबाद, दिल्ली थाना क्षेत्र बुराड़ी, दिल्ली, से लापता है।

इस बाबत **DD No. 123A दिनांक: 21.02.2026** थाना: वज़ीराबाद, दिल्ली में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता पुरुष के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता पुरुष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: वज़ीराबाद, दिल्ली
फोन नं. 011–23241210, 011–23276300

DP/2362/N/2026

## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम: अज्ञात, पुत्र: अज्ञात, निवासी: अज्ञात जोकि दिनांक 20.02.2026 को रात 1:53 बजे किमी पोल नंबर –04/08 से 04/09 तक, सबोली रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर, दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में **DD No. 19A, U/s: 194** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, **2023, Dated 24.10.2026** पुलिस थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। शव को टोकन नंबर 203/2026 के तहत पहचान के लिए सब्जी मंडी शवगृह में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है। नीचे मृत व्यक्ति का हुलिया दिया गया है :

नाम: अज्ञात, उम्र: लगभग 25–30 वर्ष, कद: 5'6", रंग: गेहुँआ, चेहरा: लंबा, शरीर: मध्यम, पहनावा: भूरे रंग की जैकेट और सफेद, नीले, काले रंग की टी–शर्ट और नीली जींस और पैरों में सफेद और काले रंग के जूते।

अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 8750871302, 9540090707

DP/2329/RLY/2026

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश


हर्षित, सोनाली

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम: सोनाली पत्नी: रोहित कुमार पता: मकान नं. 7561, गली नं. 4, रघुबरपुरा, नं. द्वितीय, गांधी नगर, दिल्ली जो दिनांक: 19.01.2026 को सुबह 11:00 बजे से अपने बेटे के साथ लापता/अपहृत है। इस बाबत **DD No. 62A Dt. 20.02.2026**, थाना: गांधी नगर, दिल्ली में दर्ज है। इनका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार से है।

उम्र: 24 साल, कद: 5', चेहरा: लम्बा, शरीर: मध्यम, रंग: गोरा, पहनावा: परपल रंग का सूट, काले रंग के सैंडल पहने हुए है।

पुत्र का नाम: हर्षित, उम्र: 02 साल, कद: 2'5'', चेहरा: गोल, शरीर: मध्यम, रंग: गोरा, पहनावा: फिरोजी रंग का स्वैटर व पैंट पहने हुए है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता महिला एंव उसके बच्चे के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता महिला एंव उसके बच्चे के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोन: 011-24368638, 24368641
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639

थानाध्यक्ष
थाना: गांधी नगर, दिल्ली
फोन: 8959895116, 7053446812

DP/2303/SHD/2026

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **अमित, पुत्र: चतर सिंह, निवासी: आरजेडक्यू–10, निहाल विहार, दिल्ली जोकि दिनांक 11.02.2026 को रात 12:30 बजे से अपने घर से, गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 120A, Dated 15.02.2026,** पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:

**नाम: अमित, उम्र: 41 साल, कद: 5'7", रंग: सांवला, चेहरा: लम्बा, शरीर: मध्यम, पहनावा: गहरे नीले रंग का ट्रैक सूट, (मानसिक रूप से कमजोर)।**

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी **निहाल विहार**, दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011–24368638/24368641, फैक्स: 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली
फोन: 011-25946710, 7065036129

DP/2316/OD/2026

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **जिया**, पुत्री: संजीत, निवासी: ए–10, अमृत नगर, कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली जोकि दिनांक 19.02.2026 को शाम 5:00 बजे से अपने घर से गुमशुदा/अपहृत है। इस सन्दर्भ में **FIR No. 48/2026, Dated 20.02.2026, U/s:137(2)** भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा/अपहृत लड़की की पहचान दी गई है

नाम: जिया, उम्र: 13 साल, कद: 4', रंग: गोरा, चेहरा: गोल, शरीर: पतला, पहनावा: नीले रंग की जैकेट और काले रंग की लेगिंग।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी **कोटला मुबारकपुर**, नई दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011–24368638/24368641, फैक्स: 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली
फोन: 011-24620106, 8750870828

DP/2343/SD/2026

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **कामिनी कुमारी**, पुत्री: राम कृत राम, निवासी: 6487, पूने वाली गली, राम कुमार होटल के पास, नबी करीम, दिल्ली जोकि दिनांक 16.02.2026 को अपने घर से गुमशुदा/अपहृत है। इस सन्दर्भ में **FIR No. 101/2026, Dated 20.02.2026, U/s:137(2)** भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना नबी करीम, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा/अपहृत लड़की की पहचान दी गई है

नाम: कामिनी कुमारी, उम्र: 16 साल, कद: 5'1", रंग: गोरा, चेहरा: अंडाकार, पहनावा: ग्रे रंग का सूट, भूरे रंग का प्लाजो और गुलाबी रंग की शॉल और पैरों में काले रंग की चप्पल।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी **नबी करीम**, दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011–24368638/24368641, फैक्स: 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना नबी करीम, दिल्ली
फोन: 8750870428, 8505897038

DP/2323/CD/2026


**BSES**
**BSES Rajdhani Power Limited**
Regd. Off.: BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi-110019
Website: www.bsesdelhi.com

# PUBLIC NOTICE

**The general public is hereby put on notice that Appeal (DFR) No. 503 of 2025 has been filed by BSES Rajdhani Power Ltd. before the Hon'ble Appellate Tribunal for Electricity ("Hon'ble Tribunal")against Ld. DERC'sTrue-up Order dated 25.10.2025 related to the "True-up of expenses of BRPL for FY 2021-22 passed in Petition No. 71 of 2022". Notice was issued in the said appeal by the Hon'ble Tribunal on 27.01.2026.**

1. BSES Rajdhani Power Ltd. ("BRPL")filed Appeal (DFR) No. 503of 2025 before the Hon'ble Tribunal challenging the True-up Order dated 25.10.2025 passed by Ld. Delhi Electricity Regulatory Commission ("Ld. DERC")in Petition No. 71 of 2022with respect to sixty-three (63) specific findings and observations. Notice was issued inthe Appeal on 27.01.2026and the Hon'ble Tribunal by Order dated 27.01.2026 permittedBRPL to publish a Public Notice to inform the general public regarding thefiling of the Appeal as also to invite objections and responses (if any) to the Appeal. The Appeal is next listed for hearing on 26.02.2026.
2. The findings of Ld. DERC have been challenged on the following issues:-

| S. NO. | PARTICULARS OF THE ISSUE |
|---|---|
| | **A. Issues Pending Implementation** |
| 1. | Disallowance of related party trading margin for FY 2011-12 to FY 2013-14 |
| 2. | Disallowance of power purchase cost on account of excessive trading at UI above contingency limit for FY 2015-16 and FY 2016-17 |
| 3. | RPO penalty for FY 2020-21 and FY 2021-22 |
| 4. | Consideration of normative rebate upto FY 2020-21 and for FY 2021-22 |
| 5. | Non-consideration of actual units reversed on account of own consumption for FY 2010-11 to FY 2014-2015 |
| 6. | Partial implementation of APTEL Judgment Re. Revision of AT&C loss for the second control period |
| 7. | Erroneous computation of depreciation for the first 11 months of FY 2007-08 |
| 8. | Capping of equity at 30% and re-opening the statutory transfer scheme |
| 9. | Erroneous computation of net-worth from FY 2002-03 to FY 2011-12 |
| 10. | Rate of return on equity considered 14% instead of 16% while allowing carrying cost for FY 2007-08 to 2011-12 |
| 11. | Deferment of capitalisation based on the electrical inspector certificate |
| 12. | True-up of interest rates of loans for FY 2007-08 to FY 2011-12 (first myt) |
| 13. | Disallowance of capital expenditure pertaining to reliance energy |
| 14. | Repayment of loans not considered while computing WACC from FY 2007-08 to FY 2020-21 and FY 2021-22. |
| 15. | Increase in employee expenses corresponding to increase in consumer base for FY 2007-08 to FY 2011-12 |
| 16. | Non-revision of o&m expenses from FY 2008-09 to FY 2011-12 not revised in line with FY 2007-08 |
| 17. | Disallowance of cost of auditor certificates on actuals for FY 2012-13 to FY 2016-17 |
| 18. | R&M and A&G expenses for FY 2004-2005 |
| 19. | Incorrect revision of R&M expenses by revising "K" factor for the 2nd control period |
| 20. | Erroneous consideration of income from street- light maintenance business as non-tariff income from FY 2007-08 up to FY 2020-21 and for FY 2021-22. |
| 21. | Erroneous inclusion of collection charges on electricity duty in NTI up to FY 2020-21 and FY 2021-22. |
| 22. | Syndication fee / bank charges for 1st control period and for FY 2021-22 |
| 23. | Directive on adjustment in billing by more than 1% and its consequential relief for FY 2017-18 and FY 2018-19. |
| 24. | Incorrect computation of revenue billed on account of own consumption for FY 2010-11 to FY 2011-12 and FY 2013-14 to FY 2014-15. |
| 25. | Error in Computing Carrying Cost (Carrying Cost as a Component of ARR) for FY 2014-15 up to FY 2020-21 and for FY 2021-22. |
| 26. | Incorrect consideration of consumer contribution amount capitalized for FY 2007-08. |
| 27. | Income tax not allowed for past period i.e. FY 2007-2008 to FY 2020-21. |
| | **B. New Issues** |
| 28. | Non-furnishing of auditor report |
| 29. | Wrongful adjustment of revenue from 8% surcharge against revenue gap for FY 2021-22 |
| | **C. Revenue and Power Purchase** |
| 30. | Erroneous computation of incentive on distribution losses by considering net per unit PPC instead of gross per unit PPC for FY 2021-22 |
| 31. | Erroneous computaton of input from net-metering of solar power |
| 32. | Inadvertent computation error in considering power purchase cost for FY 2019-20 (error in UI) and 2021-22. |
| 33. | Erroneous disallowance of sustained deviation charges for FY 2021-22. |
| 34. | Non -correction of errors (in roce) up to FY 2021-22 |
| 35. | Erroneous methodology for banking transactions for FY 2020-21 & 2021-2022 |
| 36. | Disallowance of incentive on sale of surplus power for FY 2020-21 & 2021-2022 |

| S. NO. | PARTICULARS OF THE ISSUE |
|---|---|
| | **D. Capex** |
| 37. | No physical verification of assets concluded for FY 2016-17 and from FY 2018-19 to FY 2021-2022 |
| 38. | Income tax not allowed for FY 2021-2022 |
| 39. | Erroneous treatment of interest on income tax refund and income tax refund for FY 2019-20. |
| 40. | Issue No. 40: retirement of assets and sale of scrap<br>Issue no. 40A: Loss on account of retirement of asset for FY 2017-18 to FY 2020-21<br>Issue No. 40B: Loss due to retirement of assets for FY 2021-22<br>Issue No. 40C: Income from sale of scrap treated as non-tariff income upto FY 2022<br>Issue No. 40D: Gain on retirement of assets for FY 2021-22 |
| 41. | Non-considering of consumer contribution toward retired/re-capitalized assets and consequential relief for FY 2021-2022 |
| 42. | Erroneous computation of equity and debt ratio |
| 43. | Incorrect truing up of working capital interest rates for FY 17-18 till FY 2019-20 |
| 44. | Incorrect truing up of carrying cost rates for FY 17-18 to FY 19-20 |
| 45. | Incorrect truing up of carrying cost rates for FY 2021-22 |
| 46. | Non-consideration of carrying cost as a component of ARR for computation of working capital |
| | **E. O&M** |
| 47. | A. O&m expenses for FY 2019-20 allowed contrary to regulations<br>B. Additional o&m expenses for FY- 2019-20 |
| 48. | O&M expenses for FY 2018-19 |
| 49. | Maintaining consistency in approach and applicability of the judgment dated 06.08.2025 of the hon'ble supreme court in W.P. (C) No. 104 of 2014 and connected matters and the hon'ble tribunal's order dated 02.12.2025 in OP No. 1 of 2025; while determining arr in the present true-up petition as afforded to liquidation of the regulatory asset. |
| 50. | Covid expenses for FY 2021-22 |
| 51. | Impact of incremental GST expenses |
| 52. | Disallowance of incremental impact of SMS charges incurred by the appellant for FY 2021-22. |
| 53. | DERC has failed to consider the office equipment/furniture etc as an additional a&g expense despite its finding in true-up order dated 19.07.2024. |
| 54. | Legal expenses |
| | **F. Non-Tariff Income (NTI)** |
| 55. | Double accounting of bad debts recovered in revenue collection and in NTI<br>& bad debts written off not considered while computing collection efficiency for FY 2021-22 |
| 56. | Erroneously considered notional interest earned on advance from consumers as part of NTI for FY 2020-21 & FY 2021-22 |
| 57. | Erroneous classification of compensatory interest of NTPC as NTI |
| 58. | Disallowance of interest on inter-company loans for FY 2021-22 by considering it as non-tariff income |
| | **G. Other Issues** |
| 59. | Non-revision of distribution loss targets for the control period FY 2020-2021 to FY 2022-23 due to impact of covid 19 pandemic |
| 60. | Erroneous treatment of collection efficiency for FY 2019-20 and FY 2020-21. |
| 61. | Non-consideration of demand side management expenses |
| 62. | A. Non-allowance of impact of 7th pay commission during true-up for FY 2021-22<br>B. Disallowance of provisions on account of 7th pay commission in capitalization for FY 2017-18 to FY 2020-21. |
| 63. | Accumulation of RA more than 3% of arr without any roadmap or liquidation of RA |

***Note: Details of each of the above issues are as given in the Memorandum of the Appeal.***

3. Copies of the Appeal Paper Books can be obtained from the office of the Counsel for BRPL i.e., Mr. Aditya Vikram Jalan, having office(s) at: AZB & Partners, 9th Floor, Hansalaya Building, Barakhamba Rd, New Delhi (110001) [Phone No.: + 91-8097015562 / +91-7066659650].The same has also been uploaded on the website of BRPL and can be downloaded from the following link: **https://www.bsesdelhi.com/web/brpl/public-notice-for-appeal.** Further, in case of any difficulty or issues encountered while downloading the appeal paper book, assistance may be sought from BRPL through the following email based **helpdesk: brpl.support@reliancegroupindia.com**
4. Anyone who intends to file Objections/Response to the Appeal may file three (3)copies of the same atthe Registry, Appellate Tribunal for Electricity, 7thFloor, Core IV, SCOPE Complex, Lodhi Road,New Delhi – 110003 and comply with all the provisions of 'TheAppellate Tribunal for Electricity (Procedure, Form, Fee and Record of Proceedings) Rules, 2007',withinfour (4) weeks of the publication of this notice along with Proof of Service on BRPL addressed to 'Mr. Aditya Vikram Jalan, having office(s) at: AZB & Partners, 9th Floor, Hansalaya Building, Barakhamba Rd, New Delhi (110001) [Phone No.: + 91-8097015562 / +91-7066659650]'. The above submissions should be supported by an affidavit in thenotified format and should carry the full name, postal address and e-mail address, if any, of thesender. Should the objector(s) wish to be heard in person, he / she must appear before the Hon'bleTribunal on 26.02.2026 or such other date thereafter as may be directed / fixed by the Hon'ble Tribunal, for which no separate notice shall be issued.

**For BSES Rajdhani Power Limited**
Head (Regulatory Affairs)

Regd. Off. : BSES Rajdhani Power Limited, BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi-110019 | Corporate Identification No.: U40109DL2001PLC111527
Telephone No. : 19123 (Toll-free) | Fax No. : +91 11 39999890 | Website : www.bsesdelhi.com

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in